राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा





स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254



@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ,मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024

वर्ष 06, अंक 34,पृष्ट 12,मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com



झोलाछाप डॉक्टर व अवैध मेडिकल स्टोर की भरमार....06

बिना मानक के संचालित हो रहे नर्सिंग होम....12


# पुलिस हिरासत में मौतों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा

**● कस्टोडियन डेथ में यूपी पहले स्थान पर।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में पुलिस हिरासत में होने वाली मौतों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। कस्टोडियल डेथ के मामले में यूपी पहले स्थान पर है। आखिर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की पुलिस ऐसा क्या कर रही है जिससे लोग हिरासत में ही दम तोड़ दे रहे हैं? इन मौतों का ज़िम्मेदार कौन है? हिरासत में हो रही हत्याओं पर किसी जिम्मेदार की जुबान क्यों नहीं खुलती? ऐसे सभी सवालों पर सरकार की चुप्पी कब टूटेगी? राजधानी लखनऊ की चिनहट पुलिस ने शुक्रवार रात दो सगे भाइयों को हिरासत में लिया। अगली सुबह तक पुलिस हिरासत में ही एक भाई की मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने उनके बेटे की हत्या कर दी।, दो सप्ताह में हिरासत में मौत की यह दूसरी घटना है।

दिल दहलाने वाली यहां पुलिस कस्टडी में एक युवक मोहित पाण्डे की मौत हो जाने से हंगामा मच गया। मृतक के परिवार का आरोप है कि पुलिस वालों ने पीट-पीटकर उनके बेटे को मौत के घाट उतार दिया।. सुबह इलाज के दौरान युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात मोहित और उसके भाई शोभाराम में विवाद हुआ था. बात मारपीट तक पहुंच गई थी. मामले को लेकर पुलिस ने शांति भंग करने का आरोप लगाते हुए मोहित और शोभाराम को हिरासत में लिया था। आरोप है कि उन्हें थाने लाकर मारपीट की गई।

हिरासत में मौत के बाद लखनऊ के चिनहट पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर (SHO) और अन्य के खिलाफ हत्या और आपराधिक साजिश के आरोप में स्त्रढ्ढक्रदर्ज की गई है। वहीं, इस मुद्दे पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और बसपा सुप्रीमो मायावती ने योगी सरकार पर निशाना साधा है। इसके पहले 13 अक्तूबर को लखनऊ में जुआ खेलने के आरोप में हिरासत में लिए गए एक दलित युवक की संदिग्ध मौत पर 4 पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था । सांसद चंद्रशेखर और समाजवादी पार्टी के सांसद आरके चौधरी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और मुआवजा तथा सख्त कार्रवाई की मांग की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण दिल का दौरा पाया गया।

एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद और समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद आरके चौधरी ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने 11 अक्टूबर को विकास नगर थाना क्षेत्र के आंबेडकर पार्क चौराहे पर छापा मारकर जुआ खेलने के आरोप में पकड़ा था।

आदेश नाम के शख्स से मोहित का बहुत छोटा सा विवाद हुआ था, आरोप है कि आदेश के चाचा स्थानीय नेता हैं, इसलिए पुलिस ने दबाव में मोहित को हिरासत में ले लिया। मोहित से मिलने जब उसका भाई शोभाराम थाने पहुंचा तो उसे भी हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मोहित को रात 11 बजे उठाया, लेकिन उठाने का समय रात के डेढ़ बजे लिखा। 11 बजे से डेढ़ बजे के बीच मोहित के साथ क्या हुआ, मालूम नहीं?रात डेढ़ बजे जानकारी सामने आई कि उसकी तबीयत खराब हो गई थी, इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई, अब पुलिस की हिरासत में हुई इस मौत पर हंगामा मचा हुआ है।

यूपी पुलिस का स्लोगन है- सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा... लेकिन मालूम नहीं ये कैसी सुरक्षा है और कैसा संकल्प है कि हिरासत में आदमी की मौत हो जाती है।यूपी पुलिस के माथे पर ये दाग पहली बार नहीं लगा है और जिस तरह के हालात हैं, वैसे लगता नहीं कि आखिरी बार है।

यूपी पुलिस की कस्टडी में साल 2018 से 2019 के बीच 12 लोगों की मौत पुलिस हिरासत में हुई थी।2019 से 2020 के बीच 3 लोगों की जान पुलिस हिरासत में गई।2020 से 2021 के बीच 8 लोगों ने पुलिस कस्टडी में दम तोड़ा।2021 से 2022 के बीच भी पुलिस कस्टडी में 8 लोगों की जान गई।2022 से 2023 के बीच 10 लोगों की जान पुलिस कस्टडी में गई। इसी साल यानी 2024 में अबतक 4 से ज्यादा लोगों की जान पुलिस हिरासत में जा चुकी है। पुलिस कस्टडी में मौत को लेकर सियासत गरम है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ङ्क्ष पर पोस्ट में कहा कि उप्र की राजधानी में पिछले 16 दिनों में पुलिस 'हिरासत में मौत दूसरा समाचार मिला है. नाम बदलने में माहिर सरकार को अब 'पुलिस हिरासत' का नाम बदलकर 'अत्याचार गृह' रख देना चाहिए. पीड़ित परिवार की हर मांग पूरी की जाए, हम उनके साथ हैं।

वहीं, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा



कि प्रदेश में भाजपा ने ऐसा जंगलराज कायम किया है, जहां पुलिस क्रूरता का पर्याय बन चुकी है. जहां कानून के रखवाले ही जान ले रहे हों, वहां जनता न्याय की उम्मीद किससे करें?उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने इस मामले को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने कहा है कि "उत्तर प्रदेश में पुलिस हिरासत में होने वाली मौतों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। कस्टोडियल डेथ के मामले में यूपी पहले स्थान पर है। आखिर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की पुलिस ऐसा क्या कर रही है जिससे लोग हिरासत में ही दम तोड़ दे रहे हैं? इन मौतों का ज़िम्मेदार कौन है? हिरासत में हो रही हत्याओं पर किसी जिम्मेदार की जुबान क्यों नहीं खुलती? ऐसे सभी सवालों पर सरकार की चुप्पी कब टूटेगी?"

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने हाल ही में 2021-2022 के बीच की अवधि में हिरासत में मौत से संबंधित एक चौंकाने वाला आंकड़ा पेश किया है। NHRC के अनुसार, न्यायिक हिरासत में मौत के 2,150 मामले और पुलिस हिरासत में मौत के 155 मामले दर्ज किए गए, उत्तर प्रदेश में न्यायिक हिरासत में सबसे अधिक मौतों (448) का रिकॉर्ड रहा।"

हिरासत में मृत्यु में प्रतिपूरक न्यायशास्त्र नीलाबती बेहरा बनाम उड़ीसा राज्य34 वर्तमान मामले में नीलाबती ने सर्वोच्च न्यायालय को एक पत्र लिखा था जिसमें कहा गया था कि उसके बेटे को पुलिस स्टेशन ले जाया गया था और अगले दिन वह रेलवे ट्रैक के पास मृत पाया गया। न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पत्र को रिट याचिका के रूप में माना है। मामले के तथ्यों पर विचार करने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने 1,50,000 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

हिरासत में मृत्यु मानव दुर्व्यवहार का सबसे हिंसक रूप है और यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करता है। आवश्यक कदम उठाकर उन्हें रोका जाना चाहिए। डी.के. बसु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य के मामले में दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए और किसी व्यक्ति की हिरासत में मृत्यु में शामिल अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। हिरासत में हुई मौतों की रिपोर्ट हर 6 महीने में एकत्र की जानी चाहिए और यदि हिरासत में मौत का कोई मामला है, तो जांच की जानी चाहिए और यदि यह साबित हो जाता है तो पीड़ित के परिवार को मुआवजा प्रदान किया जाना चाहिए।

# धनतेरस पर्व पर बाजारों मे सादी वर्दी में तैनात किए जाएं पुलिसकर्मी- डीजीपी।

**ब्यूरो प्रयागराज।** दीपावली पर्व पर शांति व्यवस्था कायम रहे इसे पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सोमवार को निर्देश दिए हैं कि धनतेरस पर देर रात तक बाजारों में भीड़ के लिहाज से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। सादी वर्दी में महिलाएं एवं पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी जाए। बाजारों में एंटी रोमियों स्क्वाड को भी सक्रिय रखा जाए। ताकि कहीं किसी प्रकार की अव्यवस्था न उत्पन्न होने पाये। इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाए।

**छोटी से छोटी सूचनाओं को गंभीरता से लें**

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने वीडियों कांफ्रेसिंग के जरिए मातहतों को निर्देश देते हुए कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अधिक से अधिक संख्या में पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त करें। पूर्व घटित घटनाओं को ध्यान में रखते हुए हॉट स्पॉट चिन्हित कर पिकेट ड्यूटी और यूपी-112 वाहनों को व्यवस्था में लगाया जाए। पुलिस अधिकारी छोटी से छोटी सूचनाओं को गंभीरता से लें। थाना प्रभारियों को स्वयं मौके पर पहुंचकर विवादों को हल करने एवं संवेदनशीलता को समाप्त करने के लिए प्रभावी उपाय करें। जनपदों में पुलिस लाइन में मौजूद पुलिस कर्मियों की टीम बनाकर उन्हें क्यूआरटी के रूप रखें।

**पटाखों की दुकानों व गोदामों को अबादी वाले क्षेत्रों से दूर रखें**

डीजीपी ने कहा कि विस्फोटक पदार्थ, पटाखा विक्रेताओं के लाइसेंस धाराकों की सूची थानावार बना ली जाए। पटाखों की दुकानों व गोदामों को अबादी वाले क्षेत्रों से दूर रखें। साथ ही पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्रों



की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। फायर बिग्रेड कर्मी सातों दिन चौबीस घंटे अलर्ट मोड पर रहें।डीजीपी ने अपने निर्देश में कहा कि त्योहार को देखते हुए रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, बाजार मनोरंजन स्थल, पार्क, मल्टीप्लेक्स आदि स्थानों पर चेकिंग की जाए। जनपदों में शांति व्यवस्था को बनाये रखने एवं शांतिपूर्ण त्योहार मनाने के उद्देश्य से धर्मगुरुओं, पीस कमेटी, संभ्रांत नागरिकों एवं डिजिटल वालेंटियर्स को सक्रिया रखा जाये। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की सघन मानीटरिंग की जाए।

**अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव को लेकर रहे सतर्क**

जनपद अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए एक्सेस कट्रोल की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा विभिन्न श्रोतों से प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर सम्यक संज्ञान लेते हुए यथोचित कार्रवाई की जाए। अयोध्या के सभी धर्मशालाओं, होटलों, ढाबों, सराय आदि पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। संदिग्ध व्यक्तियों व स्थानों की संघन चेकिंग सुनिश्चित की जाए। महत्वपूर्ण स्थानों पर चौबीस घंटे पिकेट की व्यवस्था रखी जाए। भैयादूज, गोवर्धन पूजा आदि के अवसर पर रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन एवं भीड़-भाड़ वाले अन्य स्थानों के साथ नदियों व घाटों पर समुचित पुलिस प्रबंधन करते हुए विशेष सतर्क दृष्टि रखी जाए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### रहस्यमयी बीमारी के चलते युवती की इलाज के दौरान मौत, डेंगू की आशंका



**अजुहा कौशाम्बी।** जनपद में कड़ा ब्लाक के धुमाई गांव में रहस्यमयी बुखार से पीड़ित एक युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतका के पिता ने डेंगू की आशंका जताई है। विकास खण्ड कड़ा के धुमाई गांव में इन दिनों आधे दर्जन लोग बुखार से पीड़ित है।वहीं राम नरेश की बीस वर्षीय पुत्री प्रीती पाल 20 वर्ष केन कनवार में स्थित धर्मा देवी इण्टर कॉलेज में शिक्षिका थी , प्रीति के पिता ने बताया कि मेरी पुत्री 20 अक्टूबर से बुखार में ग्रसित हो गई जिसको इलाज के लिए सिराथू के एक निजी हॉस्पिटल ले गए। जहां हालत में सुधार न होने पर 23 अक्टूबर को प्रयागराज के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां बीती रात इलाज के दौरान प्रीति की मौत हो गई। युवती के पिता ने डेंगू की आशंका जताते हुए बताया कि वह किसानी करके परिवार का भरण पोषण करता था, उसकी चार बेटियों में प्रीती सबसे बड़ी थी। युवती की मौत से घर में कोहराम मच गया है।

### मंडी परिषद में लगातार विद्युत सप्लाई ठप थी खरीद पूर्ण रूप से प्रभावित रही

**जनपद पीलीभीत** की मंडी पूरनपुर मे 1 महीने से मंडी परिषद में लगातार विद्युत सप्लाई ठप थी खरीद पूर्ण रूप से प्रभावित रही पंखा ना लगने के कारण नहीं हो पा रही थी सरकारी क्रय केदो पर खरीद किसानों ने अपना धान ओने पोने दामों पर वेच दिया किसान यूनियन के प्रयासों से ,डिप्टी आर एम ओ, उप जिलाधिकारी एवं मंडी समिति के सचिव के प्रयासों से आखिरकार आज ट्रांसफार्मर बदला गया जिले में 60त्न धान की हो चुकी है राइस मिलन पर ओने-पोने दामों पर हो चुकी है बिक्री जिले में ठप हुई सरकारी खरीद व्यवस्था जिले के जिलाधिकारी नहीं करवा पाए सही से खरीद

बलजिंदर सिंह
अन्नदाता किसान यूनियन
प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश

# वन विभाग की लापरवाही के कारण पूरा नहीं हो पा रहा है हारौनी ओवर ब्रिज का कार्य



**● सर्विस लेन के निर्माण में रोड़ा बन रहे पेड़ों को सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी नहीं हटवा रहा है वन विभाग**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ।** बंथरा क्षेत्र में हरौनी रेलवे क्रॉसिंग के लिए चल रहे ओवर ब्रिज निर्माण में वन निगम की लापरवाही लगातार आने के कारण ब्रिज का कार्य जहां का कहां रुका पड़ा हुआ है और लोग परेशानी झेलने को विवश हैं।

सभी कार्रवाई हो जाने के बावजूद भी वन निगम रास्ते में लगे पेड़ों को चिन्हित करके उनकी कटाई नहीं कर रहा है जिससे आवागमन में राहगीरों को काफी दिक्कत हो रही है। कारण दूसरी ओर आरीवाल बनने के लिए सड़क तो खुद गयी लेकिन निर्माण कार्य रूका हुआ है क्योंकि कि आरीवाल बनने के बाद राहगीरों को निकलने में सड़क किनारे लगे पेड़ रोड़ा बन रहे हैं। जिसके कारण दोनों ओर सर्विस लेन नहीं बन रही है और लोग जोखिम उठाकर आरीवाल बनने के लिए खुदी सड़क से निकलने पर मजबूर है। इस जनहित कार्य में विभाग वन विभाग ही रोड़ा बना हुआ है। जबकि वन विभाग के डीएफओ ने भी रिपोर्ट वन निगम को भेज दी है। वहीं सेतु निगम के कर्मचारियों के भी वन निगम के चक्कर काटते काटते थक गए आखिरी में हार मानकर कार्य को रोक दिया गया। वन विभाग के इस लापरवाह रवैये से जनता में काफी ज्यादा आक्रोश व्यपाप्त है।

# विकासखंड लखीमपुर में करोड़ों का मनरेगा घोटाला, पीला ईट से पटजा लगा फर्स्ट् क्लास ईट का निकाला गया भुगतान

**● पद का दुरूपयोग करते हुए ऑडिटर ने दर्जनों ग्राम पंचायत में कराया गुणवत्ता विहीन मानक विपरीत कार्य-सूत्र**

**खंड विकास अधिकारी लखीमपुर की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** एक तरफ सूबे के वजीर ए आला जनाब योगी आदित्यनाथ जहां प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के साथ-साथ सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ आमजन की चौखट तक पहुंचाने को वचनबद्ध दिखाई पड़ रहे हैं ।और इसके लिए कई प्रयोग करने के साथ-साथ अपने मातहत लोगों के पेच कसने के साथ ही नित नये सख्त फरमान जारी कर रहे हैं। लेकिन योगी जी के उपयोगी अधिकारियों में खंड विकास अधिकारी लखीमपुर सहित डी सी मनरेगा ग्राम पंचायत के ऑडिट करने वाले एक ऑडिटर साहब द्वारा सरकार के दावों और प्रयासों का दमन करते हुए सरकारी मंसूबो पर पानी फेर जा रहा है ।जिससे सरकार की छवि तो धूल धूसरित हो ही रही है साथ ही साथ ग्राम पंचायत के विकास को आने वाले सरकारी बजट का जुगल जोड़ी द्वारा बंदर वाट किया जा रहा है। और इसकी निगहबानी को रखे गए जिम्मेदार जनाब तयशुदा 30 से 40त्न कमीशन लेकर अंजान की भूमिका में नजर आते दिखाई पड़ रहे हैं ।यही कारण है शायद ग्राम पंचायतों के आडिट के लिए नियुक्त किए गए आडीटर साहब द्वारा रेशियों को तोड़कर जमकर भ्रष्टाचार करने की नीयत से मानक विहीन घटिया सामग्री लगाकर करोड़ों के भुगतान कराए गए और उनका पैसा भी रिलीज कर दिया गया।

यह पैसा खंड विकास अधिकारी और टीम ए सहित एक पी ओ मनरेगा की मिलीभगत से निकाला गया और फिर आपस में बंदरबांट कर अपनी-अपनी तिजोरिया भरने में लगे रहेने की बात सामने आई है। उक्त आरोप मेरे नहीं ब्लॉक में कार्य संलग्न लोगों व विभागीय गोपनीय सूत्रों द्वारा लगाए गए हैं। ऐसा ही एक अन्य मामला भ्रष्टाचार से ओत प्रोत प्रकाश में आया है जहां पर रेशियों को तोड़कर घटिया निर्माण सामग्री लगाकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इतना ही





नहीं खड़ंजे के नाम पर पटजा वह भी थर्ड क्लास पीला ईट लगवा कर कराया गया ,और फर्स्ट् क्लास ईट का भुगतान प्राप्त कर लिया गया यह है 40त्न कमीशन का चमत्कार। हम बात कर रहे हैं विकासखंड लखीमपुर की ग्राम पंचायत मूडा बुजुर्ग और खतौसा की यहां पर ऑडिटर खुलेआम ठेकेदारी करते हुए घटिया किस्म का काम करते देखा जा सकता है। ग्राम पंचायत खतौसा में इन जनाब की पांच आईडी जारी कराए जाने के साथ-साथ जमकर रेशियों को तोड़कर भारी भ्रष्टाचार किए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है। वहीं ग्राम पंचायत में कथित ठेकेदार कोई और नहीं ने भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी। और थर्ड क्लास क्वालिटी की पीला ईट का पटजा लगाकर फर्स्ट् क्लास ईट का भुगतान निकाल कर भारी भ्रष्टाचार एवं सरकारी धनराशि का दुरुपयोग किए जाने का मामला भी चर्चा का विषय बना है । लोगों ने तो यहां तक कहना शुरू कर दिया यह है 40 पर्सेंट कमीशन का चमत्कार। शायद इसी के चलते कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।यदि जिलाधिकारी खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल करा लें ब्लाक लखीमपुर की ग्राम पंचायत मूडा बुजुर्ग और खतौसा की निष्पक्ष उच्च स्तरीय गठित जांच कमेटी द्वारा जांच तो लाखों रुपए का भ्रष्टाचार खुलकर आएगा सामने। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मनरेगा योजना के तहत विकासखंड लखीमपुर में कई करोड़ रुपए का घोटाला किया गया है। फिलहाल यह मामला जांच का विषय है जांच से पहले कुछ भी कह पाना जल्दबाजी होगा यदि जिम्मेदार मामले की कराये निष्पक्ष जांच तो दूध का दूध पानी का पानी होकर आएगा सामने।

# खबर का असर-अस्पताल चला रहे झोलाछाप शिक्षा मित्र को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने थमाया नोटिस

**● प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को मौके पर कोई कागजात नहीं दिखा सका शिक्षामित्र**

**नोटिस में दिए गए तीन दिन का समय भी बीता 25 अक्टूबर को दिया गया था नोटिस**

**स्वतंत्र प्रभात**

**शाहजहांपुर/**एक सप्ताह पूर्व स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक शिक्षा मित्र बना बैठा झोलाछाप डॉक्टर खबर का असर दिखाई दिया है हालांकि भावल खेड़ा स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजीव कुमार भारती ने 25 अक्टूबर को मुकरमपुर कस्बे में स्थित शिक्षामित्र रविंद्र कुमार के अस्पताल पर पहुंचकर उसे नोटिस देते हुए 3 दिन के अंदर डिग्री रजिस्ट्रेशन आदि के कागजात दिखाने को समय दिया था जो बीत चुका है लेकिन शिक्षामित्र द्वारा अभी तक नोटिस का जवाब नहीं दिया गया है वहीं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजीव कुमार ने बताया है कि वह 25 अक्टूबर शुक्रवार को शिक्षामित्र रविंद्र कुमार के हॉस्पिटल मुकरमपुर पहुंचे थे मौके पर एक डॉक्टर के डिग्री रजिस्ट्रेशन कागज दीवार में चिपका थे लेकिन डॉक्टर मौके पर मौजूद नहीं था वही एक दूसरे व्यक्ति ने मेडिकल स्टोर रजिस्ट्रेशन के कागज दिखाए हैं मौके पर मौजूद शिक्षामित्र अपने कोई कागजात नहीं दिखा सका प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजीव कुमार भारती ने बताया कि इस मामले की पूरी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



झोलाछाप डॉक्टर बना बैद्य शिक्षामित्र चला रहा अस्पताल

**स्कूल टाइम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को अस्पताल में डॉक्टरी करते मिला शिक्षामित्र**

मजे की बात यहां है कि भावलखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी 25 अक्टूबर को लगभग 2ऱ्30 बजे छापे मार कार्रवाई करने शिक्षा मित्र के अस्पताल पहुंचे थे जहां शिक्षामित्र डॉक्टरी करते मौजूद मिला जबकि वर्तमान में स्कूल टाइम 9-से 3 है शिक्षामित्र रविंद्र कुमार सिधौली ब्लाक क्षेत्र के नवादा अशरफपुर गांव में शिक्षामित्र है जिसकी स्कूल में बच्चों को पढाने की जिम्मेदारी है लेकिन लगातार स्कूल ना जाकर अपनी डॉक्टरी की दुकान चला रहा है और स्कूल में फर्जी हाजिरी कैसे लग रही हैं यह शिक्षा विभाग ही जानता होगा फिलहाल इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी सिधौली ने एक सप्ताह पूर्व खबर लगने पर कार्रवाई की बात कही थी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी आज फिर उनसे इस संबंध में बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कहा मैं डीएम की बैठक में हूं सूत्रों की माने तो खंड शिक्षा अधिकारी सिंधौली की मेहरबानी के चलते शिक्षामित्र स्कूल टाइम काफी दिनों से हॉस्पिटल चला रहा है और उस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# गोकशी कर रहे युवक भागे मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात**

**अलीगढ़।** थाना छर्रा क्षेत्र के गांव भमोरी बुजुर्ग में गोकशी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को मौके पर कोई नहीं मिला। हालांकि मौके से अवशेष मिले हैं, जिन्हें जांच के लिए भेज दिया है। गांव भमोरी बुजुर्ग में नगला गिरधारी के महाराज सिंह पुत्र हप्पू अपने खेत पर जा रहा था। जानवर की आवाज आने पर उन्हें शक हुआ। नगला गिरधारी मार्ग पर श्मशान के पास बंबा पर 27 अक्तूबर की रात को कुछ लोग ग्रामीणों को दिखाई दिए। पास में पहुंचे तो गांव भमोरी बुजुर्ग निवासी फरीद पुत्र जलील व गांव का चौकीदार छोटे पुत्र बैनीराम एवं एक अन्य धारदार हथियारों के साथ मौजूद थे। आरोप है कि गोकशी का काम कर रहे थे। युवक ने थाना कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। क्षेत्राधिकारी महेश कुमार कोतवाली पुलिस को लेकर मौके पर पहुंच गए। पुलिस को आता देख तीनों भाग गए। पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए तीनों





के ठिकानों पर दी है, लेकिन तीनों को कोई सुराग नहीं लगा। मौके पर मिले अवशेषों की जांच के लिए पशु चिकित्सालय के लिए भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी,छर्रा महेश कुमार ने बताया कि गोकशी की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस पहुंची है। मौके से अवशेषों को एकत्रित कर जांच के लिए भेजा है। घटना की तहरीर मिल चुकी है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अवशेषों की रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही हैं। बताया जा रहा है गांव का चौकीदार भी इस घटना में शामिल है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## रहस्यमय हाल में ब्यूटी पार्लर गई लड़की लापता, मामले में केस



**बस्ती-** बस्ती जिले के कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर स्थित एक ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली किशोरी रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गई। उसकी मां ने जब ब्यूटी पार्लर की संचालिका से बेटी के बारे में पूछा तो उन्हें अपशब्द कहते हुए धमकी दी गई।कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांधीनगर स्थित एक व्यूटी पार्लर पर उनकी 15 वर्षीय बेटी काम करने जाती थी। पांच अक्टूबर को वह ब्यूटी पार्लर गई तो वापस नहीं आई। काफी खोजबीन किया गया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। ब्यूटी पार्लर की संचालिका के मोबाइल पर फोन किया तो उसने उन्हें अपशब्द कहा। धमकी दी कि पुलिस में उसका नाम लेने पर उनकी बेटी की जिंदगी को बर्बाद कर देगी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## बहन के घर आए युवक का रेल ट्रैक किनारे मिला शव

**बस्ती।** बस्ती जिले केगौर रेलवे स्टेशन के यार्ड के पास एक युवक का शव जीआरपी ने रविवार को बरामद किया है। मृतक की पहचान पैकोलिया थाना क्षेत्र परसा गांव निवासी 25 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र रामदीन के रूप में हुई है। वह अपनी बहन के घर गौर थाना क्षेत्र के सिद्धौर गांव आया था। उसका शव गौर रेलवे स्टेशन पर डाउन ट्रैक के किनारे पाया गया। शव देख स्टेशन मास्टर ने इसकी जानकारी जीआरपी बस्ती सहित आरपीएफ को दी। मौके पर पहुंची आरपीएफ व जीआरपी की टीम ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने में जुट गई। इसी बीच घटनास्थल पर उसके रिश्तेदार पहुंच गए और उन्होंने उसकी पहचान की। जीआरपी थाने के प्रभारी निरीक्षक एमपी चतुर्वेदी ने कहा कि मृतक की किसी ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हुई है। शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## दीवाली विद माय भारत बच्चों ने सीखी यातायात संचालन की बारीकियां




दीपावली पर बस्ती शहर में काम आएगा उनका यह हुनर

**बस्ती-**बस्ती शहर के कंपनी बाग चौराहे पर यूथ माय भारत के बच्चों को यातायात संचालन के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही जीआईसी में पार्किंग व्यवस्था के लिए स्थान भी चिन्हित किया गया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक महोदय बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी के आदेशों के क्रम में यूथ माय भारत के बच्चों व जीआईसी में पार्किंग के संबंध में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती ओम प्रकाश सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात सत्येंद्र भूषण तिवारी की अध्यक्षता में कंपनी बाग चौराहे पर ÷दिवाली विद माय भारत÷ 27 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024 तक चल रहे फर्स्ट एनिवर्सरी सेलिब्रेशन के तहत बच्चों को यातायात नियमों से यातायात संचालन के बारे में बताया गया। साथ ही जीआईसी परिसर में लगे पटाखा की दुकानों के अतिरिक्त बचे जमीनों पर पार्किंग व्यवस्था के लिए चिन्हित कर बैरिकेडिंग की गई।

## सुलह समझौता के बावजूद भी नहीं किया गया भूमि को खाली

**बलरामपुर-** जरवा क्षेत्र के ग्राम नवानगर में अतिक्रमण हटाए जाने की मांग को लेकर पीड़ित कार्यालयों का चक्कर काट रहा है। ग्रामीण का कहना है कि उसके जमीन पर गांव के दूसरे व्यक्ति की अवैध कब्जा कर लिया गया है बताया कि उसकी जमीन के साथ ही बगल की सरकारी भूमि पर भी अवैध कब्जा है। नवानगर निवासी सोमई ने बताया कि गांव बनगाई निवासी एक दबंग द्वारा पिछले कई महीनो से उसके भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा किया गया है । जिससे पीड़ित को अपने खेत में आने-जाने के लिए रास्ता बंद हो गया है। खेत में काटे गए फसल को उठाने में दिक्कत होती है। बताया कि अवैध कब्जा हटाए जाने को लेकर तुलसीपुर उप जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत पत्र देते हुए कब्जा खाली करने की मांग किया था। शिकायत के बाद कब्जे को हटाने के लिए दबंग द्वारा सुलह समझौता लिखकर कुछ दिन बाद कब्जा खाली करने के लिए कहा गया था। सुलह- समझौता के बाद भी भूमि को कब्जा मुक्त नहीं किया गया। जिससे पीड़ित शिकायतकर्ता कब्जे को खाली करने के लिए दर दर की ठोकरे खा रहा है । ग्रामीण ने उच्चाधिकारियों से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की है।

# जय श्री राम के जयघोष के साथ निकलीराम लीला की शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले मे सनातन धर्म संस्था द्वारा 03 नवम्बर से 12 नवम्बर तक होने वाली श्री रामलीला महोत्सव के प्रचार व जन जन को निमंत्रण देने हेतु जन-जागरण यात्रा श्री कृष्ण कुमारी पांडेय स्कूल प्रांगण से प्रारंभ कर शिव मंदिर अमहट घाट पर संपन्न हुई। जय श्री राम, सनातन धर्म की जय, भारत माता की जय के गगन भेदी उद्घोष के साथ अपार जन समुदाय सम्मिलित हुआ। शहर के धर्मप्रिय सनातनी व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का रोडवेज, कटस्वर पार्क, महिला अस्पताल, गांधीनगर, एस आर डी अस्पताल, जनता होटल, कम्पनी बाग सहित जगह स्वागत किया और जलपान कराए। पीले व पारम्परिक वेशभूषा में रामलीला मंचन की तैयारी कर रहे बालक बालिकाओं ने हाथों में शस्त्र लेकर अगुवाई की। शोभायात्रा में सबसेआगे बुलेट पर सवार ध्वज्वाहकों और मोटरसाइकिल की टीम रही , फिर सशस्त्र वीर वीरांगनाएँ उसके बाद भगवान की दिव्य झाँकी के समक्ष बैंड की धुन पर सीताराम करते भक्त गण चलते दिखे। शोभायात्रा रोडवेज गांधीनगर कंपनी बाग होते हुए शिव मंदिर अमहट घाट पर संपन्न हुई तत्पश्चात प्रभु श्री राम जी और शिव जी की आरती के साथ और इस संकल्प के साथ की आने वाली 03 नवम्बर से होने वाले बाल कलाकारों द्वारा श्री रामलीला को भव्य दिव्य बनाने के लिए संपूर्ण ऊर्जा के साथ सहयोग करेंगे कार्यक्रम में मुख्य रूप से कर्नल के सी मिश्र, डॉ शैलेश सिंह, अतुल चित्रगुप्त, गोपेश्वर त्रिपाठी, रमेश सिंह, अनूप त्रिपाठी, सुशील मिश्र, सुनील सिंह, कविष् अबरोल, अविनाश त्रिपाठी, अनिल सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, कैलाश नाथ दूबे, अंकुर यादव, ओमकार मिश्र, गिरजेश दूबे, बुद्धि सागर दूबे( प्रधान ), प्रेम नाथ निषाद, राजकुमार दूबे, गोपेश पाल, लल्लू पाण्डेय, आशीष दूबे, चंदन सिंह, राम सरन, आर बी शर्मा जी, डॉ दुर्गेश पाण्डेय, खुशी त्रिपाठी, राजेश यादव, राजन गुप्ता, श्री त्रिपाठी, विधि त्रिपाठी, अर्पित कुमार, अनिल राजभर, राम सुमेर, श्यामलाल यादव, डॉ0 रोहन दूबे, महादेव पाण्डेय, सरजू प्रशाद पाठक, परशुराम कन्नौजिया, अंकित, अभिषेक, राम जनक विश्वकर्मा, रामदिन प्रजापति, अतुल पाण्डेय, शुभम गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, अनुराग शुक्ल, सहदेव दूबे के साथ समस्त ग्रामवासी, सुधीर प्रजापति, हीरालाल यादव, बजरंगी यादव, राजेश चित्रगुप्त, अंकित, अनूप, सहित सैकड़ों जन उपस्थित रहे। ग्राम दुबौली दूबे, पठखौली, करचोलिया, अवस्थीपुर, कच्चीपुर से नवयुवक भारी संख्या में आये थे।

# मनाया गया सुभासपा का 22 वां स्थापना दिवस

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्तीजिले में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का 22 वां स्थापना दिवस प्रेस क्लब सभागार में केक काटकर मनाया गया। आयोजक जिलाध्यक्ष मनोज राजभर और जिला प्रमुख महासचिव राजेश राजभर ने संचालन करते हुये पार्टी की विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव विनोद कुमार राजभर ने कहा कि 27 अक्टूबर 2002 को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की स्थापना किया गया। लगातार 22 वर्षों से शोषित, वंचित, पिछड़ों व दलितों व अन्य समाज के हक हिस्सा के लिए रात दिन संघर्ष का क्रम जारी है।बौद्धिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष के बृजभूषण मिश्र ने कहा कि कार्यकर्ता अपने संगठन को मजबूत करने के लिए लग जायें और हर समाज के बीच जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर के विचारों का प्रचार-प्रसार करें जिससे आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में कामयाबी का एक रास्ता प्रदर्शित हो। विधायक दूधराम ने कहा कि गरीब, शोषित, पिछड़ा व अन्य समाज की लड़ाई यदि कोई लड़ता है तो वह हैं ओम प्रकाश राजभर जिन्होंने हर समाज के गरीब की समस्या को सुनने का काम करते हैं। जिलाध्यक्ष मनोज राजभर व अमन राजभर मंत्री प्रतिनिधि ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव चलकर जन चौपाल के माध्यम से नेता जी के विचारों का प्रचार-प्रसार करें।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजभर मण्डल अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी देवी, राजभर जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, पूजा देवी प्रभावती देवी, सीता देवी, उमेश राजभर, अर्जुन राजभर, राम पाल राजभर, राम किशुन राजभर, बब्लू यादव, राज कुमार राजभर, विजय चौहान, अम्बिका राजभर, दिनेश राजभर, प्रमोद चौधरी, सूरज गौतम, संदीप चौहान, आशीष राजभर, गुड्डू राजभर तथा राजन सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक की बैठक में उठे मुद्देः वार्षिक वेतन वृद्धि दिलाने पर जोर

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में सोमवार को सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद की बैठक अध्यक्ष राम बहोर मिश्र की अध्यक्षता में प्रेस क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुये राम बहोर मिश्र ने कहा कि जो परिषदीय शिक्षक 30 जून 2006 से 30 जून 2014 के मध्य सेवानिवृत्त हुये हैं उन्हें शासनादेश के अनुसार एक वार्षिक वेतन वृद्धि प्राप्त होगी। इसे लागू कराने और वार्षिक वेतन वृद्धि दिलाने के लिये संगठन का निरन्तर प्रयास जारी है। अति शीघ्र इसका लाभ सेवा निवृत्त शिक्षकों के खातों में नियमानुसार भिजवा दिया जायेगा। कहा कि राशिकरण कटौती अन्य प्रदेशों की भांति 10 वर्ष 11 माह कराने के लिये शीघ्र ही उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कटौती रूकवाकर कटे हुये धनराशि को वापस दिलाया जायेगा।बैठक को सम्बोधित करते हुये प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षकों को सुविधाओं का पूरा लाभ मिले इस दिशा में संघ सदैव उनके साथ है। उन्हे अधिकार दिलाने के लिये हर स्तर पर संघर्ष किया जायेगा। लेखाधिकारी अभिनव कुमार सिंह ने कहा कि शासन स्तर पर सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षकों को जो सुविधा दिये जाने का शासनादेश निर्गत किया गया है, नियमानुसार प्राथमिकता के स्तर पर उसका क्रियान्वयन कराया जायेगा। सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद की बैठक को अरूण देव शुक्ल, जयन्त्रीधर दूबे, हरिशर्मा द्विवेदी, रामनरायन उपाध्याय, शिव कुमार तिवारी, सुरेन्द्र सिंह, रामचन्द्र तिवारी, कर्ण शुक्ल, धर्मेन्द्र शुक्ल आदि ने सम्बोधित किया। मुख्य रूप से अयोध्या प्रसाद पाण्डेय, लक्ष्मी गुप्ता, राजेश्वर सिंह, इन्द्रसेन सिंह, हरीराम तिवारी, रक्षाराम वर्मा, रमाकान्त पाण्डेय, खेदनराम, मल्लूराम, भागीरथी, भागवत प्रसाद मिश्र, मो. वकील खां, दुर्गा प्रसाद मिश्र, राम सेवक, रामयज्ञ शुक्ल, जगदीश चौधरी, मुनिराम वर्मा, भवनाथ त्रिपाठी, रामसंवारे चौधरी के साथ ही अनेक सेवानिवृत्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# श्रद्धा सुमन पुष्पांजलि अर्पित करने वालों का भोर से ही लग जाता है तांता

● प्रकांड विद्वान कर्मकांड सम्राट शलाका पुरुष श्री रूद्र दत्त मिश्र निधन उपरांत

स्वतंत्र प्रभात



**अयोध्या ।** श्री राम नगरी के प्रकांड विद्वान कर्मकांड सम्राट शलाका पुरुष श्री रूद्र दत्त मिश्र के निधन उपरांत उनके आवास राजेंद्र निवास पर श्रद्धा सुमन पुष्पांजलि अर्पित करने वालों का भोर से ही तांता लगा रहता है सुबह 8ः00 बजे से ही लोगों के शुरू होने का यह सिलसिला देर रात 12 बजे तक चलता है राजेंद्र निवास पर श्रद्धांजलि देने वाले प्रमुख लोगों में बावन मंदिर पीठाधीश्वर वैदेही वल्लभ शरण जी महाराज रंग महल के श्री महंत रामशरण दास जी महाराज नाका हनुमानगढ़ी के श्री महंत रामदास जी महाराज मंगल भवन पीठाधीश्वर कृपालु रामभूषण दास जी महाराज पत्थर मंदिर के महंत व सरयू आरती के व्यवस्थापक शशिकांत दास जी महाराज डांडिया मंदिर के श्री महंत महामंडलेश्वर गिरीश दास जी महाराज तुलसी छावनी के पीठाधीश्वर जनार्दन दास मलखान दास जी महाराज अयोध्या महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता जिला अध्यक्ष संजीव सिंह महानगर सर संघ प्रचारक विक्रम प्रसाद पांडे पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन पांडे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य दर्जा प्राप्त मंत्री कृष्ण कुमार मिश्रा पप्पू जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कार्यवाहक अध्यक्ष करुणाकर पांडे भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पांडे बादल अभिषेक मिश्रा गिरीश पांडे डिप्पुल सुनील तिवारी शास्त्री कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू सुमित सैकड़ो की संख्या में लोगों का आना-जाना लगा हुआ है उनके पौत्र वरिष्ठ भाजपा नेता विशाल मिश्र व पूर्व पार्षद विवेक मिश्र ने बताया कि पूज्य बाबा जी का शांति भोज कार्यक्रम 5 नवंबर को राम कथा पार्क में होगा !

# विधायक एवं जिलाधिकारी ने लिया दीपोत्सव की तैयारियों का जायजा

स्वतंत्र प्रभात



**अयोध्या ।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अयोध्या विधायक सदर श्री वेद प्रकाश गुप्ता के साथ अष्टम दीपोत्सव को भव्य एवं दिव्य रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु दीपोत्सव मेला क्षेत्र यथा-राम की पैड़ी, सरयू आरती स्थल, रामकथा पार्क सहित अन्य प्रमुख स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को दीपोत्सव की तैयारियों के अंतिम रूप देने के निर्देश दिये तथा कहा कि सभी प्रमुख स्थलों की साफ सफाई कर ली जाय तथा इसकी साफ सफाई बनी रहे इसके लिए पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की सतत तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अष्टम दीपोत्सव को और भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित ड्रोन शो के स्थल का भी निरीक्षण कर सम्बंधित को सभी तैयारियों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सरयू आरती स्थल जहां पर 1100 लोगों द्वारा एक साथ आरती कर विश्व रिकॉर्ड बनाया जाना प्रस्तावित है, के स्थल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त श्री बागीश शुक्ला, उप निदेशक पर्यटन श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव, कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित रहे।

# कटेहरी उपचुनाव में जीत के लिए भाजपा ने झोंकी ताकत

स्वतंत्र प्रभात



**अंबेडकर नगर।** कटेहरी उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए भाजपा नेता और कार्यकर्ता लगातार क्षेत्र की जनता से सम्पर्क कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं।सोमवार को कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सभाओं की गांवों में भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद, जिले के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जय नाथ सिंह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भ्रमण कर चौपाल और सम्पर्क के माध्यम से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह ने केदार नगर मण्डल में पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय,भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ रजनीश सिंह,रमेश चंद्र गुप्ता,प्रधान अंकित पाण्डेय के साथ भाजपा नेता अजीत सिंह के आवास पर आयोजित चौपाल में कहा कि भाजपा ही एक मात्र राजनैतिक दल है जो देश के साथ ही समाज के प्रगति और विकास की गारंटी के साथ काम कर रही है।कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व केंद्र सरकार और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जब से भाजपा की सरकार बनी है। तब से देश का विकास तीव्र गति से आगे बढ़ता जा रहा है और समाज के अन्तिम पायदान पर निवास करने वाले गरीब परिवारों, किसानों, महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सीधे लाभ प्राप्त हो रहा है। कहा कि विकास की पहिया सत्तासीन दल के माध्यम से ही आगे बढ़ता है। कहा कि कटेहरी विधान सभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद के चुनाव जीतने पर क्षेत्र की चहुमुखी विकास होगा।उन्होंने भीटी मण्डल की चुनावी कार्यालय का उद्घाटन मण्डल अध्यक्ष कुलदीप सिंह के साथ किया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने मंडल प्रभरी के के मिश्र के साथ ग्राम पंचायत महमदपुर, असगंवा, परवरभारी, दुल्लापुर, हृदयपुर में और जिला भाजपा प्रभारी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पदमसेन चौधरी ने नंदापुर, हिलालपुर, हूंसेपुर, ताजपुर समहरिया,दानपुर और भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद ने पिलखाँवाँ, चांदपुर महमूदपुर, शाहपुर परासी में जन जन से सम्पर्क कर समर्थन मांगा।

# योग साधना केंद्र मठिया माता मंदिर शहजादपुर में मनाया गया प्रथम स्थापना दिवस समारोह

स्वतंत्र प्रभात



**अंबेडकर नगर।** भारतीय योग संस्थान अंबेडकर नगर के तत्वावधान में आज शहजादपुर स्थित मठिया माता मंदिर योग केंद्र पर योग केंद्र का प्रथम स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें 85 साधक और साधिकाओं ने प्रतिभाग करके योगाभ्यास किया। गत वर्ष 30 अक्टूबर 2023 को इस योग केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया था और तब से लगातार यहां पर बड़ी संख्या में नागरिक निःशुल्क योग का प्रशिक्षण प्राप्त करके रोगों से छुटकारा पाते हुये योग के माध्यम से जीवन जीने की कला सीख रहे हैं। इस केंद्र को सफलतापूर्वक चलाकर इस ऊंचाई तक पहूचाने में मुख्य रूप से केंद्र प्रमुख रानी अग्रहरि, उपकेंद्र प्रमुख रेखा गुप्ता, योग शिक्षक नीतू गुप्ता, संदीप लाल श्रीवास्तव क्षेत्रीय प्रधान, राजकुमार मोदनवाल केंद्र व्यवस्थापक, संतोष कुमार सिंह जिला कार्यकारिणी सदस्य और संतोष कुमार गौड़ क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य का विशेष सहयोग रहा है।

आज के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्थान के अन्य पदाधिकारी आशा राम वर्मा, डॉ सूर्य नाथ त्रिपाठी, आदित्य कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, रामसूरत यादव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, राम केदार वर्मा, चंदन उपाध्याय, नीरज यादव, मुकेश वर्मा, मंशा राम, राजेंद्र प्रसाद यादव, प्रेम नारायण मिश्रा, नीलम सोनकर, कृष्णावती, फूलमती, खुशी गुप्ता, स्मिता त्रिपाठी, मनोरमा चौरसिया आदि की विशेष भूमि रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वल और गायत्री मंत्रोच्चारण तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। पश्चात योगाभ्यास के माध्यम से लोगों को स्वस्थ रहने की विद्या सिखाई गई। योग शिक्षकों और अधिकारियों का कहना था कि यदि हम नियमित रूप से सही विधि से प्रतिदिन योगाभ्यास करते हैं, तो हम अधिकतर रोगों से स्वतः बच सकते हैं और आने वाले लोगों को दूर भी कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंतिम चरण में नन्हे साधक साधिकाओं द्वारा सुंदर भजन, योग गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के अन्तिम चरण में जिला प्रधान आशा राम वर्मा और जिला संगठन मंत्री डॉ सूर्यनाथ त्रिपाठी ने आशीर्वचनों के साथ-साथ केंद्र की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और सभी ने केंद्र प्रमुख रानी अग्रहरि के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। जिला प्रधान ने जन्म दिवस के अवसर पर संस्थान की 101 रोग और योग नामक पुस्तक भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सबका आशीर्वाद लेने के बाद केंद्र प्रमुख ने अपने जन्मदिन का केक काटा और सबका मुंह मीठा कराया। शान्ति पाठ और प्रसाद वितरण के साथ ही समारोह समाप्त हुआ।

# नाम निर्देशनों की जांच में दो अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र हुए अस्वीकृत

● 277-कटेहरी विधानसभा उप निर्वाचन हेतु 12 अभ्यार्थियों के नामांकन पत्र हुए स्वीकृत

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकर नगर।** रिटर्निंग ऑफिसर/उप जिलाधिकारी भीटी द्वारा अवगत कराया गया कि विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के अंतर्गत 277-कटेहरी विधानसभा में सोमवार को नाम निर्देशनों की जांच में 2 अभ्यार्थियों बृजेश कुमार निर्दलीय तथा महेंद्र कुमार निर्दलीय के नामांकन पत्र को अस्वीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि कटेहरी विधानसभा उप निर्वाचन हेतु नामांकन पत्र दाखिल किए गए कुल 14 अभ्यर्थियों में से 12 अभ्यर्थियों जिसमे अपना दल प्रत्याशी अयोध्या, समाजवादी पार्टी प्रत्याशी शोभावती वर्मा, निर्दल प्रत्याशी गोविंद कुमार, भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी धर्मराज निषाद, बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी अमित वर्मा, भागीदारी पार्टी (पी.) प्रत्याशी राम नरेश, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) प्रत्याशी राजेश कुमार, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया प्रत्याशी नीलम सिंह, पीस पार्टी प्रत्याशी मो. असद, राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी प्रत्याशी कृष्णावती, मूल निवासी समाज पार्टी प्रत्याशी शत्रुघ्न राजभर तथा बहुजन मुक्ति पार्टी प्रत्याशी ओमवीर के नामांकन पत्र स्वीकृत किए गए।

# एफएसटी उड़न दस्ता टीम और एसएसटी स्थैतिक निगरानी टीम के साथ बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात



**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कटेहरी विधानसभा उप निर्वाचन 2024 को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में एफएसटी उड़न दस्ता टीम और एसएसटी स्थैतिक निगरानी टीम के साथ बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने एफएसटी और एसएसटी टीमो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सफलतापूर्वक निर्वाचन सम्पन्न कराने में एफएसटी और एसएसटी की महती भूमिका है। सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों को अच्छे से समझें और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप कार्य करें।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि विधान सभा उप निर्वाचन को पूर्ण निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराए है। किसी भी परिस्थिति में निर्वाचन की निष्पक्षता और पारदर्शिता प्रभावित नहीं होनी चाहिए। मतदाताओं को कोई डराए, धमकाए नहीं, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। प्रत्याशियों के खर्च पर नजर रखें। इसके लिए एफएसटी और एसएसटी को सजग और सचेत होकर अपने-अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करें। टीम वर्क के साथ कार्य करते हुए सफलतापूर्वक निर्वाचन को सम्पन्न कराना है।उन्होंने निर्देशित किया कि वाहन जांच के दौरान शिष्टाचार प्रदर्शित किया जाय। आम जन को असुविधा न हो इसका भी ख्याल रखें। हर गतिविधि की जानकारी रखेंगे। डॉक्यूमेंटशन पर विशेष रूप से ध्यान दें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. महेश चंद द्विवेदी, एफ एस टी, एस एस टी एवं पुलिस टीम उपस्थित रहे।

# बेची जा रही थी नकली चाय, तीन पर केस

स्वतंत्र प्रभात




**अंबेडकरनगर।** ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली चाय की पत्ती की ब्रिकी करने का मामला प्रकाश में आया है। कंपनी के कर्मचारी ने अकबरपुर कोतवाली में तीन लोगों के खिलाफ कॉपीराइट अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया है।जौनपुर जनपद के जलालपुर थाने के हुसेपुर कबुलपुर गांव निवासी जनार्दन वर्मा की तहरीर के अनुसार वह ब्रांडेड चाय कंपनी में बतौर जांच अधिकारी पद पर तैनात हैं। बताया कि बीते कुछ दिनों से अकबरपुर समेत अन्य क्षेत्र में कंपनी के नाम पर नकली चाय की पत्ती बेचे जाने की शिकायत मिली। शनिवार को पुलिस टीम के साथ अकबरपुर रोड पर मनीष किराना स्टोर पर जब चायपत्ती की जांच की गई तो वह नकली निकली। दुकानदार ने अपना नाम बस स्टैंड निवासी अखिलेश गुप्त बताया। यहां 250 ग्राम के 46 पैकेट मिले। इसी दुकान के बगल राज जनरल स्टोर में भी 43 पैकेट नकली चाय बरामद हुई। रेलवे स्टेशन के मुरादाबाद मोहल्ले में कपिल देव के घर से एक किलो के 525 पैकेट कंपनी की नकली चाय बरामद हुई। कोतवाल बीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि तीनों पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# संक्षिप्त ख़बरें

### विकास खण्ड हरियावाँ के ब्लाक सभागार मे जल जीवन मिशन हर घर जल की संपन्न हुई सामुदायिक बैठक



**हरदोई हरियावाँ** विकास खण्ड के ब्लाक सभागार मे खंड विकास अधिकारी डॉ. निधी राठौर की अध्यक्षता मे संपन्न हुई बैठक । एन आर एल एम विभाग की तरफ से संचालित समूहो मे कार्यरत महिलाओं को जल जीवन मिशन मे चयन? किया गया। चयनित महिलाओं को जल सखी का पद दिया गया तथा महिलाओं को भारत सरकार द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित् जल जीवन मिशन, हर घर जल का प्रशिक्षण कराया गया? व सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जे.ई जल निगम कमोद सिंह टीम लीडर मोहम्मद समी संचालक रेहान सहयोगी फिरदौस द्वारा ब्लाक स्तर से आयी चयनित समूह की महिलाओं को आये अधिकारी व? कर्मचारियो द्वारा जानकारी दी गई। शशि देवी, तारा देवी, अंजली, कामिनी,आदि समूह की सैकड़ों महिलाये भाग ले रही थी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग किसान की दर्दनाक मृत्यु

**कछौना, हरदोई।** लखनऊ पलिया राजमार्ग पर सोमवार को सड़क हादसों में एक बुजुर्ग किसान की अज्ञात वाहन की टक्कर से मृत्यु हो गई, इस घटना से परिवारजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वर्तमान समय में लखनऊ पलिया राजमार्ग हाईवे एनएच 731 फोरलेन का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। काफी कार्य पूर्ण हो गया है, जिसके चलते वाहनों की गति में इजाफा हो गया है, परंतु राहगीर व स्थानीय लोगों के स्वभाव में हाईवे पर चलने का स्वभाव नहीं है। जिसके कारण थोड़ी सी चूक के चलते सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो गया है। सोमवार की अपराह्न थाना क्षेत्र बघौली के अंतर्गत ग्राम सभा महरी के मजरा मढ़िया निवासी बुजुर्ग रोहन पुत्र जुराखन उम्र 70 वर्ष पैदल बघौली जा रहे थे।इसी दौरान रास्ते में सुन्नी व पटकुंइया के मध्य तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना इमरजेंसी वाहन के कर्मी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस असमय घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### महिलाओं के लिये आरक्षण निर्धारित फिर भी अधिकारों से हो रहीं वंचित

**टोंडरपुर/हरदोई** विकासखंड टोडरपुर क्षेत्र में 71 ग्राम पंचायत में से 32 ग्राम पंचायतो में महिला प्रधान चुनी गई हैं, लेकिन ब्लाक कार्यालय पर रखी गई मीटिंग में आती ही नहीं है, तो तत्काल जरूरत पड़ने पर कागजों पर हस्ताक्षर कौन करता है यह उच्च अधिकारियों के जांच का विषय है,यहां अधिकतर प्रधानी महिलाओं की जगह इनके घर के सदस्य ही चला रहे हैं ,लेकिन ग्राम पंचायतों में चुनी गई महिला प्रधान सचिवालय तक में बैठकर किसी भी आम जन की शिकायत सुनते हुए भी नहीं दिखती है, वह चाहे ब्लॉक स्तर की कोई समस्या हो या सचिवालय पर जन समस्याओं की हो,लेकिन उनके घर के सदस्य पति देवर पुत्र अन्य ही देखे जाते हैं, क्षेत्रीय लोगों का कहना है ,कि पुरुषों से अधिक भरोसेमंद महिला में होती हैं। इसलिये लोगों ने महिलाओं को अधिक संख्या में ग्राम प्रधान चुना है महिला ग्राम प्रधान के स्थान पर अगर कोई दूसरा प्रधानी करता है तो प्रधान के कार्य पर रोक लगा दी जाएगी, और उसके वित्तीय समेत सभी अधिकार सीज कर दिये जायेंगे ,इसके लिए सभी सचिवों को निर्देश दिया गया है, कि महिला प्रधान के कार्य में अगर कोई हस्तक्षेप करता है तो वह उसे वह स्वयं रोके और उसकी रिपोर्ट डीपीआरओ को भेजें।

### कुबेर लाल जन सेवा संस्थान द्वारा दिवाली के उपलक्ष पर जरूरतमंद बच्चों को खील, खिलौने,पटाखे, दिये गये फुलझड़ी, बिस्किट्स, चिप्स, मिठाई, फल ,बुजुर्गो व महिलाओं को वस्त्र का किया गया वितरण



**हरदोई** कुबेर लाल जन सेवा संस्थान द्वारा ग्राम चेत्ता पुरवा में जाकर दिपावाली के उपलक्ष पर ग्राम के जरूरतमंद सभी बच्चों को खील, खिलौने, बिस्किट, पटाखे, फुलझड़ी, चिप्स, मोमबत्ती, दीपक, फल व महिलाओं व पुरुषों के लिए साड़िया व वस्त्र आदि वस्तुओं का वितरण संस्थान द्वारा किया गया व संस्थान की संस्थापिका निरमा देवी जी द्वारा दिवाली पर्व,की अग्रिम शुभकामनाएं व बधाई भी दी गई सभी बच्चे बहुत खुशी से झूम उठे इस अवसर पर संस्थान की संस्थापिका निरमा देवी जी, विजय लक्ष्मी, चेतना शुक्ला, मीतू मिश्रा, काजल गुप्ता, कमला गुप्ता, प्रशांत गुप्ता नितिन, काजल गुप्ता, अमित गुप्ता, माया प्रकाश, सुरेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेइ की टीम के संयुक्त प्रयास से जल्द शुरू हो जायेगा नानामऊ फीडर

**● - एक दर्जन से अधिक गांव का विद्युत भार हटने से नारायणपुर फीडर से पोषित गांवों को जल्द मिलने लगेगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति**

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** विधुत वितरण खंड सेस द्वितीय के खुरूमपुर पावर हाउस से पोषित नारायणपुर फिडर के लोगों को अब नवम्बर माह से बेहतर व 24 घंटे बिजली सप्लाई मिलने जा रही है। खुरूमपुर पावर हाउस के अवर अभियंता जो अपने बेहतर कार्यों के लिए तमाम उप केन्द्रों में चर्चित रहे हैं और कार्यो को बखूबी निभाते हैं। अवर अभियंता नितिन चौधरी जो अभी युवा है नारायणपुर फिडर पर चल रही विधुत समस्या को नितिन चौधरी, एसडीओ गहरू व अधिशासी अभियंता संदीप कुमार वर्मा इन तीनों की युवा जोड़ी नारायणपुर फिडर पर बेहतर बिजली लगातार मुहैया करा रही हैं। इन तीनों लोगों की तैनाती के बाद से नारायणपुर फिडर के लोगों को बेहतर व्यवस्था मिली है। इसके साथ ही अवर अभियंता नितिन चौधरी ने खुरूमपुर पावर हाउस से एक नयें फिडर की लाइन को पूरी तरीके से बना दिया है और थोड़ा कार्य जो बचा है वो भी लगभग 15 दिन में पूर्ण हो जायेगा और यह फिडर



नानामऊ फिडर के नाम से होगा। इस फिडर से चक, सादुल्लानगर, तेरवा, नानमऊ, गोदौली, ऐन, कन्नी खेड़ा, कन्जा खेड़ा, सहित एक दर्जन गाँव अलग कर दिए जायेगें। जिससे खुरूमपुर पावर हाउस के नारायणपुर फिडर पर लोड कम हो जायेगा और नारायणपुर फिडर वासियों को बेहतर लाइट मिल सकेगी।

## पत्रकारों के संगठित होने पर ही संगठन होता है मजबूत- प्रदेश अध्यक्ष लाल सिंह

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** प्रदेश अध्यक्ष लाल सिंह ने कहा पत्रकार अपनी निष्पक्ष पत्रकारिता के बदौलत ही समाज में अपनी अलग पहचान बनाते हैं। जिसके लिए उन्हें जोखिम भी झेलना पड़ता है।पत्रकारिता एक चुनौती पूर्ण जोखिम भरा कार्य है सारी दिक्कतों का सामना कर एक पत्रकार अपने दायित्व का निर्वहन करता है। एक पत्रकार विषम परिस्थितियों में खबरों का संकलन कर उपेक्षित वर्गो को न्याय दिलाने का कार्य करता है। इसलिए पत्रकार ऐसे कार्य के लिए सम्मान के योग्य है। और आए दिन जिस तरीके से पत्रकारों को फर्जी झूठे मुकदमों में फसाया जाता है। व पत्रकारिता करते समय जिन अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन्हीं सब विषयों पर चर्चा करने हेतु रविवार दिनांक 27 अक्टूबर को हिंदुस्तान प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष लाल सिंह ने इन्हीं सब विषयों पर चर्चा की। इन्हीं सब विषयों पर चर्चा करने हेतु समस्त कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष मोहम्मद शोएब के द्वारा मौंदा स्थित सच की आवाज वेब न्यूज़ के कार्यालय पर रविवार को किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ पत्रकारिता है। एक पत्रकार समाज की सारी गतिविधियों का संकलन कर हमारे सामने उसे परोसता है।और उससे हम अवगत होते हैं। अखबार समाज का आईना होता है। और उसमें छपी खबरों पर हम अमल करते हैं। इतना ही नहीं जिला अध्यक्ष मोहम्मद शोएब ने बताया कि पत्रकार समाज में उत्पन्न सभी प्रकार की समस्याओं को जनता तक उजागर करते हैं। लेकिन इसके बावजूद भी कई बार उन पर अनावश्यक रूप से उत्पीड़न किए जाने का भी प्रयास किया जाता है। इसलिए पत्रकारों को संगठित होने की आवश्यकता है। इसी मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा के द्वारा रजत पांडेय को हिंदुस्तान प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन का वरिष्ठ उपाध्यक्ष व शशांक मिश्रा जी को संगठन मंत्री बनाने की घोषणा



की गई। सम्मान समारोह में मौजूद हिंदुस्तान प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा , प्रदेश अध्यक्ष लाल सिंह राठौर , न्यूज़ वर्ल्ड मीडिया प्रभारी शशांक तिवारी, प्रधान संपादक सरवन सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी आलोक प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष मोहम्मद शोएब, जिला संवाददाता शशांक मिश्रा, संवाददाता राजन भारती, संपादक दिनेश कुमार साप्ताहिक, सत्यपाल सिंह, ब्यूरो हिमांशु यादव, राजकुमार, राहुल कुमार, वंश गौतम, सनीत, प्रियांशु साहू, नितिन, अब्दुल रहीम, पुत्तन रावत, अमित कुमार, अमर रावत सहित सभी पत्रकार बंधु सम्मिलित हुए।

## खेलों से होता बच्चों का बौद्धिक विकास- प्रकाश दुबे

**● - न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**

**कबड्डी, खो-खो, रंगोली, सुलेख, ऊंची कूद, लंबी कूद व दौड़ में बच्चों ने किया प्रतिभाग**

स्वतंत्र प्रभात

**अतरौली (हरदोई)।** विकासखंड भरावन के प्राथमिक विद्यालय रुदौली नेवादा के प्रांगण में सोमवार को न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर बच्चों ने सरस्वती वंदना का गायन किया। खेलों में मुख्य रूप से कबड्डी, खो-खो, रंगोली, सुलेख, ऊंची कूद, लंबी कूद व 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया।

इसमें बालक व बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजक नोडल संकुल प्रकाश दुबे ने कहा कि खेलों से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। प्रधानाध्यापक संदीप आर्य ने कहा कि फिजिकल एक्टिविटी बहुत ही जरूरी है इससे बच्चों में ऊर्जा का संचार होता है। न्याय पंचायत के विद्यालय जूनियर गोड़वाखेम, जूनियर पीपरगांव, प्राथमिक व जूनियर रुदौली नेवादा, प्राथमिक सुआगाड़ा, अटवा, पुरवा, गोड़वाखेम, बकवा विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया।



कार्यक्रम में जूनियर संघ ब्लॉक अध्यक्ष कमलाकांत तिवारी, शिक्षामित्र संघ ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, रजनीश, राजेन्द्र, श्याम किशोर, अभिलाषा गुप्ता, रजनी शर्मा, नीतू बाजपेई, शिवानी सिंह, सुधा यादव, सुनीता गौतम, रीमा व राजबहादुर मौजूद रहे।

## धनतेरश पर बीडीसी सदस्यों व पंचों को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**माल, लखनऊ।** खुशियों के त्यौहार दीपावली पर्व पर लतीफपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मपाल सिंह के द्वारा बीडीसी सदस्यों व पंचों कंबल व मिष्ठान वितरण किया गया। आपको बता दें कि विकासखंड माल की ग्राम पंचायत लतीफपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मपाल सिंह (निरंजन सिंह)ने देश के महापर्व दीपावली के शुभ अवसर पर बीडीसी सदस्यों व पंचों कंबल व मिष्ठान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस मौके पर धर्मपाल सिंह ने कहा कि इस दिन भगवान श्रीराम, माता सीता और भ्राता लक्ष्मण चौदह वर्ष का वनवास पूरा करके अपने घर अयोध्या लौटे थे।



इतने सालों बाद घर लौटने की खुशी में सभी अयोध्या वासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से दीपों के त्योहार दीपावली मनाया जाने लगा। यह त्योहार कार्तिक मास की अमावस्या के दिन मनाया जाता है। अमावस्या की अंधेरी रात जगमग असंख्य दीपों से जगमगाने लगती है। यह त्योहार लगभग सभी धर्म के लोग मनाते हैं। इस त्योहार के आने के कई दिन पहले से ही घरों की लिपाई-पुताई, सजावट प्रारंभ हो जाती है।मिठाइयां बनाई जाती हैं। इस दिन देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है इसलिए उनके आगमन और स्वागत के लिए घरों को सजाया जाता है।

## तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर आयोजित

स्वतंत्र प्रभात

**हरपालपुर/हरदोई** जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भव्य आयोजन के साथ तीन स्काउट गाइड प्रशिक्षण संपन्न हुआ। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश द्वारा जिला संस्था हरदोई के जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला मुख्यायुक्त बालमुकुंद प्रसाद के नेतृत्व में जनपद के विद्यालयों में स्काउट और गाइड के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी क्रम में जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरपालपुर में तीन दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर के तृतीय दिवस में जिला संगठन कमिश्नर रमेश वर्मा ने शिविर का निरीक्षण किया, ब्लॉक स्काउट मास्टर



साण्डी के अब्दुल मुकीत बेग ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान कर उनकी कार्यो की सराहना की। जिले से आए प्रशिक्षक शैलेश जी तथा श्वेता त्रिवेदी के द्वारा बच्चों को ट्रेनिंग देकर विषम परिस्थितियों में निर्भीक होकर सेवा कार्यो को करने हेतु प्रेरित किया गया। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह चौहान द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों मैं जल्द सीखने की प्रवृत्ति की सराहना की द्यविद्यालय के स्काउट मास्टर शिवेंद्र वीर विक्रम सिंह तथा गाइड मास्टर दुर्गा मेम द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया द्यइस अवसर पर स्काउड गाइड के बच्चो ने प्रतिभाग किया।

## ऐप्जा चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने पत्रकारों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत** की तहसील पूरनपुर में ऐप्जा चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी द्वारा पत्रकारों के हित में एक आवश्यक बैठक ली गई। इस बैठक में सभी संगठन से जुड़े पत्रकारों ने भाग लिया और अनुराग सारथी का स्वागत फूल मालाओं से किया। बैठक के दौरान, अनुराग सारथी ने नए पत्रकारों को संगठन से जोड़ा और पत्रकारों के खिलाफ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि वे अपने पत्रकारों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे और इसके लिए आवश्यक कानूनी कार्यवाही करेंगे। सारथी ने यह भी कहा कि देश के चौथे स्तंभ की रक्षा की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की है, जो देश को सच का आईना दिखाता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि वे पत्रकारों पर हो रही घटनाओं पर विराम लगाएं, ताकि पत्रकार समाज को सच का आईना दिखा सकें। उन्होंने कहा कि हम किसी भी कीमत पर अपने पत्रकार का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम पत्रकारों के हित में हर संभव कानूनी कार्रवाई करेंगे। इस बैठक में पत्रकारों ने अपनी समस्याओं और चुनौतियों के बारे में चर्चा की और अनुराग सारथी ने उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।अनुराग सारथी ने कहा, की हम पत्रकारों के हित में हमेशा खड़े रहेंगे और उनकी



आवाज को उठाएंगे। हम पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस बैठक के साथ, अनुराग सारथी ने एक बार फिर से पत्रकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है और उनके हित में काम करने का वादा किया है। बैठक में संगठन के और क्षेत्रीय तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

## पीसीएफ केंद्र बंद होने से दर-दर भटकने को विवश किसानों

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** विकासखंड कछौना में नगर के रेलवे स्टेशन के पास उपभोक्ता संघ भवन में कई वर्षो से पीसीएफ केंद्र बंद होने के कारण किसानों को काफी परेशानी हो रही है। जिसके करण खाद बीज के लिए किसान दर-दर भटकने को विवश है। बतातें चलें विकासखंड कछौना के कस्बा के रेलवेगंज में उपभोक्ता संघ भवन में पीसीएफ केंद्र संचालित था। जिससे किसानों को उनकी उपज धान गेहूं खरीद के लिए केंद्र बनने से उनकी उपज का सही मूल्य मिल जाता था। यह उपभोक्ता संघ भवन किराए पर चल रहा था। उपभोक्ता संघ भवन काफी जर्जर हो गया है। मोहल्ले का पूरा पानी इस परिसर में आने से हमेशा जल भराव बना रहता है। परिसर में झाड़ी होने के कारण कीड़े मकोड़े बने रहते हैं। इस परिसर में शौचालय भी जर्जर हो गया है। बाउंड्री की दीवार टूट चुकी है। जिसके



कारण वहां छुट्टा जानवर बने रहते हैं। लाखों रुपए की कीमत का तैयार भवन अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। इस भवन परिसर में स्थानीय लोगों ने अवैध कब्जा भी कर लिया है। एक व्यक्ति ने कई कमरों का आवास भी बना लिया है। जिम्मेदार नुमाइंदे आंख बंद किए हैं। सरकारी कर्मचारी ने इस केंद्र तक ट्रक न पहुंचने का कारण बताकर इस केंद्र को 3 वर्ष पूर्व बंद करा दिया, जबकि थोड़ा प्रयास करके रास्ता सही करा दिया होता, तब आसानी से केंद्र तक वाहन पहुंच सकते थे। वर्तमान समय में विकासखंड कछौना में चार साधन सहकारी समितियां सक्रिय हैं, काफी संख्या में किसान खाद बीज खरीद केंद्र न होने के कारण दर-दर भटकने को विवश हैं। इस केंद्र को शीघ्र चालू कराने की मांग मण्डल अध्यक्ष भाजपा नवीन पटेल ने शासन प्रशासन से की। जिस पर संयुक्त आयुक्त एवं सहकारिता के अधिकारियों ने समुचित रास्ता सही न होने का कारण बताया है। क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा ने पूरे मामले को जिला अधिकारी को अवगत कराया है, उन्होंने शीघ्र केंद्र चालू कराने का आश्वासन दिया है।

## महिलाओं,बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु विधिक जागरुकता शिविर

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश माननीय राजकुमार सिंह तथा सचिव/अपर जिला जज माननीय भूपेंद्र प्रताप के आदेशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति शाहाबाद सचिव/तहसीलदार अजय कुमार की अध्यक्षता में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति विशेष अभियान के पांचवें चरण के संचालन हेतु विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन नेहरू म्युनिसिपल कन्या इंटर कॉलेज शाहाबाद में किया गया।

जिसमें तहसीलदार अजय कुमार द्वारा बताया गया कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए भारत सरकार ने मिशन




शक्ति नाम की योजना शुरू की है। इस योजना का मकसद महिलाओं और बालिकाओं को अल्प और दीर्घकालिक सेवाएं देकर उनकी देखभाल सुरक्षा और विकास करना है महिलाओं के अधिकार तथा योजनाओं के विषय में जानकारी दी तथा बताया कि बालिकाओं के अधिकार मानव अधिकार हैं महिलाओं और बालिकाओं को भी वही मौलिक अधिकार मिलनी चाहिए जो पुरुषों को मिलते हैं इन अधिकारों में शामिल है शिक्षित होने का अधिकार, संपत्ति का मालिक होने का अधिकार समान वेतन पाने का अधिकार तथा अन्य अधिकारों के विषय में जानकारी दी।विषय विशेषज्ञ अम्बरीष कुमार सक्सेना के संचालन में हुए इस जागरुकता शिविर में प्रधानाचार्या नूरुल हुमा, शिक्षिका सरिता रानी, पुष्पांजलि श्रीवास्तव, वैशाली यादव, वंदना दीक्षित, उषा देवी,रुचि पांडेय, वर्तिका शुक्ला, आयशा परवीन, नामिका अधिवक्ता आशुतोष त्रिपाठी, लीगल एड क्लीनिक मोहम्मद शाजेब सिद्दीकी एवं छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में बच्चों ने प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने का लिया संकल्प

**● - मिट्टी के दीयों से रोशन करेंगे दिवाली का पर्व**

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल बच्चों ने रंग-बिरंगे दिए और सुंदर रंगोली सजाकर विद्यालय के वातावरण को दिवाली की चमक से रोशन करने वह प्रदूषण रहित दीपावली मनाने का संकल्प लिया। बच्चों ने मिट्टी के दीयों को बनाकर व सजाकर भारतीय संस्कृति से जोड़ने और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया । कार्यक्रम में बच्चों ने न केवल दिवाली मनाई बल्कि प्रदूषण मुक्त दिवाली का संकल्प भी लिया।विद्यालय के संस्थापक अखिलेश सिंह ने बच्चों को दिवाली से जुड़े संस्कारों और परंपराओं का महत्व बताया। उन्होंने विशेष रूप से पटाखों से होने वाले प्रदूषण के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला। अखिलेश सिंह ने बताया कि आतिशबाजी से फैलने वाला प्रदूषण पूरे वर्ष में होने वाले प्रदूषण से कहीं अधिक हानिकारक होता है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया कि वे इस दिवाली पटाखे जलाने के बजाय अपने आसपास के लोगों को घी के दीप जलाकर दिवाली मनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हमें अपनी धरती को सुरक्षित और स्वच्छ बनाए रखना चाहिए और प्रदूषण से दूर रहना चाहिए।



विद्यालय के प्रबंधक मुकेश सिंह ने बच्चों को दिवाली के महत्व को समझाया और बताया कि यह रोशनी और खुशियों का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि पटाखे जलाने से प्रदूषण होता है, जो हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है। इसलिए उन्होंने बच्चों को घी के दीपक जलाकर दिवाली मनाने और पर्यावरण को संरक्षित करने की प्रेरणा दी। मुकेश सिंह ने बच्चों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार और समाज के अन्य लोगों को भी प्रदूषण रहित दिवाली मनाने के लिए प्रेरित करें।इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या लक्ष्मी देवी और शिक्षिका विनीता त्रिवेदी ने भी बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दिवाली के मौके पर हमें अपनी खुशियों को समाज के उन लोगों के साथ बांटना चाहिए जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। बच्चों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने आसपास के जरूरतमंद बच्चों के लिए दिवाली के उपहारों की व्यवस्था करेंगे ताकि उनके जीवन में भी दिवाली की खुशियां ला सकें।कार्यक्रम में शामिल विद्यालय की शिक्षिकाएं कविता गुप्ता, अर्पिता सिंह, मंशा बाजपेई, नीलम राठौर, सोनम शुक्ला, कोमल यादव, शशिबाला, प्रज्ञा, सोनी, पूजा, आरती, नजरीन, प्रियंका, शिवानी और शिक्षकगण - राम प्रकाश पांडेय, अशोक कुमार गुप्ता, देवेश प्रसाद, उदय शुक्ला, शुभम सिंह आदि भी उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने के लिए प्रेरक बातें साझा कीं और सभी बच्चों को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।विद्यालय में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम ने बच्चों को एकता, सहयोग, और सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाया। बच्चों ने यह संकल्प लिया कि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम का समापन सभी बच्चों और शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से 'प्रदूषण मुक्त दिवाली' की शपथ के साथ हुआ।

## 06 जनवरी को किया जायेगा निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन-प्रियंका सिंह

**● - मतदाता सूची को अद्यावधिक शुद्ध एवं सही तैयार कराने में सहयोग करें-एडीएम**

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका सिंह ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग की अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण में बूथों पर दावे/आपत्तियां 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक नामित बूथ लेबल अधिकारी द्वारा ली जायेगी। उन्होने बताया है कि 29 अक्टूबर को निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन होने के साथ 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक बूथ स्तर पर दावे आपत्तियां ली जायेगी, इसके अतिरिक्त दावे/आपत्ति प्राप्त करने हेतु 09,10,23 व 24 नवम्बर 2024 को विशेष अभियान चलाकर 06 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। उन्होने नागरिकों से कहा है कि जिनका आयु 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूरी हो रही है या उससे अधिक आयु के है, नाम गलत है, छूट गया है आदि के लिए निर्धारित तिथियों में अपने गांव के बूथ पर जाकर बूथ लेवल अधिकारी से आवेदन पत्र निःशुल्क प्राप्त करें और समस्त प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए अपना नाम मतदाता सूची दर्ज करायें, इसके अतिरिक्त अर्हता तिथि 01 अप्रैल, 01 जुलाई व 01 अक्टूबर 2025 में अठारह वर्ष की आयु पर्ण करने वाले पात्र नागरिक है भी निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने हेतु अग्रिम में प्रारूप 6 पर दावा कर सकते है। उन्होने समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, समाज सेवी संस्थाओं तथा नागरिकों से कहा है कि मतदाता सूची को अद्यावधिक शुद्व एवं सही तैयार कराने में सहयोग प्रदान करें।

## केक काटकर मनाया गया सुभासपा का 22 वां स्थापना दिवस

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** रविवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का 22 वां स्थापना दिवस प्रेस क्लब सभागार में केक काटकर मनाया गया। आयोजक जिलाध्यक्ष मनोज राजभर और जिला प्रमुख महासचिव राजेश राजभर ने संचालन करते हुये पार्टी की विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव विनोद कुमार राजभर ने कहा कि 27 अक्टूबर 2002 को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की स्थापना किया गया। लगातार 22 वर्षो से शोषित, वंचित, पिछड़ें व दलितों व अन्य समाज के हक हिस्सा के लिए रात दिन संघर्ष का क्रम जारी है।

बौद्धिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष के बृजभूषण मिश्र ने कहा कि कार्यकर्ता अपने संगठन को मजबूत करने के लिए लग जायें और हर समाज के बीच जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर के विचारों का प्रचार-प्रसार करें जिससे आगामी



2027 के विधानसभा चुनाव में कामयाबी का एक रास्ता प्रदर्शित हो। विधायक दूधराम ने कहा कि गरीब, शोषित, पिछड़ा व अन्य समाज की लड़ाई यदि कोई लड़ता है तो वह हैं ओम प्रकाश राजभर जिन्होंने हर समाज के गरीब की समस्या को सुनने का काम करते हैं। जिलाध्यक्ष मनोज राजभर व अमन राजभर मंत्री प्रतिनिधि ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव चलकर जन चौपाल के माध्यम से नेता जी के विचारों का प्रचार-प्रसार करें।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजभर मण्डल अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी देवी, राजभर जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, पूजा देवी प्रभावती देवी, सीता देवी, उमेश राजभर, अर्जुन राजभर, राम पाल राजभर, राम किशुन राजभर, बब्लू यादव, राज कुमार राजभर, विजय चौहान, अम्बिका राजभर, दिनेश राजभर, प्रमोद चौधरी, सूरज गौतम, संदीप चौहान, आशीष राजभर, गुड्डू राजभर तथा राजन सहित पार्टी के तमाम।

# संक्षिप्त ख़बरें

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान सुनी जनसमस्याएं




**संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिए निर्देश**

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं डीएम अमेठी की जनसुनवाई में आए फरियादियों ने बताया कि डीएम अमेठी द्वारा सभी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जाता है जिससे समस्याओं से निजात मिलती है।

## दीपावली में निशुल्क उज्जवला गैस योजना का उपभोक्ता उठाएं लाभ -- डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह

**महराजगंज /रायबरेली।** भारत सरकार द्वारा पात्र लाभार्थियों के लिए चलाई गई निशुल्क उज्जवला गैस योजना के तहत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक उज्जवला गैस उपभोक्ता को 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक एक गैस सिलेंडर निशुल्क दिया जाएगा। जबकि सिलेंडर लेते वक्त पहले पूरा पैसा देना होगा उसके बाद पुनः पूरी धनराशि उपभोक्ताओं के खाते में आ जाएगी जिससे सरकार द्वारा संचालित की जा रही उज्जवला गैस योजना के लाभार्थी दीपावली के शुभ अवसर पर यह लाभ उठाएं तो वही महराजगंज स्थित अदिती इंडियन गैस एजेंसी के प्रबन्धक महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा उज्जवला गैस कनेक्शन धारकों को निशुल्क एक गैस सिलेंडर सरकार द्वारा दिया जा रहा है। तथा प्रत्येक उपभोक्ताओं को सूचित किया जा रहा है कि सिलेंडर लेते वक्त ई केवाईसी जरूर करवा ले जिससे कि उपभोक्ताओं को मिलने वाली धनराशि जल्द ही उनके खातों में जा सके इस योजना का लाभ उपभोक्ता 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक उठा सकते हैं।

## औड़ी हनुमान मंदिर परिसर में मेले का राज्य मंत्री ने किया उद्घघाटन



**अनपरा सोनभद्र-** आज दिनांक 28 अक्टूबर 2024 दिन सोमवार को औड़ी स्थित बड़े हनुमान मंदिर परिसर में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री माननीय संजीव सिंह गौड़ के हाथों मंदिर परिसर में मेले का उद्घघाटन किया गया। जिसके बाद इस उद्घघाटन समारोह में उपस्थित सभी पदाधिकारी गड़ एवं गणमान्य लोगों ने मंच के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करते हुए मेले की मजबूती की ओर उच्च अधिकारियों का ध्यान केंद्रित करने का प्रयास किया। इस मौके पर आर. डी. सिंह, प्रकाश यादव, अजय प्रकाश पाण्डे, प्रभाशंकार मिश्रा, जगदीश बैशवार , अजय पाठक, आर. पी. खंडेवाल, राम नरेश वैश्य, बंशी वैश्य, सुरक्षा की दृष्टि से अनपरा थाना प्रभारी पंकज पाण्डे अपने दलबल के साथ मौजूद रहे साथ ही वरिष्ठ पत्रकार दीपक सिंह, संदीप यादव, मुकेश कुमार, आकाश यादव, संजीव दुबे, अजयंत कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, दारोगा देव यादव उपस्थित रहे।

## क्षतिग्रस्त संड़क पर गिरकर बाईक सवार हुआ घायल



**ओबरा/ सोनभद्र-** सोमवार को चोपन थाना क्षेत्र के चोपन भरहरी मार्ग पर सिंदुरिया गांव में अनियंत्रित होकर गिरने से बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही में मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद घायल शिववरन निशाद पुत्र स्व. राम-लखन उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी अगोरी खास थाना जुगैल बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक चोपन भरहरी मार्ग बालू परिवहन के चलते बड़े बड़े वाहनों का आवागमन होता है जिसके चलते संड़क कई कई जगहों पर गढ्ढों में तब्दील हो गया है जहां गढ्ढों से बचने के चलते आये दिन बाईक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं । लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए क्षतिग्रस्त संड़क को ठीक कराने की मांग की है ताकि लोग सुरक्षित यात्रा कर सकें।

# डीएम ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर की बैठक

**● दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक- डीईओ**

**जनपद में 09, 10, 23 व 24 नवम्बर को चलेगा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान**

**01.01.2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा विशेष अभियान की तिथियों में मतदेय स्थलों पर जाकर मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करायें- डीईओ**

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली**–अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ व समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने बताया कि निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त परीक्षण की गतिविधियों के संबंध में समय सारणी निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार एकीकृत आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 (मंगलवार) को किया जायेगा तथा 29 अक्टूबर 2024 (मंगलवार) से 28 नवम्बर 2024 (बृहस्पतिवार) तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की अवधि निर्धारित की गई है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष अभियान की तिथियां 09 नवम्बर 2024 (शनिवार), 10 नवम्बर 2024 (रविवार), 23 नवम्बर 2024 (शनिवार) एवं 24 नवम्बर 2024 (रविवार) को निर्धारित हैं। 24 दिसम्बर 2024 (मंगलवार) तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा तथा 6 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा।

विशेष अभियान की तिथि के अनुसार प्रत्येक मतदेय स्थल पर सम्बन्धित बी0एल0ओ0 मतदाता सूची के साथ दावे/आपत्ति प्राप्त करने हेतु उपस्थित रहेंगे। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि मतदाता सूची 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक समस्त मतदान केंद्रों पर देखने हेतु उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि समस्त मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह के अन्दर बी0एल0ए0 (बूथ लेवल एजेण्ट) को नियुक्त कर इसकी एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय रायबरेली में तक उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को दावे और आपत्तियों की निर्धारित सूची फॉर्म इत्यादि साप्ताहिक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त पूरक सूचियां मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट https://ecouttarpradesh.nic.in/ पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हैं जिसका किसी भी व्यक्ति द्वारा उनका अवलोकन किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वेबसाइट www.ceouttarpradesh.nic.in ÂÚU search your Name Electoral Roll बटन पर क्लिक करके मतदाताओं द्वारा अपने से संबंधित विवरण की पुष्टि की जा सकती है तथा अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करके भी मतदाता सेवाएं प्राप्त कर सकतें हैं। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मा0 आयोग के निर्देशानुसार 'कोई भी मतदाता छूटे ना 'के क्रम में समस्त अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल किए जाएं इसमें किसी भी प्रकार की अनियमित ना बरती जाए।

# जनपद के विभिन्न विद्यालयों में अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** अग्निशमन अधिकारी शिवदरस प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष दीपावली का मुख्य पर्व 31 अक्टूबर 2024 को मनाया जायेगा व दीपावली पर्व पर प्रत्येक परिवार में दीप प्रज्जवलित कर तथा आतिशबाजी कर हर्षोल्लास से खुशियों से मनाया जाता है तथा ऐसे शुभ अवसर के समय थोड़ी सी लापरवाही माहौल को गम में परिवर्तित कर सकती है। उन्होंने बताया कि आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक अमेठी के आदेशानुसार अग्निशमन एवं आपात सेवा केन्द्र अमेठी द्वारा अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान चलाया गया तथा जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान में अग्निशमन अधिकारी अमेठी शिवदरस प्रसाद द्वारा अपनी पूरी टीम के साथ जनपद के रणवीर रणन्जय पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन प्रथम, देवीपाटर इण्टर कालेज, प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन द्वितीय, शिव प्रताप इण्टर कालेज में अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं, अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं स्टाफ को जागरुक करते हुए आग लगने के सम्भावित कारकों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्यूशरों को चलाने के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए घरों एवं रसोईघरों में अग्निसुरक्षा, एलपीजी से बचाव एवं सावधानियों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण देकर जागरुक किया। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के अनेक तरीकों सहित इवैक्नेशन ड्रिल कराकर छात्र-छात्राओं, अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं स्टाफ को आग लगने की स्थिति में भवन से सुरक्षित मार्ग द्वारा बाहर निकलने का अभ्यास कराया गया तथा अभियान के दौरान दीपावली पर्व को देखते हुये अग्निशमन अधिकारी द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस क्रम में उन्होंने बताया कि गैस लीक होने पर किचेन में बिजली के स्विच को आफ अथवा आन न करें एवं गैस सिलेण्डर सदैव खड़ा रखे, निर्धारित समय पर गैस में लगे रबर पाईप को बदल दें एवं रात्रि में सोने से पहले गैस सिलेण्डर का वाल्व बन्द कर दें व जलते हुये स्टोव व लालटेन में मिट्टी का तेल न भरें, भोजन बनाते समय अपने शरीर के कपड़ों का प्रयोग चूल्हे पर चढ़े बर्तनों को उतारने के लिए न करें, खाना बनाते समय ढीले-ढाले आँचल को बांध कर रखें, उसे चूल्हे व स्टोव की आग की लपटों से बचाकर रखें तथा घर में बिजली के कटे-फटे तारों को तुरन्त बदलवा दें या मरम्मत करा लें, सही ढंग का फ्यूज लगायें व एक ही प्लग पर कई यंत्र न लगाएं। उन्होंने बताया कि कुकिंग गैस सिलेण्डर में लीकेज का आभास होते ही आस-पड़ोस की अन्य अंगीठियाँ व जलती हुई बीडी-सिगरेट को तुरन्त बुझा दें, आग लगने पर सबको बतायें व आग बुझाने का प्रयास करें, कपड़े में आग लगने पर दौड़े नहीं, बल्कि जमीन पर लेटकर लुढ़के, फ्लेम प्रूफ बिजली की व्यवस्था किया जाय, धूम्रपान, माचिस का प्रयोग अथवा अन्य कोई आग लगने वाली वस्तु का प्रयोग सुरक्षा घेरे के अन्दर न किया जाय तथा जिस सिलेण्डर में आग लगी हो उसे फायर एक्सटिंग्यूशर से बुझायें व आग लगे सिलेण्डर को गोदाम से बाहर कर दें। उन्होंने बताया कि दीया/मोमबत्ती सुरक्षित स्थान पर सजायें, बिजली की झालर आदि से बिजली के बोर्ड पर अतिरिक्त भार न दें तथा शार्ट सर्किट होने से आग लगने की ओर विशेष रूप से सतर्क रहें व झुग्गी, झोपड़ी, आरा मशीन, भूसे के ढेर से दूर पटाखों को छुड़ायें, दीपावली पर मोटे और चुस्त कपड़े पहनें तथा ढीले और लहरदार सिन्थेटिक कपड़ों को न पहनें, अपने घर में पटाखे चलाते समय अग्नि दुर्घटना से तुरन्त निपटने हेतु 2 बाल्टी पानी भर कर तैयार रखें तथा पटाखों को जलाने के लिए मोमबत्ती को डन्डे में बांधकर प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि जलते हुए पटाखों से उचित दूरी रखें, पटाखे छोड़ते समय चुस्त और मोटे सूती कपड़े पहनें, पटाखों को सुरक्षित स्थान पर आग के स्रोत एवं ज्वलनशील पदार्थों को दूर रखें, पूजन अर्चन हेतु प्रयोग में लाये गये अगरबत्ती धूपबत्ती तथा मोमबत्ती को जलते हुए नहीं छोड़ना चाहिए, पूर्ण रूप से उक्त पूजन सामग्री के बुझ जाने का बाद ही पूजा स्थल को छोड़ना चाहिये व पटाखों को जलाते समय सिन्थेटिक अथवा सिल्क और ढीले वस्त्र को न पहनें तथा पटाखों को हाथ में पकड़कर जलाने का प्रयास न करें, जो पटाखे चलाते समय चल नहीं पाते हैं उनको उठाकर देखने का प्रयास न करे कि वह क्यों नहीं चला। उन्होंने बताया कि घरों के अन्दर/किचन के पास पटाखे किसी भी दशा में न चलायें, पटाखों को कभी भी जेब में न रखें, पटाखों के ऊपर झुककर कभी भी उनको चलाने का प्रयास न करें व जनता द्वारा प्रयोग में लाये जाने वाले सार्वजनिक स्थान यथा फुटपाथ, सड़क आदि पर आतिशबाजी न चलायें, पटाखों को मोमबत्ती या दीये के पास न चलायें तथा बच्चों को जलता हुए पटाखा किसी के ऊपर न फेकने दें। उन्होंने बताया कि प्रयोग किये गये पटाखों में बची सामग्री से पटाखा निर्मित करने का प्रयास न करें, घनी बस्तियों में अथवा पेट्रोल पम्प, तेल के भण्डार, आरा मशीन, पण्डाल जैसे स्थानों के पास पटाखें अथवा राकेट न चलायें व जल जाने पर रनिंग वाटर का प्रयोग करें तथा चिकित्सक से सलाह लें। उन्होंने बताया कि अपने क्षेत्र के फायर स्टेशन का टेलीफोन नम्बर याद रखें व पुलिस थाने पर भी आग की सूचना दें, आग लगने पर फायर ब्रिगेड को टेलीफोन करके अवश्य बुलाये जो हर समय निःशुल्क उपलब्ध है तथा सूचना देने समय संयमित आवाज में साफ तौर पर पूरा विवरण दें व तत्काल पहुंचने का मुख्य स्थान बता दें एवं फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक आग बुझाने का हर सम्भव प्रयास करते रहें, घी, तेल व पेट्रोलियम की आग को पानी से न बुझाए उसे फोम एक्सटिंग्यूशर या मिट्टी व बालू से बुझाने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि कपड़ों में आग लगने पर कम्बल का प्रयोग करें अथवा जमीन पर लेटकर लुढ़के एवं फायर ब्रिगेड आने पर बेकार भीड़ एकत्र न करें तथा आग से घिरने पर खिड़की, दरवाजा आदि से शोर लगाकर अपनी ओर ध्यान आकर्षित करें तथा भारी चीजों से रस्सी या कपड़े बांधकर उससे उतरने का प्रयास करें, छत से छलांग न लगाये व आग फैलने से रोकने हेतु दरवाजे खिड़कियॉ बंद रखें। इस दौरान जागरूकता अभियान में रणवीर रणन्जय पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन प्रथम, देवीपाटर इण्टर कालेज, प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन द्वितीय, शिव प्रताप इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया तथा अग्निशमन तथा आपात सेवा केन्द्र अमेठी के प्रशिक्षक फायर सर्विस चालक राजेन्द्र प्रसाद दूबे, फायरमैन अमित कुमार, अरविन्द कुमार, योगेश प्रताप सिंह, सौरभ व रणजीत यादव ने प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



# प्राथमिक विद्यालय रामपुर पदुमनाथ में वार्षिकोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

**● छात्र-छात्राओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अनुपम प्रस्तुति**

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़,रायबरेली।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रामपुर पदुमनाथ में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ खण्ड शिक्षाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत शिक्षक युगल किशोर अवस्थी, प्रधानाध्यापिका लतादेवी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रचलन से किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के संस्कृत कार्यक्रमों की अनुपम प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के समापन पर खण्ड शिक्षाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए खण्ड शिक्षाधिकारी ने कहा कि शिक्षा ही व कुंजी है जो सफलता के सारे द्वार खोल देती है। इस मौके आदर्श कृषक विद्यालय भौसी के प्रधानाध्यापक उदय प्रताप सिंह, आशुतोष यादव विद्यालय की शिक्षिका, मधुलिका मिश्रा, सुधीर कुमार सिंह, रामकिशुन, अभिभावक लक्ष्मीकांत, सावित्री, ओमप्रकाश, राजकुमारी, रामप्रकाश, रामचंद्र के साथ ही भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




# दीपावली पर्व के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी जारी

**● 141000 मूल्य का 1284 लीटर तेल सीज करते हुए जांच रिपोर्ट आने तक विक्रय पर लगाई रोक**

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** सहायक आयुक्त खाद्य राजेश द्विवेदी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा दीपावली पर्व के दृष्टिगत मिलावटखोरों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बाजार शुकुल में एक प्रतिष्ठान पर लखनऊ से सप्लाई किया जा रहे तीन अलग-अलग ब्रांड के राइस ब्रान आयल का नमूना लेकर लगभग रुपए 141000 मूल्य का 1284 लीटर तेल सीज करते हुए जांच रिपोर्ट आने तक विक्रय पर रोक लगा दी है इसके बाद जगदीशपुर में एक प्राइवेट बस द्वारा सप्लाई किये जा रहे छेने के रसगुल्ले के दो अलग-अलग मिठाई दुकानों से नमूने लिए और मिल्क का भी एक नमूना लिया गया। आज की कार्यवाही में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित प्रकाश वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी युगल किशोर, श्रीकिशुन चौहान, जावेद अख्तर और रमाशंकर पटेल शामिल रहे। सहायक आयुक्त खाद्य राजेश द्विवेदी ने अपील किया है कि मिलावट रोकने में जनता भी खाद्य सुरक्षा विभाग का सहयोग करें और यदि उसे कहीं मिलावट खोरी से संबंधित कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो मोबाइल नंबर 9044086790 अथवा 8172830056 पर सूचित कर सकते हैं।

# आरेडिका में सर्तकता जागरूकता सप्ताह की हुई शुरूआत

स्वतंत्र प्रभात




**लालगंज रायबरेली** –आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत की गई। इस अवसर पर सतर्कता प्रतिज्ञा ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने नीतिपरक कार्य पद्धतियों को अपनाने, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देने तथा रिश्वत न लेने और न देने की नीति संहिताओं का अनुपालन करने के लिए शपथ दिलायी। इसी के साथ ही अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्य स्थल पर शपथ ग्रहण की।प्रशासनिक सभागार में प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल ने ''गुणवत्ता में सुधार और सर्तकता पहलुओं '' पर एक प्रजेण्टेशन के माध्यम से समझाया कि हम किस प्रकार एक गुणवत्ता में सुधार के लिए एक लिखित योजना बना सकते हैं जिससे बड़ी आसानी से गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। इसी कड़ी में आज शॉपिंग कॉम्पलेक्स में ''सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि'' विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।इस अवसर आरेडिका के मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम अकमल वदूद, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र सहित उच्च अधिकारी एवं कर्मचारियों उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में 50 वर्षीय अधेड़ का शव नाले में मिलने से फैली सनसनी

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज (रायबरेली)**– कोतवाली क्षेत्र के गांव खेरवा मजरे मुरैनी में सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में नाले में उतराता हुआ 50 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने के बाद सनसनी फ़ैल गई नाले में शव उतराने की सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह को दी जिसके बाद उनकी सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकल वाया गया। अधेड़ की पहचान कोतवाली क्षेत्र के गांव कुशमहुरा के रहने वाले अंगनू पुत्र रामकिशुन के रूप में हुई। बताते हैं कि अंगनू आज सोमवार की सुबह घर से मछली मारने की बात बता कर कटिया और झोला लेकर निकला हुआ था जिसके बाद दोपहर में उसका शव नाले में उतराते हुआ मिला आशंका जताई जा रही है, कि मछली पकड़ने के दौरान उसका पैर फिसला होगा और गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। मामले में प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, प्रथमदृष्टया डूबने से अंगनू की मौत होना प्रतीत हो रहा है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही सही वजह सामने आयेगी।

# नरसिंह ऑटोमोबाइल शोरूम में सीएनजी बाइक फ्रीडम की हुई लांचिंग

**●बजाज ने मार्केट में उतारी आकर्षक सीएनजी बाइक**

स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़,रायबरेली।** क्षेत्र के लाही बार्डर गुमावां स्थित बजाज नर्सिंग ऑटोमोबाइल शोरूम में बजाज की सीएनजी बाइक फ्रीडम 125 सीसी की लॉन्चिंग होने से ग्राहकों में खुशी के लहर दौड़ गई है। फ्रीडम की लांचिग के मौके पर जहाँ 2 सीएनजी बाइकों की बुकिंग हुई वहीं पल्सर, प्लेटिना सहित 7 अन्य बाइकों की बिक्री हुई। नर्सिंग ऑटोमोबाइल शोरूम के प्रबंधक सूरज सिंह ने सीएनजी बाइक फ्रीडम की विशेषताएं गिनाते हुए बताया कि दिखने में यह अन्य बाइकों की तरह बिल्कुल शानदार,लजवाब और आकर्षक है, दूसरी बात सीट के नीचे लगा सीएनजी सिलेंडर दिखाई नहीं देता, आकर्षक एलईडी हेडलाइट इंडिकेटर,डिस्क ब्रेक इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। पेट्रोल टैंक के ढक्कन के पास ही सीएनजी व पिट्रोल पड़ जाता है। बटन को ऊपर करने से सीएनजी और बटन को नीचे करने से पेट्रोल से बाइक चलेगी। सीएनजी सिलेंडर को काफी मजबूत बनाया गया है ताकी किसी प्रकार का खतरा न रहे। 2 लीटर पेट्रोल, 2 लीटर सीएनजी में 340 किलोमीटर जायेगी। सीएनजी बाइक की लॉन्चिंग हैदरगढ़ अध्यक्ष आलोक तिवारी ने की, वहीं टेस्ट ड्राइव एवं ग्राहकों को बाइक की चाबी गुमावां पुलिस चौकी श्रवण कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रदान की गई। इसके साथ ही नरसिंह ऑटोमोबाइल शोरूम के संरक्षक शेर बहादुर सिंह ने पत्रकारों एवं समाज के कर्णधारों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर टिंकू सिंह, अनुज अवस्थी, हर्षित, लवलेश शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# फोन पर सिम व खाते को अपडेट कराने वाली फोन कॉल से बचें: एसपी क्राइम

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** शहर के अब्दुल्ला गर्ल्स स्कूल एएमयू में एसएसपी के निर्देश के अनुसार साइबर जागरुकता सेमिनार आयोजित की गई। जिसमे विद्यालय के अध्यापक गण एवं मुख्य अतिथि ममता कुरील एसपी क्राइम साथ ही साथ अमित कुमार साइबर थाना अध्यक्ष अलीगढ़ प्रोजेक्ट उम्मीद के पदाधिकारी अलीगढ़ अध्यक्ष आदिल जवाहर उपाध्यक्ष एवं एडवोकेट नदीम अंजुम अहमर फरीदी एवं दानिश उपस्थित रहें छात्राओं को वर्तमान मे होने वाले विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों जैसे लोन एप के माध्यम से फोन का एक्सेस लेकर पैसे मांगना ,परिचित बनकर खातें मे पैसे डालने का बहाना बनाकर आनलाईन ठगी करना,लॉटरी व उपहार का लालच देकर आनलाईन ठगी करना ,मोबइल सिम व खाते को अपडेट करने के बहाने खाते व ए टी एम की जानकारी लेकर आनलाईन ठगी करना ,गूगल से कस्टमर केयर का न0 सर्च कर बात करने पर ठगी होना ,फेसबुक व व्हाट्सएप पर दोस्ती कर विडियो कॉल के द्वारा अश्लील विडियो बनाकर ब्लैकमेल करना ,ओ एल एक्स तथा फेसबुक पर सामान बेचने व खरीदने के बहाने से ठगी करना के बारे मे जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचने के तरीको जैसे किसी अन्जान नम्बर से परिचित बनकर आने वाली फोन कॉल पहले अपने फोन से उक्त परिचित से बात कर लेने से इस प्रकार की घटना से बचा जा सकता है तथा अपने फोन पर सिम व खाते को अपडेट कराने वाली फोन कॉल से बचें। यदि आपको कभी भी किसी कम्पनी के कस्टमर केयर न0 की आवश्यकता होती है तो सदैव उस कम्पनी की वास्तविक साइट पर जाकर फोन न0 प्राप्त करें। साइबर अपराधियों द्वारा आवाज को कापी कर व वीडियो काल पर परिचित का चैहरा लगाकर (आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स) के द्वारा सगे सम्बन्धियों से साइबर ठगी की जाती है जिससे बचने के लिए सम्बन्धी व्यक्ति से बात कर पूर्ण पुष्टि कर लेनी चाहिए तथा साइबर ठगों द्वारा नकली पुलिस अधिकारी बनकर पीडित को फोन पर बताया जाता है कि आपके नाम से एक शिकायत दर्ज हुई है झूठे मामले को लेकर पीडित को पहले काफी डराया धमकाया जाता है इसके बाद घर से बाहर निकलने से मना कर देते है और यह कहते है कि आपको डिजीटल अरेस्ट किया जाता है। पुलिस द्वारा इस प्रकार डिजीटल अरेस्ट नही किया जाता है अगर किसी के पास ऐसी काल आती है तो वह फ्रॉड काल है इसे इग्नोर करें। इस प्रकार वर्तमान समय मे होने वाली साइबर अपराध की घटनाओं से बचा जा सकता है। यदि साइबर अपराध की घटना हो जाती है तो इसकी सूचना तुरन्त साइबर अपराध हैल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल करें तथा इसकी शिकायत साइबर क्राइम पुलिस पोर्टल ू.बलइमतबतपउम. हवअ. पद पर करने के बारें मे भी बताया गया।



# नेशनल मीडिया प्रेस क्लब ने प्रादेशिक कार्यालय में धूमधाम के साथ मनाई गई पत्रकार पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती

● -अध्यक्ष एमडी शर्मा तथा महामंत्री उमाशंकर त्यागी ने विद्यार्थी जी के जीवन पर डाला प्रकाश।



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के प्रादेशिक कार्यालय काकादेव कानपुर में बड़े ही धूमधाम के साथ संगठन द्वारा पत्रकार पुरोधा स्वर्गीय गणेश शंकर विद्यार्थी जी जयंती के शुभ अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनकी याद में धूमधाम से जयंती मनाई गई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम डी शर्मा व राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट उमाशंकर त्यागी द्वारा पत्रकार शिरोमणि, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अपनी कलम की धार से विदेशी हुकूमत को झुकाने वाले, स्वर्गीय गणेश शंकर विद्यार्थी जी के जीवन एवं योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। सभी उपस्थित सदस्यों व पदाधिकारी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट उमाशंकर त्यागी ने बताया कि गणेश शंकर विद्यार्थी एक महान क्रांतिकारी, निडर और निष्पक्ष पत्रकार, समाजसेवी और स्वतंत्रता सेनानी थे, भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास में उनका नाम अजर-अमर है। गणेशशंकर विद्यार्थी एक ऐसे पत्रकार थे, जिन्होंने अपनी लेखनी की ताकत से भारत में अंग्रेजी शासन की नींद उड़ा दी थी। गणेशशंकर 'विद्यार्थी' का जन्म 26 अक्टूबर 1890 को इलाहाबाद के अतरसुइया मुहल्ले में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम जयनारायण था जो हथगाँव, (फतेहपुर, उत्तर प्रदेश) के निवासी थे। इनके जीवन संघर्ष से पूरी तरह भरा रहा, उन्होंने प्रसिद्द लेखक पंडित सुन्दर लाल के साथ उनके हिंदी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' के संपादन में सहायता की लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण लगभग एक वर्ष तक अध्ययन के बाद 1908 में उन्होंने कानपुर के करेंसी आफिस में 30 रु. महीने की नौकरी की पर एक अंग्रेज अधिकारी से कहा-सुनी हो जाने के कारण नौकरी छोड़ कानपुर के पृथ्वीनाथ हाई स्कूल में सन 1910 तक अध्यापन का कार्य किया। इसी दौरान उन्होंने सरस्वती, कर्मयोगी, स्वराज्य (उर्दू) तथा हितवार्ता जैसे प्रकाशनों में लेख लिखे। इसके बाद 1916 में महात्मा गांधी से उनकी पहली मुलाकात हुई तब उन्होंने अपने आप को पूर्णतया स्वाधीनता आन्दोलन में समर्पित कर दिया। उन्होंने सन 1917-18 में 'होम रूल' आन्दोलन में अग्रणी भूमिका निभाई और कानपुर में कपड़ामिल मजदूरों की पहली हड़ताल का नेतृत्व किया। सन 1920 में उन्होंने ÷प्रताप÷ का दैनिक संस्करण आरम्भ किया और उसी साल उन्हें रायबरेली के किसानों के हितों की लड़ाई करने के लिए 2 साल की कठोर कारावास की सजा हुई। 25 मार्च 1931 में कानपुर में भयंकर हिन्दू-मुस्लिम दंगे हुए जिसमें हजारों लोग मारे गए। गणेश शंकर विद्यार्थी ने दंगा भड़काने वाले आतंकियों के बीच जाकर हजारों लोगों को बचाया, पर खुद एक ऐसी ही हिंसक भीड़ में फंस गए जिसने उनकी बेरहमी से हत्या कर दी। एक ऐसा मसीहा जिसने हजारों लोगों की जाने बचायी थी खुद धार्मिक उन्माद की भेंट चढ़ गया, गणेश शंकर विद्यार्थी और उनका अखबार प्रताप आज भी पत्रकारिता का आदर्श माना जाता है। इसके बाद संगठन की जिला कार्यकारिणी चुनाव से संबंधित एक अहम बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में सभी सदस्यों व पदाधिकारियों को हिदायत दी गई कि वह किसी भी अपराधी व अनैतिक कार्य में लिप्त किसी भी व्यक्ति को अपना सदस्य न बनाएं, केवल साफ सुथरी छवि वाले व्यक्तियों को ही संगठन की सदस्यता दिलाएं, आपस में सभी एक दूसरे का सहयोग करें, एक दूसरे की ताकत बने, अनैतिक कार्य से दूर रहते हुए संगठित होकर आपस में एक दूसरे का सहयोग करें, चुनाव प्रक्रिया पर कोई आपसी मतभेद न करें, संगठन पदाधिकारियों का चुनाव निष्पक्ष होगा। आज की बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष एम डी शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट उमाशंकर त्यागी, मण्डल महामंत्री वीरेन्द्र शर्मा, मण्डल मंत्री पप्पू यादव, कानपुर जिलाध्यक्ष अमित कुमार, जिला उपाध्यक्ष के के द्विवेदी, जिला सूचना मंत्री अमर वर्मा, जिला प्रचार मंत्री सुहैल मंसूरी, जिला मीडिया प्रभारी शादाब रईस, जिला कार्यकारिणी जुबैर खान, कानपुर देहात जिलाध्यक्ष शिवकरन शर्मा, खुलासा कानपुर संपादक संजय शर्मा, हिंदुस्तान अलर्ट न्यूज संपादक कृष्णा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार त्रिपाठी, आकाश वर्मा, राजकुमार, हामिद हुसैन, बबिता वर्मा, रूपेश कुमार, एस पी सिंह, नितिन कुमार, दीपक जायसवाल, मनीष कुमार, दीपक यादव, अनिल मिश्रा, सतेन्द्र कुमार, राहुल निषाद, सूर्य प्रताप सिंह, ललित कुमार, सुजीत कुमार, दीपू इत्यादि सदस्य व पदाधिकारी रहे उपस्थित।

# किरण लोक अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** किरणलोक अस्पताल, कर्रही ठाकुर चौराहा के पास निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसमें लगभग 150 मरीजों ने लाभ उठाया। यह चिकित्सा शिविर विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जो अपने-अपने क्षेत्र में अनुभवी हैं। शिविर में प्रमुख रूप से डॉ. लोकराम सचान, डॉ. वैशाली सचान, डॉ. अर्पिता, डॉ. एस. पी. सिंह, डॉ. प्रज्ञा श्री, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. वैशाली सचान आदि उपस्थित रहे। शिविर में कई महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गई जैसे कैंसर और रेडियो डायग्नोसिस, स्त्री रोग (गायनेकोलॉजी), सामान्य चिकित्सा, हड्डी रोग (ऑर्थोपेडिक्स), बाल रोग, सामान्य सर्जरी, दंत चिकित्सा, आयुर्वेद एवं पंचकर्मा आदि। शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया और निःशुल्क परीक्षण भी किए गए। मरीजों ने शिविर से अत्यधिक संतुष्टि और राहत पाई। किरणलोक अस्पताल के डॉ लोकराम सचान ने बताया कि इस प्रयास का उद्देश्य समाज के हर वर्ग के लोगों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। शिविर में आए मरीजों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह एवं निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाकर स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाया। आशा है कि भविष्य में हम इसी प्रकार के शिविरों का आयोजन कर समाज के लोगों को स्वास्थ्य लाभ देते रहेंगे।

# उपचुनाव को लेकर नि.आयोग प्रेक्षक ने दिये दिशा-निर्देश



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** सामान्य प्रेक्षक रितेश कुमार अग्रवाल, पुलिस प्रेक्षक विक्रम वर्मा की उपस्थिति में नवीन सभागार सरसैया घाट में सीसामऊ विधान सभा उप निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु बनाये गये नोडल,सहायक नोडल अधिकारियों के साथ एक बैठक सम्पन्न हुई। प्रेक्षकों द्वारा सीसामऊ उप निर्वाचन के सम्बन्ध में की गयी तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए निम्न निर्देश दिये गये कि सी विजिल एप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे लोग उसका लाभ उठा सकें और यदि कहीं पर कोई समस्या/शिकायत है तो उसमें अवगत करा सकें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जो भी लेटेस्ट निर्देश भेजे जा रहे है सम्बन्धित अधिकारी उनका भलि भांति अध्यन कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें। सी विजिल एप पर प्राप्त हो रही शिकायतों की समीक्षा कर प्रतिदिन उसकी रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। सभी मतदेय स्थलों पर मूल भूत सुविधाएं शतप्रतिशत समय से सुनिश्चित करा ली जायें, इसके साथ ही नया बनाया गया मतदेय स्थल व क्रिटिकल मतदेय स्थल का निरीक्षण कराया जाये। नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के पश्चात निर्वाचन लड़ रहे व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर निर्वाचन आयोग के निर्देशों से उन्हें अवगत कराया जाये।

# अभिमन्यु क्षत्रिय सभा के द्वारा क्षत्रिय शक्ति महासम्मेलन आयोजित

● -समाज कल्याण में मुख्य भूमिका निभाने वाले पंकज तोमर क्षत्रिय गौरव सम्मान से हुए सम्मानित



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** अभिमन्यु क्षत्रिय सभा के द्वारा क्षत्रिय शक्ति महासम्मेलन एवं शस्त्र पूजन का आयोजन ग्राम परसौली हंसपुरम नौबस्ता में किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि सनातन प्रहरी श्री करौली शंकर महादेव महाराज एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया का स्वागत आयोजक एवं सभा अध्यक्ष पंकज तोमर के द्वारा माल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेंटकर किया गया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया ने कहा कि क्षत्रिय समाज के संगठन चाहे कितने भी हो किंतु सभी क्षत्रिय एक है। उन्होंने खुले मंच से पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं हमेशा बड़े भाई का फर्ज निभाने को तैयार हूं। अपने से छोटों को स्नेह तथा वरिष्ठों को सम्मान देना उनके संस्कार में है। वहीं दूसरी ओर मुख्य अतिथि सनातन प्रहरी श्री करौली शंकर महादेव महाराज ने कहा कि समाज को एकजुट करने का जो कार्य जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया कर रहे हैं वह सराहनीय हैं। कार्यक्रम में पहुंचे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश संगठन मंत्री पंकज राजावत ने कहा कि मानव सेवा परमो धर्मा के आधार पर ही संगठन कार्य करे तथा युवा वर्ग भी समाज कल्याण में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले। प्रदेश महामंत्री धीरेन्द्र सिंह भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि निर्बल तथा निर्धन वर्ग के नौनिहालों को बेहतर शिक्षा तथा वंचितों को अधिकार दिलाना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया ने श्रेष्ठ कार्य करने तथा समाज कल्याण में मुख्य भूमिका निभाने के लिए अभिमन्यु क्षत्रिय सभा अध्यक्ष पंकज तोमर को क्षत्रिय गौरव सम्मान से सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से धीरेंद्र भदौरिया पंकज राजावत नवरंग सिंह सेंगर राम औतार भदौरिया बलवान चंदेल संदीप परिहार लाखन सिंह रमेश राजावत नितिन चतुर्वेदी विकास त्रिपाठी समेत काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उपचुनाव को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की बैठक संपन्न



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास पार्टी की जिला स्तरीय बैठक नौबस्ता स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने पद वितरित किए। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश में भी लोक जनशक्ति पार्टी कई सीटों पर चुनाव लड़नें जा रही हैं। मौजूद पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष विपिन यादव का स्वागत माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर किया। जिलाध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री तथा पार्टी मुख्य चिराग पासवान के विचारों तथा नीतियों की जानकारी देते हुए कहा कि समाज सेवा के लिए ही पार्टी समर्पित है जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने जिला कमेटी में जिला महासचिव अलकेश मिश्रा गौरव कटियार उपाध्यक्ष विशाल द्विवेदी युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित दुबे तथा अल्प संख्यक मोर्चा अध्यक्ष जफरुद्दीन शाह को नियुक्त किया। विपिन यादव ने खुले मंच से अपने संबोधन में कहा कि हमें समाज में एकता राष्ट्रहित एवं विकास के मुद्दे पर एक साथ कार्य करना है तथा परिवार को और बड़ा विस्तार करना है। बैठक में सैकड़ों पदाधिकारियों ने पार्टी पक्ष की नारेबाजी कर सभी कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य किया।

# दीपोत्सव को अलौकिक बनाने के लिए विवि व जिला प्रशासन ने झोंकी ताकत

● - वालंटियर सरयू के 55 घाटों पर 28 लाख दीए बिछाने के लक्ष्य की ओर



स्वतंत्र प्रभात

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 30 हजार वालंटियर द्वारा एक एक दीए प्रज्वलित कर दीपोत्सव में पिछला रिकार्ड तोड़ने की तैयारी है। विवि कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल प्रबंधन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप दीपोत्सव-2024 को ऐतिहासिक बनाने के लिए सोमवार को तीसरे दिन सरयू के चार स्थलों के 55 घाटों पर 28 लाख दीए के सापेक्ष दीए सजाने कार्य शुरू किया गया। घाट समन्वयक व घाट प्रभारी की देखरेख में जय श्रीराम के उद्घोष के साथ दीपोत्सव के उत्साहित वालंटियर घाटों पर दीए बिछाने का कार्य शुरू किया। सरयू के घाटों पर सभी वालंटियर्स के सिर पर कैप, टी-शर्ट व गले में लटकता आईकार्ड एकरूपता प्रदर्शित कर रहा है। सभी के मन प्रभु श्रीराम के प्रति आस्था उन्हें बिना थके एक नया विश्व रिकार्ड बनाने को प्रेरित कर रही है। दीपोत्सव में शामिल वालंटियर अनुशासन में रहकर भोजन का भी आनन्द उठा रहे है। वहीं दूसरी ओर घाटों पर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था भी सख्त कर दी गई है। बिना आईकार्ड के वालंटियर व अन्य लोगों के प्रवेश को प्रतिबन्धित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन व जिला प्रशासन के सहयोग से 30 अक्टूबर को सायं होने वाले दीपोत्सव के लिए पूरी ताकत लगा दी है। जहां विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 गोयल ने दीपोत्सव को भव्य एवं अलौकिक बनाने के लिए भारी भरकम टीम उतार दी। वहीं जिला प्रशासन की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग व विवि के प्राथमिक चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्र भी मुस्तैद हो गया है। कुलपति के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्राथमिक चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्र चिकित्साधिकारी डॉ. दीपशिखा चैधरी अगुवाई में भी टीम का गठन कर दिया गया है। आपात स्थिति से निपटने के लिए घाटों पर पांच कंट्रोल रूम बनाये गए है। दूसरी ओर विवि के नगर निगम की मदद से घाटों की स्वच्छता के लिए टीमें उतार दी गई है। स्वच्छता के वाहनों द्वारा निरन्तर घाटों की साफ-सफाई कराई जा रही है।

विवि के दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र ने बताया कि दीपोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए सोमवार को तीसरे दिन प्रातः 9 बजे विश्वविद्यालय परिसर व अन्य संस्थानों के वालंटियर द्वारा प्रातः 10 बजे सरयू के चार स्थलों के 55 घाटों पर दीए बिछाने का कार्य शुरू किया गया। सभी वालंटियर 16 गुणे 16 एक ब्लाक में 256 दीए सजा रहे है। 25 लाख दीपों का रिकार्ड बनाने के लिए देर शाम तक 28 लाख दीए बिछाने की लक्ष्य प्राप्ति की ओर है। 29 अक्टूबर दिन मंगलवार को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस की टीम के कंसल्टेंट निश्चल बरोट की अगुवाई 30 लोगो की टीम व विवि की गणना समिति के सदस्यों द्वारा 55 घाटों पर सजाये गए दीपो की गणना देर शाम तक की जायेगी। वहीं 30 अक्टूबर को 28 लाख दीयों में तेल, बाती लगाकर देर शाम प्रज्वलित करने के साथ एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापति करेंगे। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि दीपोत्सव की भव्यता के लिए कुलपति ने दीपोत्सव नोडल अधिकारी को निर्देशित किया है कि समिति के संयोजको से सामंजस्य बनाते हुए कार्यों को अंतिम रूप प्रदान करे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### टैंपो में लूट कर ढकेल देने के मामले में तीन को पकड़ा



**कानपुर।** शिवराजपुर पुलिस ने सरेआम चलते टैंपो में सवार व्यक्ति से लूटपाट कर नमस्ते इंडिया फैक्ट्री के सामने फैंक देने के मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में थाना शिवराजपुर पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। जिसमें सुमित पुत्र रामू उम्र करीब 18 वर्ष निवासी बूढनपुर थाना चौबेपुर, संदीप पुत्र रमेश चन्द्र जोशी उम्र करीब 30 वर्ष हाल पता मौहल्ला साहिब नगर थाना कल्याणपुर, आशीष उर्फ लालू पुत्र रामकिशोर गौतम उम्र करीब 22 वर्ष हाल पता गुढहा, मंधना थाना बिठूर को गिरफ्तार कर मुख्यालय माती भेजा गया है। वादी मुकदमा अनुज कुमार तिवारी पुत्र विनोद तिवारी निवासी नगर पंचायत शिवराजपुर कानपुर नगर के साथ तीन अज्ञात अभियुक्तों द्वारा चलते टैम्पो में मारपीट कर छीना झपटी कर कपड़ो का बैग, मोबाइल पोको और लगभग 1500 रूपए लूट कर छीन लेना व नमस्ते इण्डिया के सामने सड़क पर धकेल देना जिससे सिर व कमर पर गंभीर चोट आने के सम्बंध में मुकदमा दाखिल किया था।

### कमिश्नरेट कानपुर पुलिस के दो निरीक्षक प्रोन्नत हो बने सहायक पुलिस आयुक्त पुलिस आयुक्त ने की गई पिपिंग सेरेमनी



**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर पुलिस में तैनात निरीक्षक पंकज कुमार त्यागी व जयशंकर मिश्रा का सहायक पुलिस आयुक्त पद में प्रोन्नत होने पर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार एवं अपर पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय विपिन कुमार मिश्रा, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर द्वारा पुलिस कार्यालय में पिपिंग सेरेमनी की गयी, पुलिस आयुक्त द्वारा प्रोन्नत पुलिस अधिकारियों को उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गई।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक



**कानपुर।** आज 28 अक्टूबर को थाना स्वरूप नगर की एंटी रोमियो टीम द्वारा अंबेडकर कॉलोनी बेनाझाबर स्वरूप नगर कानपुर नगर के अंतर्गत महिलाओं, बालिकाओं की चौपाल लगाकर पंपलेट वितरण किए गए और महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति फेस 5 अभियान के तहत विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों 1090, 112, 1098, 1930, 1076, 108,181 व यूपी काप ऐप से प्राप्त होने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने के लिए सुझाव दिए गए एवं महिला सशक्तिकरण अभियान व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवम उनकी सुरक्षा व समस्या का त्वरित निस्तारण का आश्वाशन दिया गया।

### मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया स्वागत



**कानपुर।** दिनांक 28.10.2024 को उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण कानपुर यूपीएसआईडीए में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश, मनोज कुमार सिंह जी के आगमन पर पुलिस आयुक्त, अखिल कुमार एवं मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी व यूपीसीडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा मुख्य सचिव का स्वागत किया गया एवं गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस महत्वपूर्ण भ्रमण, कार्यक्रम में कई गणमान्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

### बालिकाओं और महिलाओं को दी सुरक्षा की जानकारी




**कानपुर।** थाना गुजैनी के अंतर्गत ग्राम पिपौरी गुजैनी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के तहत थाना गुजैनी में नारी सुरक्षा स्वावलंबन के विषय में महिलाओं , बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 1098, 1930, 112, 181 नंबरों की जानकारी दी गई तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 से अवगत कराया गया साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय मे थाना गुजैनी पुलिस द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। थाना गुजैनी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उनके समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया एवं उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं से एक संवाद भी स्थापित किया द्य थाना गुजैनी पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उनके समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया ।

# सीसामऊ में क्या सपा का किला ध्वस्त कर पाएगी भाजपा ?

● -2012 से लगातार यहां से चुनाव जीते हैं सपा के इरफान सोलंकी, भाजपा के सुरेश अवस्थी के लिए अन्य जातियों का वोट महत्वपूर्ण

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जितेन्द्र सिंह विशेष संवाददाता की रिपोर्ट - प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों में से एक कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट पर भी 13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। जातिगत राजनीति के आधार पर मुस्लिम बाहुल्य सीट पर मुस्लिम मतदाताओं के बाद सबसे ज्यादा संख्या ब्रह्मण मतदाताओं की है और इसीलिए सपा ने मुस्लिम और भाजपा ने ब्रह्मण प्रत्याशी पर भरोसा किया है। कोई कितना भी कहे कि हम धर्म और जाति की राजनीति नहीं करते लेकिन यह बात उस समय पीछे रह जाती है जब पार्टियां क्षेत्र के धर्म और जाति के मतदाताओं की संख्या देखकर प्रत्याशी तय करतीं हैं। कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट 2012 में नये परिसीमन में अस्तित्व में आई थी और तब से इस सीट पर समाजवादी पार्टी का अधिकार रहा है। सपा के इरफान सोलंकी तभी से लगातार यहां से जीतते आ रहे हैं। इरफान को आगजनी तथा कुछ अन्य मामलों में अदालत द्वारा 7 वर्ष की सजा दिए जाने के बाद यह सीट रिक्त हुई है। सपा ने इरफान की ही पत्नी नसीम सोलंकी को चुनाव मैदान में उतारा है। नसीम ने राजनीति को बाहर रहकर देखा है। लेकिन अभी वह राजनीति के अंदर नई हैं। यह बात जरूर है कि सीसामऊ में नसीम सोलंकी के प्रति बेहद सहानुभूति है जिसका मुकाबला करना भारतीय जनता पार्टी के लिए आसान नहीं होगा। अब सभी उम्मीदवारों को देखते हुए यह निश्चित हो गया है कि यहां भाजपा का सीधा मुकाबला सपा से होगा। और भाजपा ने यहां सपा की नसीम सोलंकी के विरुद्ध सुरेश अवस्थी को उम्मीदवार बनाया है और उनपर फिर से भरोसा जताया है। सुरेश अवस्थी 2017 में भी इस सीट से भाजपा के उम्मीदवार थे लेकिन चुनाव नहीं जीत सके थे। 2022 के विधानसभा चुनावों में यहां समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार हाजी इरफ़ान सोलंकी ने जीत हासिल की। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सलील विश्नोई को लगभग 13000 वोटों से हराया था। 2017 में सुरेश अवस्थी की हार और इरफान की जीत में मात्र 6000 वोटों का





फासला था। और भारतीय जनता पार्टी ने इसीलिए सुरेश अवस्थी पर भरोसा जताया है कि शायद वह इस अंतर को पाटने में सफल हो सकें। जातिगत आंकड़े तो यही बताते हैं कि यदि भारतीय जनता पार्टी कुछ दलित वोटों या कुछ अन्य वोटरों को रिझाने में कामयाब रही तो मामला उलट भी सकता है। लेकिन फिलहाल की स्थिति में भाजपा को काफी मेहनत करनी होगी। सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर ब्राह्मण वोटर आते हैं। इनके अलावा अन्य जातियों और वर्ग के मतदाता हैं। लेकिन सबका मिजाज एक जैसा है। विधानसभा में ज्यादातर लोग सपा को वोट देते रहे हैं और लोकसभा में भाजपा को। उपचुनाव में वोटरों का रुख क्या रहता है, यह देखने वाली बात होगी। इस बार भाजपा ने ब्राह्मण वोटरों को साधने की कोशिश की है। वहीं, बसपा अपना दलित वोट बैंक साधने में लगी है। एक अनुमान के अनुसार क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या लगभग 1 लाख से ऊपर है। इसके बाद ब्राह्मण वोटर दूसरे नंबर पर करीब 70 हजार हैं। तीसरे स्थान पर दलित वोटर आते हैं और उनकी संख्या करीब 60 हजार है। इनके अलावा कायस्थ 26 हजार, सिंधी एवं पंजाबी 6 हजार, क्षत्रिय 6 हजार और अन्य पिछड़ा वर्ग 12,411 वोटर बड़ी भूमिका निभाते हैं। दलित वोटों पर सबकी नजर है। पिछले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने काफी कुछ दलित वोटरों को अपने पक्ष में किया था। लेकिन क्या इस बार भारतीय जनता पार्टी ऐसा कुछ कर सकती है यह चुनाव परिणाम में ही पता चल सकता है। लेकिन यह निश्चित है कि मुस्लिम और ब्रह्मण वोटों के अलावा अन्य वोटरों की महत्ता इसमें बढ़ गई है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## माधोटांडा पुराने विवाद को लेकर ग्राम प्रधान समेत छह लोगों ने पहले घर के बाहर मारपीट की

**कलीनगर।** माधोटांडा पुराने विवाद को लेकर ग्राम प्रधान समेत छह लोगों ने पहले घर के बाहर मारपीट की। इसके बाद घर में घुसकर महिला को बुरी तरह पीटा। पुलिस ने प्रधान समेत छह लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। कलीनगर क्षेत्र पिपरिया संतोष गांव निवासी संध्या देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 16 अक्तूबर को गांव में पूजा को लेकर थोड़ा विवाद हो गया था। जिसमें गांव के कुछ भले लोगों ने प्रधान ललित राठौर के ताऊ सियाराम की गलती बताई। आरोप है कि इस रंजिश को लेकर 19 अक्तूबर को शाम आठ बजे गांव का ही प्रधान ललित राठौर, केशव राठौर, राहुल राठौर, सियाराम राठौर, हरीश राठौर व रविंद्र कुश्वाहा एक राय होकर घर के बाहर पहुंचे और गालीगलौज कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे। रिश्तेदार राजेंद्र और मां के विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। बचाव कर अंदर आई मां को आरोपियों ने घर में घुसकर दोबारा बुरी तरह पीटा। शोर शराबे पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव किया। पुलिस ने प्रधान समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## पीलीभीत एसएसबी 49वीं बटालियन ने भारत नेपाल सीमा से इंटरनेशनल गैंगस्टर की माशुका अन्नू धनगढ़ को किया गिरफ्तार

**लेडी डॉन को बॉर्डर से गिरफ्तार करने में पीलीभीत एसएसबी कमांडेंट शेर सिंह चौधरी, सीमा चौकी कमलापूरी कम्पनी कमांडर हरबंश सिंह टीम के साथ रहे मोजूद।**

**पीलीभीत** एसएसबी 49वीं बटालियन ने भारत नेपाल सीमा से इंटरनेशनल गैंगस्टर की माशुका अन्नू धनगढ़ को किया गिरफ्तार यू एस ए में बैठे हरियाणा के गैंगस्टर हिमांशु भाऊ की गर्लफ्रेंड अन्नू धनगढ़ जो हनी ट्रेप लेडी डॉन के नाम से जानी जाती है। अन्नू धनगढ़ को पुलिस काफी लंबे समय से तलाश रही थी लेकिन कभी पकड़ नहीं पाई। भारत नेपाल बॉर्डर पर तैनात 49वीं बटालियन पीलीभीत की एसएसबी सीमा चौकी कमलापूरी इंस्पेक्टर हरबंश सिंह द्वारा चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान सीमा के निकट संदिग्ध लगने पर लड़की और लड़का संदिग्ध लगने पर पूछताछ किया जिसमें अन्नू धनगढ़ निवासी हरियाणा के रोहतक एवं नेपाली युवक महेश सिंह घटाल निवासी बेलडडी जिला कंचनपूर नेपाल बताया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार कर पुलिस चौकी लाए जहां पूछताछ के उपरांत सम्पूर्णानगर खीरी पुलिस सुपुर्द कर दिया। लेडी डॉन को बॉर्डर से गिरफ्तार करने में पीलीभीत एसएसबी कमांडेंट शेर सिंह चौधरी, सीमा चौकी कमलापूरी कम्पनी कमांडर हरबंश सिंह टीम के साथ रहे मोजूद।

## दीपावली पर बाल ग्रह के बच्चों एवं समूहों ने लगाई प्रदर्शनी

**बाल गृह के बालकों द्वारा बनायी गयी वस्तुओं की डीएम ने की सराहना**



**शाहजहाँपुर/**सोमवार को विकास भवन परिसर में स्वयं सहायता समूहों तथा बाल गृह के बच्चों द्वारा बनाए गए हैण्ड मेड उत्पादो की प्रदर्शनी लगायी गयी जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने फीता काट कर किया। जिलाधिकारी ने लगायी गयी प्रदर्शनी में सभी स्टॉलो पर जाकर उत्पादों को देखा तथा उसके बनाने की विधि की जानकारी ली। उन्होने लोगो से अपील की कि दीपावली के पर्व पर जनपद के स्वयं सहायता समूहों से उत्पादों का क्रय करें जिससे उन्हे प्रोत्साहन मिले। जिलाधिकारी ने बाल गृह के बालकों द्वारा बनायी गयी वस्तुओं की सरहाना भी की। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि स्वयं सहायता समूहो एवं बाल गृह के बालको द्वारा बनायी गये हेण्डमेड उत्पादों की बिक्री के लिये व्यवस्था की जाए। इस दौरान सीडीओ डॉ अपराजिता सिंह, डीडीओ पवन कुमार सिंह, पीडीडीआरडीए अवधेश राम, डीपीओ गौरव मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, डीपीआरओ घनश्याम सागर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## थाना नीमगांव पत्रकार रक्षक एकता सेवा संघ के गोला तहसील उपाध्यक्ष चुने गए सत्यम मिश्रा

**लखीमपुर खीरी** जिले के नीमगांव में पत्रकार रक्षक एकता सेवा संघ कार्यालय पर जिला कार्यकारणी का गठन किया गया यह कार्यक्रम का आयोजन जिला मिडिया प्रभारी प्रांशु वर्मा के नेतृत्व में आयोजित की गई जिसमें प्रदेश सचिव पियूष मिश्रा के निर्देश पर सत्यम मिश्रा निवासी ग्राम बेलाहरी को गोला तहसील उपाध्यक्ष के पद चुना गया। जिला मिडिया प्रभारी प्रांशु वर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारी सत्यम मिश्रा को माल्यार्पण कर प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर पत्रकार अंकित दीक्षित, पत्रकार सुंदर लाल यादव,वरिष्ठ पत्रकार जेपी मिश्रा, पत्रकार अनूप वर्मा,पत्रकार अस्वनी वाजपेयी, पत्रकार प्रदीप मिश्रा तमाम पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# झोलाछाप डॉक्टर व अवैध मेडिकल स्टोर की भरमार

स्वतंत्र प्रभात



**धौरहरा खीरी** सरयू नदी की तराई में बसे गांव भटपुरवा, पंडित पुरवा, सुजई ,मंगरौली, हरसिंहपुर, देवी पुरवा, सरजू नगर, परसा,इन गांव में करीब दो दर्जन से ऊपर झोलाछाप डॉक्टर व अवैध मेडिकल स्टोर की भरमार हर माह सी एच सी अधिकारी को चढ़ता है चढ़ावा चढाये जाने की चर्चाओ का बाजार गर्म है।एक ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में फैले झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ कड़ा कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मुख्य स्वास्थ्य सचिव को आदेश जारी करते हुए कहा है कि अवैध झोलाछाप डॉक्टरों और बिना लाइसेंस के संचालित मेडिकल पैथोलॉजी लैब, अल्ट्रासाउंड सेंटर का नेटवर्क ध्वस्त किया जाए। इन अवैध डॉक्टरों द्वारा गरीब और मासूम जनता का बिना किसी योग्य डिग्री के इलाज किया जा रहा है, जिससे कई मामलों में लोगों के लीवर और किडनी को भी नुकसान हो रहा है।मौसमी बीमारियों के इस संवेदनशील समय में मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) और उपजिलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में एक भी झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय न रहने पाए। इसके तहत एक बड़े स्तर पर व्यापक अभियान चलाने की बात कही गई है, जिसमें अवैध क्लिनिकों को सील किया जाएगा और ऐसे डॉक्टरों को जेल भेजा जाएगा मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल दिन के समय ही नहीं, बल्कि रात में भी जोर-शोर से चलाया जाएगा। विशेष रूप से अक्टूबर और नवंबर के महीनों में इस अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों के आगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश बौने साबित हो रहे है। अब आगे देखना है की जिला अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं।

# संयुक्त टीम की कार्यवाही से शराब माफियाओं में मचा हड़कंप

**● दीपावली पर्व को देखते हुए एसडीएम राजीव निगम व आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव की कार्यवाही से शराब माफियाओं की टूटी कमर आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।**

स्वतंत्र प्रभात

**निघासन-खीरी** दीपावली त्योहार को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में चलाये जा रहे विशेष घड़पकड़ अभियान के तहत भारी मात्रा में लहन व अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी साथ ही प्रयुक्त होने वाले बर्तनों को भी तहस नहस किया गया आबकारी निरीक्षक व एसडीएम राजीव निगम की संयुक्त टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध कच्ची शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया हैं आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव व एसडीएम राजीव निगम ने पुरैना क्षेत्र में दीपावली पर चलाएं जा रहे ताबड़तोड़ विशेष अभियान के तहत संयुक्त टीम ने अचानक दबिश देकर ग्राम पुरैना, लुधौरी, रानीगंज, खैरटिया, इंदरनगर आदि गांवों के किनारे स्थित नदी पोखरों तालाबों आदि के ठिकानों पर बनाई जा रही दर्जनों चढ़ी भट्टियों सहित करीब दो हजार लीटर लहन व इसमें प्रयुक्त होने वाले उपकरणों को तहस नहस करते हुए मौके पर से करीब चालीस लीटर अवैध कच्ची



शराब बरामद की साथ ही अवैध कच्ची शराब बनाने व बेचनें वालों को किसी भी कीमत पर आबकारी निरीक्षक बख्शनें वाले नहीं हैं उधर आबकारी निरीक्षक व एसडीएम की कार्यवाही से अवैध कच्ची शराब बनाने व बेचनें वाले माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ हैं इस दौरान प्रधान आबकारी सिपाही रफीक बेग,आबकारी सिपाही मुलायम सिंह यादव,उमेश कुमार, चालक रामधनी यादव आदि शामिल रहे।

# जिले के परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने दिया पटाखा मुक्त दीपावली मनाने का संदेश

**● डीएम की पहल- संकल्प लें मनाएं पटाखा रहित दीपावली**

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी।** जिले में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में पटाखा मुक्त दिवाली मनाने की मुहिम शुरू हुई। डीएम की पहल पर बीएसए प्रवीण तिवारी के नेतृत्व में जिले के परिषदीय विद्यालयों के लाखों बच्चों ने सोमवार को प्रदूषण रहित दिवाली मनाने की शपथ ली। मंगलवार को सभी परिषदीय विद्यालयों में दीवाली पर निबंध, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

जिले के 3106 परिषदीय विद्यालयों (संविलियन, उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक) और 16 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में नामांकित छात्र-छात्राओं ने अपने अध्यापकों की नेतृत्व, अगुवाई में जागरूकता रैली निकालकर इस बार पटाखा मुक्त दीपावली मनाने का संदेश दिया। गांव-गांव में प्रदूषण मुक्त दीपावली का संदेश देती तख्तियां लिए द्य परिषदीय विद्यालय के नौनिहालों ने लोगों से पटाखों के कारण होने वाले प्रदूषण की जागरूकता की और पटाखा मुक्त दीपावली मनाने का संदेश दिया। शिक्षकों ने बच्चों को दीपों के त्योहार दीपावली को पटाखामुक्त मनाने की शपथ भी दिलाई। विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा बच्चों को पटाखे के धुएं से बुजुर्गों और बच्चों को सांस लेने में होने वाली समस्याओं, आंखों में जलन, ऑक्सीजन की कमी, पक्षियों के लिए हो रही मुश्किल आदि समस्याओं से अवगत करवाया। उन्हें प्रेरित किया गया कि वह दीया जला कर, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और पौधा लगाकर प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाएं।

**आज आयोजित होगी प्रतियोगिताएं**

बीएसए प्रवीण तिवारी ने बताया कि मंगलवार को डीएम की पहल ÷संकल्प लें मनाएं पटाखा रहित दीपावली÷ के तहत जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पटाखा रहित दीपावली मनाने के विषय पर निबंध, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा। और विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# सावधान! दिवाली में सेहत न खराब कर दे मिलावटी मिठाई, ऐसे करें असली नकली की पहचान

स्वतंत्र प्रभात

भारत को त्योहारों का देश कहा जाता है। यहां की हर ऋतु कोई ना कोई खास त्याहोर लेकर आती है। कुछ ही दिनों में रोशनी और खुशियों की मिठास लिए दिवाली का त्योहार भी आने वाला है। लोग इस त्योहार की खुशियां एक दूसरे के साथ बांटने के लिए आपस में मिठाइयां बांटते हैं। लेकिन हर साल मिलावटी मिठाई खाने से लोगों के बीमार पड़ने की खबरें त्योहार का मजा किरकिरा कर देती हैं। अगर आप भी अपने सगे-संबंधियों को इस मीठे जहर को बांटने से बचना चाहते हैं तो आइए जान लेते हैं आखिर त्योहारी सीजन में किन चीजों में की जाती है मिलावट और कैसे कर सकते हैं इनकी पहचान।

त्योहारों का सीजन चल रहा हैं और त्योहारों की असली खुशी अपनों को मिठाई खिलाकर ही होती हैं लेकिन ये मिठाइयां अगर मिलावटी होती हैं . मिलावटी मिठाइयां सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं क्योंकि आप जिन मिठाइयों को दूध, मावे और ड्राई फ्रूट्स से बना सोचते हैं, उसमें मिलावट खोर आरारोट, टेलकम पाउडर और एस्बेस्टस पाउडर आदि चीजें डालकर मिठाइयां तैयार करते हैं. यह मिलावटी मिठाइयां लोगों की सेहत के लिए बहुत खतरनाक साबित हो सकती है, इसलिए आप इनकी पहचान करना जरूरी है. फेस्टिव सीजन को देखते हुए खाद्य संरक्षण विभाग भी अब अलर्ट होना चाहिए।

पीलीभीत जिले की तहसील पूरनपुर के क्षेत्र में दीपावली के त्योहार के चलते मिष्ठान्न पर मिठाई के भंडार लगा दिए गए मिठाइयां बेचने के लिए पहले से मिठाइयों को तैयार कर रख लिया जाता है इन मिठाइयों को बनाते समय उनकी देख-रेख गुणवंता की गारंटी नहीं ली जा रही सकतीं दुकानदारों का कहना है कि मिठाइयां देसी खाया और देसी घी से तैयार की जा रही है लेकिन जिले भर की दूध की सप्लाई और मिठाइयों के भंडारण का अनुमान लगाया जाए तो दूध की सप्लाई कम और मिठाइयों को भंडारण जादा है पीलीभीत जिला एक किस कृषि प्रधान जिला है यहां के किसानों का साइड बिजनेस से दूध बेचकर घर गृहस्ती को चलाते हैं इसलिए सभी से निवेदन है ताकि उच्च गुणवत्ता को परख कर खाद्य पदार्थो को आगे सप्लाई किया जा सके. किसी भी खाद्य पदार्थो जैसे मिठाइयां, मावा, दूध, दही और पनीर आदि में मिलावट पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. आपको बता दें कि मिलावट करने वाले लोग मिठाइयों में सीधे मिलावट नहीं करते हैं बल्कि उन चीजों में मिलावट करते हैं, जिससे मिठाई तैयार होती हैं, जैसे- दूध, शहद, दालें, मेवे, चीनी वगैरह में मिलावट की जाती है।

**मिठाइयों में होती है इन चीजों की मिलावट**

» मिठाई बनाने वाले दूध में पानी/यूरिया/रंग/वॉशिंग पाउडर आदि मिलाया जाता।

» इसके घी में चर्बी मिलाई जाती है।

» कई लोग मिठाइयों के मेवे में आरारोट, चीनी आदि मिलाते हैं।

» बेसन आदि के लड्डू यानी जिन दालों से मिठाइयां बनती हैं, उनमें टेलकम पाउडर और एस्बेस्टस पाउडर मिलाया जाता है।

**इन तरीकों से करें मिलावटी मिठाइयों की पहचान?**

» मिठाइयों में रंग लाने के लिए मेटानिल येलो और टारट्राजाइन मिलाया जाता है, जो किडनी के लिए बेहद खतरनाक होता है। अगर यह चीज मिठाई में मिली होती है, तो मिठाई का रंग हाथ में लेते ही लग जाता है।

» अगर आप खोया खरीदते हैं और वह दानेदार होता है, तो वह मिलावटी हो सकता है।

» आयोडीन की दो बूंद डालने पर अगर मेवे का रंग काला पड़ जाता है तो वह मिलावटी है।

» मिठाइयों पर जो वर्क इस्तेमाल होता है, उसे जलाकर भी मिलावट की पहचान की जा सकती है।

» केसर की मिठाइयों की पहचान आप ऐसे कर सकते हैं कि नकली केसर पानी डालने पर तुरंत रंग छोड़ देता है जबकि असली केसर कई घंटे तक भी रंग नहीं छोड़ता है. केसर के बेशकीमती होने के चलते केसर मिठाइयों में मिलावट की जा सकती है।

# हैदराबाद पुलिस ने शान्ति भंग मे संकल्पित चार अभियुक्तो को भेजा जेल

**विलहरी खीरी।** थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा शान्ति भंग करने वाले 04 अभियुक्तो को किया गिरफ्तार । पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे। अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्ग दर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना हैदराबाद श्री शिवा जी दुबे के नेतृत्व में थाना हैदराबाद खीरी की पुलिस टीम द्वारा दिनांक 28.10.2024 को शान्ति भंग करने वाले 04 नफर अभियुक्त.अनिकेत कुमार पुत्र अशोक कुमार उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम कोटखेरवा व 2 डायरेक्टर पुत्र चन्द्रभाल उम्र करीब 52 वर्ष 3.मुनीश पुत्र डायरेक्टर उम्र करीब 24 वर्ष 4. रामलखन पुत्र भानू प्रताप उम्र 23 वर्ष निवासीगण ग्राम रानीगंज थाना हैदराबाद जिला खीरी को अन्तर्गत धारा 170/126/135 बी0एन0एस0एस0 में विधिक कार्यवाही हेतु माननीय उपजिलाधिकारी गोला के समक्ष भेजा गया। वही गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे मुख्य भूमिका निभाने बाले एस एस आई सन्तपाल सिंह उप निरीक्षक अशोक कुमार व हेड कास्टेबल रश यादव.कास्टेबल ऋतुराज थाना हैदराबाद खीरी रहे।

# पीलीभीत पुरनपुर कटान पीड़ितों के भुख हड़ताल का मोर्चा नारी शक्ति ने संभाला

स्वतंत्र प्रभात



**पीलीभीत पुरनपुर।** राहुल नगर मजदूर बस्ती मे क्षेत्र को बचाने के लिए चल रहा भूख हड़ताल का दसवां दिन है। आज भुख हड़ताल का कमान महिलाओं ने संभाल ली। आंदोलन स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए महिला नेत्री कांति देवी ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है, जबकि महिलाओं ने समाज के हर क्षेत्र में बराबर की हिस्सेदारी करती है पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती हैं तब ही समाज आगे बढ़ रहा है। एक महिला को घर गृहस्थी संभालते हुए सभी कामों में हाथ बटाना पड़ता है। इस लिए हम महिलाएं आज ट्रांस शारदा क्षेत्र को बचाने के लिए आन्दोलन की ज़िम्मेदारी हाथ में ली है। हमारा क्षेत्र की जमीन, गांव कटने से हम महिलाओं को सबसे ज़्यादा संकटों का सामना करना पड़ता है। जब तक सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है तब तक आंदोलन को मजबूत करने में सभी क्षेत्रवासियों के साथ मजबूती के साथ खड़े रहेंगे और आंदोलन को जारी रखेंगे। सभा में भाकपा माले सदस्या कॉमरेड मुन्नी देवी ने कहा कि मोदी और योगी राज में महिलाओं के साथ किए गए एक भी वादे पूरा नहीं किया।

योगी जी चंदिया हजारा में क्षेत्र की जनता को बचाने के लिए तत्काल तटबंध बनाने, कटान पीड़ितों को जमीन देने का आश्वाशन देकर गए, वह भी झूठा निकला जमीन की रक्षा हमारे लिए पहला काम है इस लिए यह आन्दोलन को मजबूत करने के लिए हम बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी करेंगे। सभा में शर्मिला, सुशीला, ममता, अनिमा आदि ने अपनी विचार रखा। आज भूख हड़ताल मे कॉमरेड अमिला, सुभद्रा, शेफाली, ममता, सरस्वती, शेफाली मंडल, गोलापी,शर्मिला , सरोदिनी, अनीता, उन्नति, अनिमा भूख हड़ताल पर बैठी।

# सज धज कर तैयार हो रहा शाहजहांपुर का जिला कारागार

**● धूमधाम से मनाई जाएगी जिला कारागार में दीपावली**

स्वतंत्र प्रभात





**शाहजहांपुर/**जेल में सभी त्योहार धूमधाम से मनाए जाने के क्रम में आगामी दीपावली महापर्व को भी धूमधाम से मनाने के लिए कारागार में जोर-जोर से तैयारी चल रही है पूरे कारागार परिसर का सफाई पुताई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। जिसमें समस्त बिल्डिंग, बैरकों, गोदाम,अहाते, नालियों एवं कार्यालयों की सफाई एवं सफेदी आदि का कार्य शामिल है। दीपावली का त्यौहार परंपरागत तरीके से दो विश्वासों पर मनाया जाता है इसमें से एक यह है कि भगवान राम 14 वर्ष के वनवास के बाद जब अयोध्या वापस आए तो जनता ने खुशी में दीप जलाकर उत्सव मनाया दूसरा विश्वास यह है कि बरसात के बाद और वातावरण में प्रदूषण खत्म करने के लिए लोग अपने-अपने घरों की सफाई याद करते हैं और दीप जलाकर वातावरण को शुद्ध करते हैं इसी विश्वास के तहत कारागार में भी दीपावली मनाने का जोर- जोर से उद्यम किया जा रहा है।

दीपावली को यादगार तरीके से बनाने के लिए संपूर्ण कारागार को दुल्हन की तरह सजाने के लिए बंदियों के बीच में एक साथ सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई है जिसमें सभी बंदियों की 9 टीमें बनाई गई हैं - 1-टीम राम 2- टीम लक्ष्मण 3- टीम भरत 4- तीम शत्रुघ्न 5- महिला बैरक की टीम सीता 6- टीम सुग्रीव 7- टीम हनुमान 8- टीम अंगद 9- टीम वशिष्ठ। इन नौ टीमों में लगभग 100-100 बंदी रखे गए हैं जो की बांटे गए क्षेत्र में सफाई एवं सजावट का कार्य करेंगे सफाई एवं पुताई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है

जो की दीपावली के एक दिन पहले समाप्त हो जाएगा उसके बाद बंधिया द्वारा विभिन्न प्रकार की रंगोली झाड़ फानूस एवं झांकियां के द्वारा सजावट का कार्य करेंगे इसमें विभिन्न प्रकार की आकर्षक रंगोली बर्फ एवं पहाड़ का आवास देने वाली अनेक प्रकार की सजावट शामिल होंगी। प्रयास किया जाएगा की सजावट के लिए केवल मिट्टी के दिए ही इस्तेमाल किया जाए तथापि आवश्यकता पड़ने पर मोमबत्ती एवं बिजली की विभिन्न प्रकार की सजावट तथा अन्य झाड़ फानूस इस्तेमाल किया जा सके बंधिया के द्वारा विभिन्न प्रकार की थीम पर आधारित जैसे सांस्कृतिक, पर्यावरण समाज सुधारक एवं अन्य जानो उपयोगी रंगोलिया बनाकर उन्हें दीप मालाओं से सजाया जाएगा।

इस कार्य के लिए समाजसेवी एवं व्यापारिक संगठनों से सहयोग की अपेक्षा है ताकि कार्यक्रम को और भव्यता दी जा सके और इस प्रकार से बंदियों का भी मनोबल बढ़ाया जा सके। स्वयंसेवी एवं व्यापारिक संगठनों से सहयोग के क्रम में सामाजिक सांस्कृतिक एवं शैक्षिक संस्था "जय भारत"के राजीव कृष्ण अग्रवाल, अध्यक्ष, डॉ मयंक पांडे, आयुष अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, बारिश अहमद, वर्धन अग्रवाल के द्वारा कारागार पर पधार कर विभिन्न साइज में एक हजार से अधिक मोमबत्ती भेंट की। जिन्हें इसी साज सज्जा प्रतियोगिता में प्रयोग किया जाएगा। प्रतियोगिता के बाद विजेता टीमों को एक कार्यक्रम आयोजित कर पुरस्कृत किया जाएगा ताकि बंदियों को की गई मेहनत का पुरस्कार मिल सके और उनका मनोबल बढ़ाया जा सके।

# तीरंदाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर।** सोमवार को तीरंदाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन, धनुर्विद्या परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चों को सम्मानित किया गया। जिला तीरंदाजी संघ के महासचिव मृदुल कुमार गुप्ता ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। डीएम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धनुर्धर अश्मित चौहान बरेली मंडल स्कूल गेम में प्रथम स्थान व वैभव गुप्ता उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित Level v में परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के हौसले को सराहा है। मीडिया सचिव अंकित गुप्ता व संघ परिवार ने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने कहा कि तीरंदाजी प्राचीन काल की विद्या है, हम सभी का पूरा प्रयास है कि खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा कि उनका धनुर्धरो के साथ उनका पूर्ण सहयोग है। जिला तीरंदाजी संघ सचिव मृदुल गुप्ता ने कहा कि जिस तरह अर्जुन ने मछली की आंख पर निशान लगाते हुए लक्ष्य से भटके नहीं थे, उसी प्रकार खिलाड़ियों से अपील है कि वह अपने लक्ष्य



से भटके नहीं, उत्कृष्ट धनुर्धर बनने के लिए प्रयासरत रहें। प्रातः 6:00 बजे से 9:00 बजे तक व शाम 3:00 बजे से 6:00 बजे तक खेल विभाग व जिला तीरंदाजी संघ के तत्वाधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम में नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# ग्राम प्रधान रोजगार सेवकों का अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी जारी रहा

स्वतंत्र प्रभात

**बरेली/**साथियों पर दर्ज हुई रिपोर्ट के विरोध में रोजगार सेवकों ग्राम प्रधानों एवं तकनीकी सहायकों के साथ ग्राम पंचायत सचिव ने भी धरना में बड चड कर भाग लिया इसके लिए सभी ने ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर प्रतिदिन की भांति गेट पर ताला डालकर विरोध प्रदर्शन प्रगट किया इसके लिए ग्राम प्रधानों एवं रोजगार सेवकों ने आलमपुर जाफराबाद विकासखंड में खंड विकास अधिकारी भगवान दास द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के विरोध में उन्होंने अपनी मांग को जोरों से मनवाने के लिए धरना प्रदर्शन जारी रखा।

साथ ही रिपोर्ट लिखवाने वाले खंड विकास अधिकारी के विरुद्ध भी कार्यवाही की मांग की आरोप लगाया ग्राम प्रधान के पास सभी साक्ष होने के बाद भी उन पर बेवजह थाना भमोरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है चेतावनी देते हुए कहा जब तक रिपोर्ट वापस नहीं हो जाती तब तक यह कलम बंद हड़ताल जारी रहेंगी यहां पर सुरभी सिंह जिला प्रभारी प्रधान संघ बरेली के नेतृत्व में आज अनीश खान आरसी मौर्य तकनीकी जितेंद्र पाल सिंह तकनीकी नरेश पाल सागर



ग्राम विकास अधिकारी संगीता देवेश कुमार ग्राम प्रधान उमा चरण दीनदयाल गंगाराम सूरजपाल रंजन महेश चंद कमलेश कुमार सुखबीर कुमार नरेश हरनंदन जितेंद्र सिंह यादव कुंवर सिंह प्रदीप कुमार दीपक कुमार कुमार पाल तेग बहादुर तुलाराम राधे श्याम राजेंद्र प्रसाद राजेश कुमार मोहम्मद रफीक बंटू सागर।

ओंकार सिंह हरपाल सिंह जितेंद्र सिंह पटेल तकनीकी सहायक नवाबगंज पुष्पेंद्र शाक्य संजय वर्मा भगवत शरण पुष्पेंद्र सिंह अच्छा काजल मुकेश रस्तोगी रचित अग्रवाल आशीष गंगवार अजमत अली शकील अहमद श्यामा चरण हरीश कुमार आदि उपस्थित थे। 4 दिन से चल रहे धरना प्रदर्शन को लेकर डीसी मनरेगा हबीब अंसारी ने स्वतंत्र प्रभात को बताया मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उनको पुनः जांच की जिम्मेदारी दी गई है जिसमें जांच की जा रही है







ग्राम प्रधानों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्य कराया जाने की पुष्टि हुई है परंतु उसका मूल्यांकन ठीक से नहीं किया गया इसके लिए रिपोर्ट बनाई जा रही है देर रात तक या 29 अक्टूबर तक रिपोर्ट पूर्ण होने की संभावना है। जिला अध्यक्ष रोजगार सेवक संघ गंगा दिन कश्यप ने भी स्वतंत्र प्रभात से बात करते हुए कहा अधिकारियों द्वारा कार्यवाही वापस लेने का का आश्वासन दिया जा रहा है परंतु जब तक दर्जहुई रिपोर्ट वापस नहीं हो जाती तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा ताकि किसी के भी साथ अन्यना हो सके।

# उपेंद्र पाल सिंह को मिला बगैर दायित्व शाहजहांपुर में भाजपा सदस्यता अभियान में प्रथम स्थान

**भाजपा ब्रज क्षेत्र में बगैर दायित्व के 5000 से अधिक लोगों को सदस्यता ग्रहण करवानें वाले तीसरे व्यक्ति**

**शाहजहांपुर/**भारतीय जनता पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश में चलाए गए सदस्यता अभियान के दौरान किन कार्यकर्ताओं ने बगैर दायित्व के कितनी मेहनत की और किस भाजपा कार्यकर्ता द्वारा कितने लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई इस मामले को लेकर क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा ब्रज क्षेत्र दुर्विजय सिंह शाक्य द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भाजपा में बगैर दायित्व के सर्वाधिक सदस्यता ग्रहण करने वाले कार्यकर्ताओं के नाम उजागर किए गए हैं जिनमें शाहजहांपुर जनपद की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं नीतू सिंह के पति पुवायां विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी उपेंद्र पाल सिंह का भी नाम सामने आया है जिनको भाजपा ब्रज क्षेत्र में तीसरा , और जनपद में बिना दायित्व के सबसे अधिक भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाने वालों में पहला स्थान प्राप्त हुआ है भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रज क्षेत्र दुर्विजय सिंह



शाक्य ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जानकारी सार्वजनिक करते हुए बताया है कि उपेंद्र पाल सिंह ने भाजपा में बगैर किसी दायित्व के 5000 से अधिक लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महजूदा में सास बेटा बहू कार्यक्रम का आयोजन संपन्न



**भदोही**/सुरियावा सोमवार को शासन के मनसा अनुरूप मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही डॉक्टर संतोष कुमार चक के निर्देश के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावा के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महजूदा में सास बेटा बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया । आयोजन का प्रमुख उद्देश्य परिवार नियोजन को बढ़ावा देना है कार्यक्रम में परिवार नियोजन के दो विधि स्थाई और अस्थाई साधनों पर चर्चा की गई अस्थाई साधन में पीपीआईयूसीडी अंतरा कंडोम माला और छाया जैसे साधन का उपयोग करने के लिए बहु को प्रेरित किया गया और और जिसे दो बच्चे हो गए हैं उन्हें स्थाई विधि महिला नसबंदी करने के लिए प्रेरित किया गया द्य पुरुष नसबंदी को इस मौके पर शगुनकिट का भी वितरण किया गया भी बढ़ावा देने पर चर्चा की गई द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावा अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक नाग द्वारा की गई कार्यक्रम में डॉक्टर कमल किशोर, बीपीएम धीरज राज, बीसीपीएम ईश्वर चंद्र वर्मा, एएनएम ,आशा संगिनी, और आशा बहुएं उपस्थिति रही ।

### 41वीं अंतरजनपदीय बैडमिन्टन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2024 का किया गया शुभारम्भ



**मीरजापुर।** सोमवार को 41वीं अंतरजनपदीय बैडमिन्टन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2024 के शुभारंभ समारोह के अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर "आर.पी.सिंह" व पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनंदन" द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी "पीयूष मोर्डिया" को पुष्प गुच्छ प्रदान कर बैज व कैप लगाकर स्वागत किया गया । तत्पश्चात अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी द्वारा पुलिस लाइन मीरजापुर परिसर में नव-निर्मित "इंडोर बैडमिन्टन कोर्ट" का लोकार्पण किया गया । उक्त प्रतियोगिता में वाराणसी जोन के कुल 10 जनपदों (मीरजापुर, सोनभद्र, भदोही, बलिया, मऊ, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, चन्दौली व आजमगढ़) की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया । इसी क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी द्वारा सभी प्रतिभागियों को सम्बोधित कर उनके मध्य खेल भावना को बनाये रखने की शपथ दिलायी गयी । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन, समस्त क्षेत्राधिकारी व प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

### पालतु जानवर की हत्या के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त शस्त्र बरामद

**जिगना।** थाना जिगना जनपद मीरजापुर रविवार को वादी संतोष सिंह पुत्र स्व0 अष्टभुजा सिंह निवासी भिलगौर थाना जिगना जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी के पालतु कुत्ते को गोली मार कर हत्या करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना जिगना जनपद मीरजापुर पर मु0अ0सं0-164/2024 धारा 325 बीएनएस 27/30 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ÷अभिनन्दन÷ द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना प्रभारी जिगना को निर्देश दिये गये । उक्त निर्देश के अनुक्रम में सोमवार को उप निरीक्षक शकील अहमद खां मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना जिगना क्षेत्र से घटना उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त भीम सिह पुत्र तेज प्रताप सिंह निवासी भालगौर थाना जिगना जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया । जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त स्क्र्क्र राइफल मय 01 अदद फायर कारतूस व 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जिगना पुलिस द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया ।

## आयुर्वेद पर संगोष्ठी व चिकित्सा शिविरों द्वारा जनमानस को किया गया जागरूक

**● "स्वास्थ्य से समृद्धि, स्वास्थ्य ही समृद्धि" जनपद वासियों को डीएम ने दी धनतेरस पर बधाई व शुभकामना**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** – आयुर्वेद के प्रवर्तक भगवान धनवन्तरि की स्मृति में भारत सरकार आयुष मंत्रालय नई दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार धनतेरस पर्व को "आयुर्वेद दिवस" के रूप में मनाया जाता है। शासन के निर्देश के क्रम में इस वर्ष नवम् आयुर्वेद दिवस ( 29 अक्टूबर 2024) को पूर्ण हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक जिलाधिकारी विशाल सिंह के नेतृत्व में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बेसिक विद्यालय, इंटर कालेज व केएनपीजी कॉलेज में आयुर्वेद पर संगोष्ठी व चिकित्सा शिविर का आयोजन कर जनमानस को जागरुक किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ सरोज शंकर राम ने बताया कि भारत सरकार आयुष मंत्रालय नई दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार इस धनतेरस के अवसर पर "वैश्विक स्वास्थ्य के लिये आयुर्वेद नवाचार /Ayurveda Innovation For Global Health" थीम का चयन करते हुए आयोजन को अधिक लोकप्रिय बनाने के लिये अभियान चलाकर नवम् आयुर्वेद दिवस को सफल बनाया जा रहा है।मा0 प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा तथा मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन में इस सुअवसर पर आयुर्वेद पद्धति को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बढ़ावा देने तथा जन आरोग्य को सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से आम जन की स्वीकार्यता सुनिश्चित किये जाने हेतु जनसंदेश, जनभागीदारी एवं जन आंदोलन के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर आयुर्वेद के प्रति जन चेतना जागृत किया जा रहा है।

वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद की स्वीकार्यता का आधार आयुष में नवाचार के माध्यम से गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराना, आयुर्वेद को वैश्विक स्वास्थ्य के लिए समग्र और स्थिर स्वास्थ्य देखभाल समाधानों में अग्रणी बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए 9वें आयुर्वेद दिवस-2024 के लिए "वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार ( Ayurved Innovation for Global Health ) की थीम का चयन किया गया है। इसके अन्तर्गत आयुष क्षेत्र के सहयोगियों के साथ नये निदान यंत्र का आविष्कार (diagnostic-devices), नई औषधि एवं उत्पाद को विकसित करना, मौलिक अनुसंधान और नैदानिक अनुप्रयोगों के क्षेत्र में आयुर्वेद आधारित नवाचारों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न गतिविधियां शुरू गई हैं। ये गतिविधियां आधुनिक समय में आयुर्वेद सिद्धांतों और प्रथाओं की वैज्ञानिक प्रासंगिकता स्थापित करने में उपयोगी है । इससे उद्यमशीलता को भी बढ़ावा मिलेगा और आयुर्वेद की वैश्विक स्वीकृति बढ़ेगी।

राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डॉ नित्यानंद यादव ने नवम आयुर्वेद दिवस पर जनपद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर बल देते हुए बताया कि "वैश्विक स्वास्थ्य के लिये आयुर्वेद नवाचार पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन/संचालन किया जा रहा हैं- जनसामान्य एवं रोगियों को आयुर्वेद में नैदानिक अभ्यास/निदान, औषधि एवं उत्पाद विकास, मौलिक अनुसंधान, नैदानिक अनुप्रयोग आदि सहित नवाचारों की जानकारी उपलब्ध कराया जा रहा है। संगोष्ठी एवं व्याख्यान के माध्यम से आयुर्वेद सिद्धांतों पर आधारित जीवनशैली को अपनाये जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। थीम आधारित सेल्फी प्वाइन्ट की स्थापना किया गया है। आयुर्वेद दिवस से संबंधित स्लोगन/संदेश का महत्वपूर्ण स्थानों पर




एल0ई0डी0 द्वारा प्रदर्शन किया गया है । स्व4 द्द्श1 प्लेटफार्म पर आयुर्वेद दिवस से संबंधित शपथ लिये जाने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया। प्रकृति परीक्षण अभियान के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित जा रहा है। जनसामान्य एवं रोगियों को हर्बल गार्डन का भ्रमण कराते हुये, सामान्य औषधीय पौधों का प्रदर्शन एवं उनका घरेलू रोगों में प्रयोग सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध कराया जा रहा है। आयुर्वेद की विशिष्ट चिकित्सा पद्धतियों जैसे पंचकर्म, स्नेहन, स्वेदन, अग्नि कर्म, मर्म चिकित्सा, जलौका उपचार विधि, क्षार सूत्र विधि इत्यादि का प्रदर्शन एवं जानकारी उपलब्ध कराना। धनवन्तरि जयन्ती के अवसर पर निम्नलिखित वाक्यांश का प्रचार किया जा रहा है- "स्वास्थ्य से समृद्धि स्वास्थ्य ही समृद्धि" महिला उद्यमियों, आदिवासियों, स्वदेशी और जातीय समूहों के एमएसएमई । उद्यमियों की पहचान कर और उन्हें आयुर्वेद उत्पादों के निर्माण एवं बिक्री हेतु बढ़ावा दिया जाने हेतु प्रेरित हुआ प्रोत्साहित किया गया है।

सामान्य जन को आयुष विधाओं के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने और जागरूकता लाने के लिए सम्बन्धित जनपदों के स्कूलों, कॉलेजों, वृद्धाश्रमों, नारी निकेतन आदि में आयुर्वेद चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। स्कूलों और आयुष कॉलेजों के छात्रों और कर्मचारियों के लिए जन जागरूकता व्याख्यान एव संगोष्ठियों का आयोजन निम्नलिखित विषयों पर किया जा रहा है - महिला स्वास्थ्य पर जन जागरूकता, कार्यस्थल पर स्वास्थ्य हेतु जन जागरुकता, स्कूलों में स्वास्थ्य पर जन जागरुकता, आधुनिक जीवन शैली के द्वारा उत्पन्न होने वाले रोगों की रोकथाम में आयुर्वेद की भूमिका, मानसिक स्वास्थ्य में आयुर्वेद की भूमिका,पोषण में आयुर्वेद की भूमिका, वृद्धावस्था देखभाल में आयुर्वेद की भूमिका।

आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों के द्वारा जनसामान्य को औषधीय पौधों का वितरण एवं जानकारी उपलब्ध करायी गयी। आयुर्वेद दिवस 2024 की थीम पर आयुर्वेद कॉलेजों के छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है - चित्रकला /रंगोली प्रतियोगिता,आयुर्वेद व्यंजनों की बिना आग के पकाने की प्रतियोगिता, जिंगल, स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, लघु वीडियो फिल्म प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता,औषधीय पौधों से संबंधित प्रतियोगिता, वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, आयुर्वेद के लिए दौड़ ( Run for Ayurved )-प्रदेश में आयुर्वेद के लिए दौड़ का आयोजन किया गया । आयुर्वेद संस्थानों द्वारा श्री अन्न आधारित आयुर्वेद खाद्य महोत्सव और आयुर्वेद पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन व आयुर्वेद नव प्रवर्तन संवाद पर वेबीनार का आयोजन किया गया।

## ईंट भट्टे पर आबकारी विभाग ने छापा मारकर 57 किलों कच्ची शराब किया बरामद

स्वतंत्र प्रभात

**सीखड़।** चुनार कोतवाली अंतर्गत अदलपुरा पुलिस चौकी क्षेत्र के ईंट भट्ठों पर आबकारी विभाग व पुलिस टीम के द्वारा रविवार देर शाम की गई छापेमारी। छापेमारी में बड़ी मात्रा में लहंग शराब की अवैध भट्टियां पाई गई। जिनको छापेमारी टीम के द्वारा मौके पर हीं नष्ट कराकर लगभग 57 किलो कच्ची शराब बरामद किया गया। मीरजापुर पुलिस अधीक्षक के द्वारा जनपद अंतर्गत मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कारवाई की गई थी। सीखड़ क्षेत्र के अदलपुरा क्षेत्र में करीब दर्जनों ईंट भट्ठे चलते हैं जहां पर अवैध रूप से देशी शराब बनाई जाती है। ईंट भट्ठा मालिकों और क्षेत्रीय पुलिस के नाक के नीचे यह कार्य होता है परन्तु न तो ईंट भट्ठा मालिक और ना ही क्षेत्रीय पुलिस इन पर कोई कार्रवाई करती है। कुछ दिनों से लगातार क्षेत्रीय लोगों के द्वारा अदलपुरा पुलिस चौकी अंतर्गत ईंट भट्ठों पर बन रही अवैध कच्ची शराब की सूचना आबकारी विभाग को मिल रही थी, उसी के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आबकारी विभाग व जनपद पुलिस की संयुक्त टीम ने गुप्त रूप से यह छापें मारी की गई थी। क्षेत्र में ईंट भट्ठो पर हो रही छापेमारी की भनक लगते ही इसमें लिप्त लोगों में अफरा तफरी मच गई। जब तक टीम छापें मारी करती उससे पहले शराब तस्कर फरार हो गए। छापें मारी के दौरान टीम को लगभग 450 किलो लहंग पांच शराब की अवैध भट्टियां और कुछ लीटर कच्ची अवैध शराब ही बरामद हुई। बताते चलें कि अदलपुरा पुलिस चौकी क्षेत्र में लगभग दर्जनों ईंट भट्ठे है जहां पर अवैध शराब बनाई जाती है और स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं या कहें कि सब कुछ जानकारी होने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती। क्षेत्र में लोगों का कहना है कि यदि स्थानीय पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाती तो इतने बड़े पैमाने पर लहंग और अवैध शराब की भट्ठियां कैसे मिलती। इस संबंध में पुंछे जाने पर अदलपुरा चौकी इंचार्ज सुरेश सिंह ने कहा कि छापा मारा गया किन्तु कुछ बरामद नहीं हुआ जबकि सोशल मीडिया पर छापेमारी में उपरोक्त सामान मिलने की बात लगातार वायरल हो रही है।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पटेहरा मिर्जापुर में ड्रमडगज कंपोजिट विद्यालय के दो बच्चों ने सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया



**हलिया।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मिर्जापुर में जनपद स्तरीय विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी कार्यक्रम में ड्रमडगज कंपोजिट विद्यालय के अंजू कुमारी व सुमित गुप्ता ने सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के द्वारा बच्चों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया क्षेत्र के लोगों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक व विद्यालय के अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि विज्ञान व गणित के अध्यापक बहुत अच्छे तरीके से बच्चों को गाइड करते हैं जिससे आज बच्चे जिला स्तरीय में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया जबकि अभी सिर्फ आठवीं क्लास के बच्चे अभी से विज्ञान व गणित में बाजी मारना शुरू कर दिए हैं तो आगे बच्चों का भविष्य और भी सुंदर और अच्छा रहेगा और बच्चों के माता-पिता को भी बधाई देते हुए लोगों ने बताया कि घर के गार्जियन अच्छी तरीके से बच्चों को गाइड करते हैं इस मौके पर बेसिक शिक्षा अधिकारी मिर्जापुर ए बी ए से सहित विद्यालय के अध्यापक प्रदीप कुमार दुबे मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मीरजापुर।** न्याय पंचायत धौरहरा के परिषदीय विद्यालयो के प्राथमिक व उच्च स्तर के बच्चों का खेल प्रतियोगिता ऐतिहासिक चुनार किला ग्राउंड में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि योगेंद्र शरण शाह तहसीलदार चुनार द्वारा किया गया। प्राथमिक विद्यालय टेकउर के प्रधानाध्यापक जितेंद्र सोनकर द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत अंगवस्त्र व माल्यार्पण से किया गया। मुख्य अतिथि का मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बच्चों को खेल के महत्व के बारे में बताकर उन्हे उत्साहित किया। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रा वि बल्लीपुर की चांदनी,बालक वर्ग में प्रा वि टेकउर के फैज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रा वि भौराही की जय भारती ,बालक वर्ग में प्रा वि चुनार के अग्कीलेश यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।उच्च माध्यमिक वर्ग 200 मीटर दौड़ में पूर्व माध्यमिक विद्यालय चुनार के अंश कन्नौजिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 50मीटर बालक वर्ग और 50 मीटर बालिका वर्ग की दौड़ आयोजित की गई। जिसमे बालक वर्ग में अतुल पाल, प्राथमिक विद्यालय भौरही ने और बालिका वर्ग चांदनी प्राथमिक विद्यालय बल्लीपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर न्याय पंचायत के संबंधित विद्यालय के अध्यापक उपस्थित रहे, जिनमें धर्मेन्द्र सिंह ए आर पी ,प्रशांत कुमार वंशीधर चतुर्वेदी,अश्विनी कुमार उपाध्याय,मदन गोपाल मिश्रा, कंचन विश्वकर्मा, कमलेश गुप्ता, सुनीता देवी, ज्योति सिंह, रामानंद द्विवेदी,कुल चंचल सिंह संजय यादव रवींद्र मौर्य विजय कुमार मौर्य आदि शामिल रहे।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिला अधिकारी कौशाम्बी मधुसूदन हुल्गी व पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के द्वारा साथ-साथ जिला कारागार कौशाम्बी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बन्दियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली गई तथा उनके भोजन, स्वास्थ्य आदि व्यवस्थाओं को चेक किया गया एवं जेल परिसर के अन्दर कोई भी प्रतिबन्धित सामग्री न जाने पाये व साफ सफाई आदि के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## आगामी 25 नवंबर को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम हेतु इच्छुक कराए रजिस्ट्रेशन

स्वतंत्र प्रभात



प्रेसविज्ञप्ति

जनपद भदोही में समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह का कार्यक्रम जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार मेगा-इवेन्ट के रूप में दिनांक 25.11.2024 को वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। चल वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद का लक्ष्य 831 निर्धारित किया गया है, जिसका लक्ष्य विकासखण्डवार/नगर पंचायत/नगर पालिका परिषदवार समस्त खण्ड विकास अधिकारी/अधिशासी अधिकारी को आवंटित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आर्थिक रूप से गरीब अभिभावक जो अपनी पुत्री की शादी उक्त सामूहिक शादी कार्यक्रम में सम्पन्न कराना चाहते है, वे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आनलाइन वेबसाईट https://cmsvy.upsdc.gov.in/applicationforms.php पर भरते हुये आवेदन पत्र का प्रिन्टआउट आवश्यक संलग्नको (यथा कन्या के आयु सम्बन्धी प्रमाण-पत्र, गरीबी रेखा/ निराश्रित/बी0पी0एल0 कार्ड अथवा रू0 2.00 लाख वार्षिक आय सीमा तक का आय प्रमाण-पत्र, कन्या एवं वर की पासपोर्ट साईज फोटो, विधवा होने की स्थिति में पूर्व पति के मृत्यु प्रमाण-पत्र की प्रति, परित्यक्ता होने की स्थिति में न्यायालय आदेश की प्रति एवं कन्या के बैंक खाता की प्रति) सहित विकासखण्ड मुख्यालय (ग्रामीण क्षेत्र) अधिशासी अधिकारी नगर निकाय (शहरी क्षेत्र) में जमा करना सुनिश्चित करें, पात्र आवेदको द्वारा ही वैवाहिक कार्यक्रम हेतु आवेदन किया जाय। सत्यापन के दौरान यदि कोई भी आवेदक अपात्र पाया जाता है तो उसके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जायेगा। ताकि पात्र व्यक्तियों की कन्याओं की शादी सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्पन्न करायी जा सके। योजनान्तर्गत कुल अनुमन्य धनराशि रू0 51000/- के सापेक्ष शादी हेतु रू0 35000/- की धनराशि वधू के बैंक खाते अन्तरित करायी जायेगी, साथ ही रू0 10000/- तक के उपहार सामग्री का वितरण किया जायेगा एवं रू0 6000/- की धनराशि से उक्त सामूहिक समारोह को सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्यक्रम आयोजक को उपलब्ध करायी जानी है।

**भदोही** – जिला समाज कल्याण अधिकारी मीना श्रीवास्तव ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह का कार्यक्रम जिलाधिकारी विशाल सिंह के निर्देशानुसार मेगा-इवेन्ट के रूप में 25 नवंबर 2024 को वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। चल वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद का लक्ष्य 831 निर्धारित किया गया है, जिसका लक्ष्य विकासखण्डवार / नगर पंचायत/नगर पालिका परिषदवार समस्त खण्ड विकास अधिकारी / अधिशासी अधिकारी को आवंटित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आर्थिक रूप से गरीब अभिभावक जो अपनी पुत्री की शादी उक्त सामूहिक शादी कार्यक्रम में सम्पन्न कराना चाहते है, वे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आनलाइन वेबसाईट https://cmsvy.upsdc.gov.in/applicationforms.php पर भरते हुये आवेदन पत्र का प्रिन्टआउट आवश्यक संलग्नको (यथा कन्या के आयु सम्बन्धी प्रमाण-पत्र, गरीबी रेखा / निराश्रित / बी0पी0एल0 कार्ड अथवा रू0 2.00 लाख वार्षिक आय सीमा तक का आय प्रमाण-पत्र, कन्या एवं वर की पासपोर्ट साईज फोटो, विधवा होने की स्थिति में पूर्व पति के मृत्यु प्रमाण-पत्र की प्रति, परित्यक्ता होने की स्थिति में न्यायालय आदेश की प्रति एवं कन्या के बैंक खाता की प्रति) सहित विकासखण्ड मुख्यालय (ग्रामीण क्षेत्र) अधिशासी अधिकारी नगर निकाय (शहरी क्षेत्र) में जमा करना सुनिश्चित करें, पात्र आवेदको द्वारा ही वैवाहिक कार्यक्रम हेतु आवेदन किया जाय। सत्यापन के दौरान यदि कोई भी आवेदक अपात्र पाया जाता है तो उसके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जायेगा। ताकि पात्र व्यक्तियों की कन्याओं की शादी सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्पन्न करायी जा सके। योजनान्तर्गत कुल अनुमन्य धनराशि रू0 51000/- के सापेक्ष शादी हेतु रू0 35000/- की धनराशि वधू के बैंक खातें अन्तरित करायी जायेगी, साथ ही रू0 10000/- तक के उपहार सामग्री का वितरण किया जायेगा एवं रू0 6000/- की धनराशि से उक्त सामूहिक समारोह को सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्यक्रम आयोजक को उपलब्ध करायी जानी है।

### दीपावली पर सोच समझ कर खड़े करें वाहन



**कानपुर।** एसीपी यातायात सृष्टि सिंह के नेतृत्व में टीआई पूर्वी जोन (द्वितीय),सेक्टर प्रभारी भार्गव हॉस्पिटल व थाना स्थानीय के साथ मिलकर जेड- स्क्वायर ,बड़ा चौराहा से लेकर मेस्टन रोड होते हुए मूलगंज चौराहे तक नो पार्किंग में खड़े वाहनों को क्रेन के माध्यम से हटवाया गया एवम लाउडहेलर के माध्यम से दुकानदारों को अपने समानों को व्यवस्थित करते हुए फुटपाथ पर अतिक्रमण न करने की अपील की गई। कार्यवाही के दौरान नो पार्किंग जोन में सड़क पर वाहन खड़ा करने व यातायात को अवरुद्ध करने के फलतः प्रवर्तनात्मक कार्रवाई भी की गई।

### विशाल रंगोली बना पद्म विभूषण रतन टाटा को दी गई सच्ची श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** डैफोडिल्स गुरुकुल छात्रावास के छात्रों ने एक नई पहल करते हुए भारत के कोहिनूर रतन टाटा को विशाल रंगोली के माध्यम से बॉस्केटबॉल स्टेडियम में सच्ची श्रद्धांजलि दी। बीते 9 अक्टूबर 2024 को भारत देश ने अपना महत्वपूर्ण रत्न खो दिया। उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो को देश-विदेश की जनता हमेशा याद करेगी तथा वे सदा सदा के लिए भारतवासियों के दिल में अमर रहेंगे ।उनके द्वारा जलाए गए अलग की ज्योत को याद करते हुए उस राह पर चलने को तत्पर डैफोडिल्स के छात्रों ने पूरे समर्पण भाव से दिनांक 27 अक्टूबर को 4000 स्क्वायर फीट में एक विशाल रंगोली बना अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह उल्लेखनीय कार्य श्रीमती अंशु शर्मा के दिशा निर्देश में व हॉस्टल के शिक्षकों के देखरेख में संपन्न हुआ ।इस अवसर पर विद्यालय के



डायरेक्टर श्री अमरदीप सिंह जी व श्रीमती अपराजिता सिंह जी ने बच्चों को मेहनत व लगन को सराहा । एकेडमिक हेड श्रीमती प्रेरणा आशीष तिवारी, प्रधानाचार्या अर्पिता मुखर्जी नारघाट ब्रांच, उप प्रधानाचार्या रिया भूटानी ,संकट मोचन ब्रांच की प्रधानाचार्या श्रीमती मिट्ठू बनर्जी व अरुण शर्मा भी उपस्थित रहे व बच्चों का निरंतर उत्साहवर्धन करते रहे। वहां उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने बच्चों की भूरि भूरि प्रशंसा की।

## चलती ट्रेन से बच्चा हुआ गायब, रेलवे पुलिस कर रही है तलाश

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर ।** चलती ट्रेन से 9 माह का बच्चा गायब होने पर रेलवे पुलिस द्वारा बताया गया कि आवेदिका के सूचना अनुसार आवेदिका का पुत्र सात्विक भास्कर पुत्र शिवम कुमार भास्कर निवासी ग्राम पीपरपांति बुधनी गली मकान नं0-0567 रंगबहादुर रोड थाना कोतवाली जनपद गया (बिहार) वादिनी अपनी सास के साथ दिनांक 26.08.2024 को अपने बच्चे सात्वीक भास्कर उम्र 09 माह के साथ रेलवे स्टेशन नई दिल्ली से गया तक की यात्रा ट्रेन नं0-12398 महाबोधी एक्सप्रेस के कोच नं0 स-3 के सीट नं0-58,59 से यात्रा कर रही थी। यात्रा के दौरान जब ट्रेन रेलवे स्टेशन



विन्ध्याचल से खुली तो वादिनी नींद से जगी तो देखा की बच्चा सात्वीक भास्कर उम्र 09 माह गुम हो गया है। वादिनी द्वारा काफी तलाश खोजबीन किया गया परन्तु नही मिला। जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0-123/24 धारा 137 (2) 140 (3) बी0एन0एस0 दिनांक 28.08.2024 को थाना जीआरपी मिर्जापुर पर पंजीकृत करायी गई है। उपरोक्त बच्चे की फोटो व हुलिया इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि अपने स्तर से सम्बन्धित थानों को प्रचार प्रसार कर तलाश कराये जाने तथा गुमशुदा उपरोक्त के सम्बन्ध मे कोई लाभप्रद सूचना प्राप्त होने पर सम्बन्धित थाना अथवा पुलिस कार्यालय को अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

## श्रीराम भगवान ने युद्ध में कुंभकरण पर तीर

**●वानर सेना प्रभु श्रीराम की जय-जयकार**

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** विंध्याचल धाम क्षेत्र में श्री विंध्य प्राचीन रामलीला समिति विंध्याचल द्वारा आयोजित दस दिवसीय रामलीला मंचन के नवें दिन मंचन के मुख्य अतिथि हर्षित खत्री नगर उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, पश्चिम ने भगवान श्री राम जी लक्ष्मण जी एवं हनुमान जी की आरती पूजन कर भव्य रामलीला का मंचन हुआ किया गया मंचन में हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाए, भगवान श्री राम द्वारा कुंभकरण का वध सहित कई अन्य मंचन किया गया लीला के क्रम में लक्ष्मण जी को शक्ति बाण लगने के बाद उठाकर हनुमान जी प्रभु श्रीराम के पास लाते हैं ,तब विभीषण के बताने पर हनुमान जी लंका से सुषेन वैद्य को कुटिया सहित उठा लाते हैं। सुषेन वैद्य बताते हैं कि अगर हनुमान जी सूर्य निकलने के पहले संजीवन बूटी लेकर आ जाएं तो लक्ष्मण के प्राण बच सकते हैं हनुमान जी कालनेमि को मारकर संजीवनी बूटी समझ न आने पर द्रोणगिरि पर्वत ही उठा लाए। हनुमान जी संजीवन बूटी लेकर सुषेन वैद्य को देते हैं जिसे लक्ष्मण जी को खिला देते हैं तो वह जीवित हो जाते हैं। वानर सेना में हर्षोल्लास मनाया जाता है। इधर, रावण अपने भाई कुंभकरण को जाकर सारी घटना बताता है। कुंभकरण ने कहा, भाई रावण माता सीता को सम्मान के साथ प्रभु श्रीराम को लौटा दो और अपनी गलती की माफी मांग लो। प्रभु श्रीराम तुमें माफ कर देंगे तब रावण क्रोध से बोला, भाई कुंभकरण तुम मदद करने की जगह मुझे उपदेश दे रहे हो। जाओ जाकर सो जाओ, मुझे तुम्हारी कोई जरूरत नहीं है। कुंभकरण ने कहा कि ठीक है। मैं आपकी आज्ञा मानकर उनसे युद्ध करूंगा। कुंभकरण ने रावण से कहा, आओ भाई अब गले लग जाओ, शायद अब हमारा मिलन न हो। यह बात कहकर कुंभकरण रणभूमि में जाता है और अकेला ही श्रीराम की सेना पर हावी हो जाता है, जिससे वानर सेना में हाहाकार मच जाता है। अंत में श्रीराम युद्ध के लिए जाते हैं और कुंभकरण पर तीर से वार करते हुए भुजा सिर और धड़ को अलग करके मृत्यु लोक पहुंचा देते हैं। वानर सेना प्रभु श्रीराम की जय-जयकार करने लगती है।

लीला में हनुमान जी की भूमिका में विक्रम मिश्रा (निशु) मेघनाथ की भूमिका गिरजेश द्विवेदी,विभिषण मुन्ना बाबू मिश्रा, जामवंत की भूमिका में उत्कर्ष द्विवेदी, सुषेन वैद्य प्रकाश चंद पांडेय राजा रावण की भूमिका में राजगिरी, कालनेमी की भूमिका में अमन गोस्वामी कुंभकरण की भूमिका में रामेश्वर त्रिपाठी ने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। रामलीला का संचालन आदर्श उपाध्याय व अमन गोस्वामी ने किया। व्यास की भूमिका में गोपी मिश्रा ने निभाई ,लीला मंचन के साथ ढोलक पर रंग नाथ,आगर्न पर राम प्रसाद ,शहनाई पर तौलन प्रसाद ने रामलीला मंचन के दौरान कुशल संगत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के संरक्षक प्रकाश चन्द्र, अध्यक्ष संगम लाल त्रिपाठी,मंत्री कमल मिश्रा निदेशक राज गिरी,सहनिर्देशक प्रशांत द्विवेदी, उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ मिश्रा, उपाध्यक्ष रामेश्वर त्रिपाठी,कोषाध्यक्ष विक्रम मिश्रा निशु व रवि प्रकाश मिश्रा, उपाध्यक्ष लव दूबे, मीडिया प्रभारी संतोष कुमार तथा समिति के प्रमुख रूप से प्रिंस मिश्रा, त्रिलोकी उपाध्याय ,अमन सिंह पटेल, सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य सहित पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में जवान तैनात रहे एवं सदस्यगण ने अपनी अपनी अहम भूमिका निभाई।

# संक्षिप्त ख़बरें

## उत्तर मध्य रेलवे में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ शुभारंभ।



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे में 28.10.2024 से 03.11.2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है इसी क्रम में आज मुख्यालय उत्तर मध्य रेलवे सूबेदारगंज में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत अपर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे, जे0 एस0 लाकरा ने सोमवार को सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिये निर्बाध रूप से कार्य करने की शपथ दिलायी। शपथ के तहत प्रतिज्ञा की गई कि सभी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में भ्रष्टाचार उन्मूलन करने के लिये निर्बाध रूप से कार्य करेंगे। इसी क्रम में अपर महाप्रबंधक जे0 एस0 लाकरा के नेतृत्व में महाप्रबंधक कार्यालय से रेल गाँव स्टेडियम तक एक वाकाथन का आयोजन किया गया और प्रयागराज मंडल के स्काउट गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता का संदेश दिया इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबंध वी. के. गर्ग सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज, झांसी व आगरा मंडलों में भी ऐसे ही कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे हैं। सतर्कता विभाग की टीमें मुख्यालय एवं मंडल में सतर्कता संबंधि सर्कुलरों एवं नियमों के बारे में प्रचार भी कर रही है।

## किसान की भूमि पर दबंगों ने किया कब्जा, लगाई सीएम से गुहार

**...... पीड़ित किसान रामचंद्र ने मुख्यमंत्री को आईजीआरएस सहित लखनऊ पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, गोसाईगंज थाना प्रभारी को दिया शिकायती पत्र।**

**गोसाईगंज लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में किसानों पर दबंगों का कहर दिन पर दिन बढ़ रहा है। यह आरोप लगाते हुए किसान राम चंद्र ने बताया कि दबंगों द्वारा उनकी जमीन को जोत दिया गया है।उच्च अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में किसान ने बताया कि दबंग उत्पीड़न करने पर उतारू हैं। पुलिस कार्रवाई के नाम पर हमेशा टरका देती हैआपको बता दें कि गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवकली निवासी ग्राम खेमा खेड़ा मजरा जैखंडी निवासी रामचंद्र ने मुख्यमंत्री को आईजीआरएस सहित लखनऊ पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी,उपजिलाधिकारी, गोसाईगंज थाना प्रभारी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि भूमि गाटा सं. 451 नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। भूमि पर प्रार्थी काबिज चला आ रहा है किन्तु सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे गैर मौजूदगी में गांव के ही भूमाफिया राम प्रकाश यादव, राम प्रताप यादव पुत्रगण प्यारेलाल, अमन यादव पुत्र राम प्रकाश यादव, जंग बहादुर यादव पुत्र शत्रोहन लाल आदि लोगों ने खेत को दबंगई के बल पर जबरन जुतवा दिया है, जिसकी जानकारी पीड़ित को को होने पर पीड़ित के द्वारा मौके पर जाकर विरोध किया तो विपक्षीगण उपरोक्त लोगो के द्वारा गन्दी गन्दी गालियां देकर मार पीट पर आमादा होकर प्रार्थी को भगा दिया और जान माल की धमकी दे रहे है।पीड़ित व पीड़ित का परिवार डरा एवं सहमा हुआ है।पीड़ित ने न्याय के लिए उच्च अधिकारियों के दरवाजे खटखटाए हैं।अब देखना यह दिलचस्प होगा कि पीड़ित को क्या मिलेगा न्याय या फिर ऐसे दर दर की ठोकरें खाता रहेगा पीड़ित।

## डीईओ ने धनीपुर मण्डी परिसर को किया अधिग्रहीत




**अलीगढ़।** 71- खैर (अ0 जा0) विधानसभा निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के लिए पोलिंग पार्टियों का प्रस्थान, वापसी, मतगणना का कार्य कृषि उत्पादन मण्डी समिति, धनीपुर में सम्पादित कराया जाना हैं, जिसके लिए मण्डी स्थल में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयानुसार पूर्ण कराने के लिए मण्डी स्थल की तत्काल आवश्यकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति, धनीपुर के सम्पूर्ण स्थल व परिसर को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 160 के अधीन तत्काल प्रभाव से निर्वाचन कार्य की समाप्ति तक के लिए अधिग्रहीत कर लिया गया है। उन्होंने मण्डी के सचिव को निर्देशित किया है कि वह निर्वाचन संबंधी कार्य स्थल पर विद्युत, पानी समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं की सम्पूर्ण व्यवस्था तत्काल कराना सुनिश्चित करें, ताकि निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाएं समयान्तर्गत करायी जा सकें।

# प्रेक्षक ने-फूलपुर विधान सभा उप निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अधिकारियों के साथ की बैठक

**● - आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन एवं मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कराये जाने के दिए निर्देश।**



स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** माननीय प्रेक्षक डॉ0 ललश्रिआतजुआली राल्ते की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में 256-फूलपुर विधान सभा उप निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रेक्षक ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करने एवं अपने दायित्वों का पूरी तनमयता के साथ निर्वहन करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए कहा है।

उन्होंने आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने एवं मतदान केन्द्रों पर फर्नीचर, विद्युत, शौचालय, रैम्प सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कर लिए जाने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों के बारे में भी जानकारी लेने का निर्देश दिए।

पार्टी रवानगी स्थल तथा निर्वाचन केन्द्रों पर स्वास्थ्य सम्बंधी व्यवस्थाओं के सम्बंध में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि पार्टी रवानगी स्थल पर 1 एवं प्रत्येक ब्लाक के सीएचसी पर 3 एम्बुलेंस की व्यवस्था के साथ-साथ मेडिकल टीम भी उपस्थित रहेगी। उन्होंने वेब कॉस्टिंग, बूथों पर बनाये जाने वाले बैरियर, मॉडल बूथों एवं पिंक बूथों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। प्रेक्षक महोदया ने सेक्टर मजिस्टेªट, जोनल मजिस्टेªट, माइक्रो आब्जर्वर, मास्टर टेªनर एवं मतदान कार्मिकों का समय से प्रशिक्षण कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने निर्वाचन की मानीटरिंग हेतु बनाये गये कंट्रोल रूम, कॉल सेन्टर के बारे में भी जानकारी प्राप्त करने को कहा। उन्होंने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा वहां पर सी-विजिल, शिकायतों के निस्तारण, एम0सी0एम0सी0 तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार नोडल/सहायक नोडल सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिले में नकली खोवा और घी से त्यौहारी सीजन में बन रही मिठाइयां, जिम्मेदार मौन

**● - गोंडा शहर, कर्नलगंज, कटरा बाजार, बालपुर, परसपुर, भंभुआ, पहाड़ापुर, मनकापुर, खरगूपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में सजी मिठाई की दुकानें।**

**मिलावटी मिठाईयों को दीपावली पर बड़े पैमाने पर खपाने की तैयारी।**

**लोगों के स्वास्थ्य से खुलेआम हो रहा खिलवाड़, विभाग कुंभकर्णी नींद में।**

स्वतंत्र प्रभात

**गोण्डा।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों के मिष्ठान, होटल कारोबारियों द्वारा त्योहारी सीजन के चलते कम लागत में बड़ा मुनाफा कमाने के चक्कर में नकली खोया और नकली घी से बनी मिठाईयों को बड़े पैमाने पर बिक्री के लिए तैयार किया जा रहा है। नकली घी,मावा के अलावा बाजार में नकली पनीर की भी बडे पैमाने पर बिक्री की जा रही है। क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य से खुलेआम हो रहे खिलवाड़ के पीछे संबंधित विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग तमाशबीन बनकर आंखें मूंदे हुए है। लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवालिया निशान लगाते हुए मिलावटखोरों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

गोंडा शहर, कर्नलगंज, कटरा बाजार, बालपुर, परसपुर, भंभुआ, पहाड़ापुर, मनकापुर, खरगूपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में नकली घी, नकली मावा से मिठाईयां बनाई जा रही हैं,जिसे दीपावली के त्योहार पर बिक्री कर मोटा मुनाफा कमाने की तैयारी मिलावटखोरों ने कर ली हैं। मुनाफाखोर मोटा मुनाफा कमाने की एवज में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड कर रहे हैं। त्योहारी सीजन में नकली पनीर,घी व खोया की बिक्री और सप्लाई करने का धन्धा बड़े पैमाने पर चल रहा है। बहुत ही कम दामों पर स्थानीय दुकानदारों को मिलावटी खोया,घी और पनीर सप्लाई की जाती है। दीपावली के त्योहार एवं सहालग के दौरान क्षेत्र में हो रही शादी विवाह में मुनाफाखोर नकली खोया,घी और पनीर को असली बताकर महंगे दामों पर कारोबारी बेंचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग ऐसे लोगों पर जानबूझकर कार्रवाई नहीं कर रहा है,जिससे इन क्षेत्रों में मिलावट खोरी का यह धंधा दिन प्रतिदिन जोर पकड़ रहा है। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर मिलावटखोर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। वहीं मिलावटी खोया,घी व पनीर खाने से लोगों की सेहत भी बिगड़ रही है। मिलावटी मिठाईयां खाने से लोगों को पेट,लीवर व हार्ट की बीमारियां का सामना करना पड़ रहा है।

**महज दिखावे के नाम पर होती है छापेमारी, मिलावट खोरों के हौंसले बुलंद।**

खाद्य विभाग की मिलीभगत से स्थानीय बाजारों में नकली पनीर,घी और खोया की बिक्री करने वाले मिलावटखोरों पर छापेमारी की कार्यवाही न होने से इनके हौंसले बुलंद है। विभागीय मिलीभगत से मिलावटखोरों पर कभी कभार दिखाने के लिए छापेमारी कर खानापूर्ति कर ली जाती है। इस संबंध में जब वार्ता करने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया तो नेटवर्किंग समस्या के चलते उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# मिशन शक्ति दीदी अभियान के तहत खोड़ारे की एंटी रोमियो टीम ने विद्यालय मे पहुंचकर छात्राओं को जागरूक किया।

स्वतंत्र प्रभात



**मनकापुर गोण्डा-** मिशन शक्ति दीदी अभियान के फेज-5 के तहत खोड़ारे थाना द्वारा गठित एंटीरोमियो टीम मे उप निरीक्षक ज्ञानेंद्र शुक्ला , आरक्षी सुधीर कश्यप,महिला आरक्षी शिखा चौधरी द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वाबलंबन के विषय में सुभद्रा देवी कन्या इंटर कॉलेज पिपरा बारा खां थाना खोडारे जनपद गोंडा में पहुंचकर सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे- विधवा पेंशन योजना वृध्दावस्था पेंशन योजना,सुकन्या समृद्धि योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,उज्ज्वल योजना,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना*, *राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधान मंत्री जन अरोग्य योजना,नशा मुक्ति भारत अभियान* आदि से अवगत कराते हुए तथा महिलाओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112,स्वास्थ्य सेवा-102, 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076,चाइल्ड लाइन 1098,1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी दिया। तथा कहा कि अगर किसी व्यक्ति या महिला के साथ कहीं कोई भी समस्या आती हैं तो तुरंत उपरोक्त हेल्पलाइन नंबर सहित संबंधित थाने के नंबर पर सुचना दे सकते हैं उनका तुरंत पहुंचकर सहयोग किया जाएगा। और नाम पता बिलकुल गोपनीय रखा जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापक सहित छात्र /छात्राए मौजूद रहे।

# आगामी त्यौहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम व एसपी ने की पीस/शांति कमेटी की बैठक

**● - त्यौहारों के दौरान चप्पे-चप्पे पर होगी पुलिस एवं प्रशासन की नजर**

स्वतंत्र प्रभात

**गोण्डा।** आगामी आयोजित होने वाले त्योहारों को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। जहां लोग त्योहार को लेकर उत्साहित हैं और खरीददारी में जुटे हुए हैं। वहीं पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली है। इसी के तहत त्योहार पर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को जिला पंचायत सभागार में पीस कमेटी की मीटिंग की गई। ये मीटिंग जिलाधिकारी नेहा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में अपर पुलिस अधीक्षक, सभी थानाध्यक्ष व सीओ, समस्त एसडीएम, धर्मगुरू और संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

**पुलिस अधिकारियों ने की लोगों से अपील**

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मीटिंग में मौजूद धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें आगामी त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने और किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने के बारे में समझाया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हें समझाया गया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और



सभी लोग त्योहार को शांति पूर्व ढंग से मना सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि युवा या अन्य कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट ना करें जिससे कि आपसी माहौल बिगड़े। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एवं पश्चिमी, नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बाबा टीवीएस दीपावली के शुभ अवसर पर 5 दिनों तक बाइक की खरीदारी पर ग्राहकों को दे रहा उपहारों की तोहफा

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में बाबा टीवीएस बाइक एजेंसी के बाबा चौराहा रसूलपुर गिरसा भरवारी सहित मंझनपुर मुख्यालय के ओसा रोड नगर पालिका परिषद मंझनपुर कार्यालय के पास बाबा टीवीएस बाइक एजेंसी से धनतेरस दीपावली भैया दूज सहित 5 दिनों तक टीवीएस बाइक की खरीद पर उपहार की बौछार की गई है वीआईपी कंपनी का अरिष्टोकेट सूटकेस बाइक की खरीद में ग्राहकों को गिफ्ट दिया जा रहा है। बुधवार को न्यू रेडर बाइक की लॉन्चिंग एजेंसी मालिक और कम्पनी के अधिकारियों द्वारा बाबा चौराहे भरवारी में की गई थी धनतेरस दीपावली भैयादूज के पर्व पर 5 दिनों तक बाबा टीवीएस के किसी भी शो रूम से बाइक खरीदने पर ढेर सारे उपहार देने की घोषणा एजेंसी मालिक द्वारा की गई है उन्होंने बताया कि 99 हजार 999 रुपए की कीमत पर बाबा टीवीएस में न्यू रेडर बाइक मिलेगी न्यू रेडर बाइक इस समय युवाओं की पहली पसंद बनी हुई है एक तरफ मंहगे उपहार दूसरे तरफ बेहतर माइलेज और अच्छी बाइक मिलने से टीवीएस बाइक के खरीदारों की भीड़ एजेंसी में बढ़ रही है।

धनतेरस दीपावली और भैयादूज के शुभ अवसर पर टीवीएस की कोई बाइक लेने पर बाबा टीवीएस अपने ग्राहकों को अरिस्टोकेट का वीआईपी सूटकेस इनाम में दे रहा है अमित केसरवानी व मनीष केशरवानी ने बताया कि बाइक की खरीद में इनाम में दिए



जाने वाले वीआईपी सूटकेस की कीमत लगभग 7300 रुपए है इसके अलावा और तमाम ढेर सारे इनाम भी बाबा टीवीएस अपने ग्राहकों को धनतेरस दीपावली और भैयादूज पर टीवीएस बाइक की खरीद में दे रहा है दीपावली त्योहार के पूर्व से ही बाबा टीवीएस में प्रतिदिन बाइक खरीदने वाले ग्राहकों की लगातार भारी भीड़ लग रही है।

# एसडीएम ,सीओ के नेतृत्व में पुलिस बल ने दंगा नियंत्रण का किया अभ्यास

स्वतंत्र प्रभात



**अझुवा कौशाम्बी।** जनपद में आदर्श नगर पंचायत अझुवा के हाईवे पर अचानक हूटर बजाती पुलिस की गई कई गाड़ियां पहुंच गई वाहनों से नीचे उतर पुलिसकर्मियों ने जगह-जगह मोर्चा संभाल लिया यह देख हाईवे में खड़े लोग एक किनारे हो गए और पुलिस कर्मियों ने फ्लैग मार्च शुरू कर दिया लोग यह कयास लगाने लगे कि आखिर माजरा क्या है? अचानक इतनी बड़ी तादाद में पुलिस कहां से आ गई ?नगर पंचायत क्षेत्र में कहीं कोई अप्रिय घटना तो नहीं हो गई !काफी देर बाद जब लोगों को यह पता चला कि कस्बे में कोई दंगा,घटना नहीं भड़का है बल्कि पुलिस दंगा नियंत्रण का अभ्यास कर रही है शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों की सतर्कता देख लोगों ने प्रसन्नता का इजहार किया फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को यह संदेश दिया कि त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है इस दौरान कस्बे के प्रमुख चौराहों और क्षेत्र में पुलिस में फ्लैग मार्च निकाला है एसडीएम अजेंद्र सिंह ने कहा आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और संवेदनशील इलाकों में खास नजर रखी जा रही है ।वही सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने कहा दंगाइयों से निपटने के लिए पुलिस टीम की सतर्कता का अभ्यास किया गया ताकि किसी भी स्थिति में तुरन्त कार्रवाई की जा सके इस दौरान सैनी कोतवाल जयचन्द्र शर्मा चौकी इंचार्ज अझुवा जितेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराहियों मौजूद रहे।

# कौशाम्बी में डेंगू का कहर जारी

**● - एक ही गांव में 15 दिनों में 8 की मौत,सैकड़ो बीमार स्वास्थ्य विभाग ने गांव में लगाया कैंम्प**



स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में डेंगू का कहर बढ़ता ही जा रहा है। सिराथू तहसील के सौरई बुजुर्ग गांव के ग्रामीणों का दावा है कि 15 दिनों में 8 से ज्यादा लोगो की मौत हो गई। जबकि 100 से ज्यादा लोग डेंगू बुखार से पीड़ित है। कुछ लोग तो अस्पताल में भर्ती हैं जबकि कुछ मरीज गांव में ही अपना इलाज करा रहे है। मामला मीडिया में आने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची है और कैम्प लगाकर मरीजों की जांच कर दवा वितरण व एंटी लार्वा का छिड़काव करा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जलभराव और गन्दगी के चलते हर घर मे लोग डेंगू से पीड़ित है।

डीएम मधुसूदन हुल्गी ने बताया कि सौरई बुजुर्ग गांव में हमारी मेडिकल की टीम लगातार जा रही है हर दिन 200 से 300 लोगो का सेम्पल लेकर जांच कर रही है। अब तक मात्र 6 लोगो की डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट आई है। उनका इलाज चल रहा है। लगातार MOIC की टीम जा रही है। चेक भी कर रही है, लेकिन उसमे कोई ऐसा तथ्य नहीं सामने आया है जिससे यह कहा जा सके की डेंगू से किसी की मौत हो गई है। वैसे दो लोग है जिनका गांव में मौत हुई है। प्रथम दृष्ट्या ये पाया गया था उनको हार्ट अटैक था। नाकि डेंगू से किसी मौत हुई है। लेकिन आगे भी हम स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजते रहेंगे। हमारी स्वस्थ्य टीम के साथ RBSK टीम भी लगी हुई है जों हर हर गांव मे जाकर चेक कर रही है और पता लगाते है। सम्बन्धित MOIC कों अवगत कराते है। ऐसी कोई सम्भावना है की वो पॉजिटिव आ सकते है तो तुरन्त एडमिट करा कर जांच कराते है और दवा देते है जिससे वो ठीक हो सकते हैं।

# सांसद ने की जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

**● - जनपद में शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, विद्युत एवं सड़क को प्रथम वरीयता देते हुए इनसे सम्बन्धित समस्याओं का जल्द हो निस्तारण-पुष्पेन्द्र कुमार सरोज**

**सांसद ने बैठक में जिला उद्यान अधिकारी एवं मण्डी सचिव, अजुहा के अनुपस्थित रहने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के दिये निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** सांसद पुष्पेन्द्र सरोज की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। सांसद ने गत दिशा बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा के दौरान जनपद में शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, विद्युत एवं सड़क को प्रथम वरीयता देते हुए इनसे सम्बन्धित समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाय, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही याद उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जा रहें कार्या की प्रगति की रिपोर्ट को देखा, जिसमें चौरासी एवं नवॉवा के बीच सैनी पुलिया का निर्माण कार्य सिंचाई विभाग से अनुमति प्राप्त न होने के कारण प्रगति जीरो थी, जिस पर अधिशासी अभियंता सिंचाई को जल्द से जल्द अनुमति देने की कार्यवाही कर कार्य प्रारम्भ कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जहॉ कहीं पर भी सड़कों के निर्माण कार्य कराया जाना है, उसकी सूची उपलब्ध करायी जाय, इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं प्रधानों से समन्वय कर इसका स्टीमेट शासन को भेजें। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान कहा कि आवास से सम्बन्धित जो भी सर्वे का कार्य चल रहा है, उसे पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ किया जाय, जिससे सभी पात्र लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को विशेष सफाई अभियान चलाकर गॉवों में साफ-सफाई एवं फॉगिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला उद्यान अधिकारी एवं मण्डी सचिव, अजुहा के अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी को दियें। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जनपद में निर्मित 448 सामुदायिक शौचालयों का सत्यापन कराया गया, जिसमें 444 सामुदायिक शौचालय क्रियाशील पाये गये, उन्हें स्वयं सहायता समूहों को हैण्डओवर कर दिया गया है। सदस्यों द्वारा कई सामुदायिक शौचालयों के बंद होने एवं साफ-सफाई सही न पाये जाने की शिकायत की गई, जिस पर सांसद ने सभी सामुदायिक शौचालयों में खुलने एवं बन्द होने का समय अंकित कराने तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश जिला पंचायतराज अधिकारी को दिये।

सांसद ने जल-जीवन मिशन के तहत कराये जा रहे कार्या की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि पाइप-लाइन बिछाने के दौरान तोडी गयी सड़क को उसी प्रकार सड़क बनाये जाने के बाद भुगतान किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने जलजीवन मिशन के कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी ई0ओ0 से कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं को जनता तक पहुॅचाये तथा नगर निकायों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था एवं संचारी रोगों से बचाव का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जल-जीवन मिशन के तहत जहॉ-जहॉ पर पानी की टंकियों का निर्माण कार्य कराया गया है उसकी सूची उपलब्ध करायें। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान मा0 सांसद ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि खराब ट्रांसफार्मरों को शासन द्वारा निर्धारित समयावधि 24 घण्टे के अन्दर नया ट्रान्सफार्मर लगाया जाय। जहॉ कही पर भी बार-बार ट्रांसफार्मर जलने की समस्यायें आ रहीं हो, वहॉ का सर्वे कराकर उसकी क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव भेजकर जल्द से जल्द अधिक क्षमता वाले



ट्रांसफार्मर लगायें जाय। सदस्यों द्वारा शिकायत की गई कि गलत तरीके से अधिक विद्युत बिल भेजकर अधिक वसूली की जा रहीं, जिससे आमजन-मानस को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिस पर सांसद ने प्रत्येक माह विद्युत कैम्प लगाकर गलत विद्युत बिल के समाधान कराने के निर्देश दियें। सांसद ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को पेंशन से सम्बन्धित सभी लम्बित आवेदनों को बी0डी0ओ0 के माध्यम से शीघ्र सत्यापन कराकर पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए कहा कि पेंशन से सम्बन्धित किसी भी आवेदन का सत्यापन 15 दिन से अधिक लम्बित न रहने पाये, 15 दिन से अधिक लम्बित पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान पात्र सभी लोगों को लाभान्वित करने तथा आवेदनों को रजिस्टर पर अंकित कराने के निर्देश दिये।

बैठक में मा0 सदस्यों द्वारा कई प्राथमिक विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन न होने की शिकायत की गई, जिस पर सांसद ने उच्चाधिकारियों को सूची तत्काल प्रेषित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सभी प्राथमिक विद्यालयों का सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर अध्यक्षा जिला पंचायत कल्पना सोनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव,अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गोड़, प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अहिल्या उद्धार की लीला देख भक्तों ने की भगवान श्रीराम की जय जयकार

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद में श्रीसीताराम दशहरा मेला एवं रामलीला कमेटी के तत्वावधान में सिराथू ब्लॉक के ग्राम उदहिन बुजुर्ग में चल रही रामलीला के तीसरे दिन अहिल्या उद्धार की लीला हुई। भगवान श्रीराम के द्वारा ताड़का वध करने के बाद मुनि विश्वामित्र द्वारा आयोजित यज्ञ सफल हुआ। यज्ञ सफल होने के बाद मुनि विश्वामित्र जी सीता स्वयंवर में शामिल होने हेतु श्रीराम एवं लक्ष्मण को लेकर जनकपुर चले। रास्ते में उन्होने एक शिलापट दिखा। मुनि विश्वामित्र ने बताया कि यह सिलापट नारी अहिल्या का है जो श्रापवश सिलापट बनी हुई है। मुनि विश्वामित्र के कहने पर भगवान श्रीराम ने सिलापट को अपने चरण से स्पर्श किया। भगवान श्रीराम के चरण स्पर्श करते ही सिलापट से नारी अहिल्या प्रकट हुई और भगवान की स्तुति करने लगी। भगवान श्रीराम ने उसे श्रापमुक्त कर सद्गति प्रदान किया। इसी के साथ रामलीला देख रहे भक्तों ने भगवान की जय जयकार किया। इसके बाद भगवान श्रीराम लक्ष्मण और मुनि विश्वामित्र जनकपुर पहुंचे। तीसरे दिन की रामलीला देखने पहुंचे लोगों में कमेटी अध्यक्ष अजय सोनी, डॉ राजेंद्र प्रसाद उर्फ नेहा डॉक्टर, विनीत केसरवानी, राजू केसरवानी, घनश्याम केसरवानी, श्याम लाल केसरवानी, राजेश खन्ना केसरवानी, शिवम सोनी, विकास मिश्रा जावेद अहमद आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम का भव्य स्वागत किया गया



**पाकुड-** 2024 को पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक आलमगीर आलम साहब की अहलिया महागठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम को पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थको द्वारा जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, आलमगीर आलम जिंदाबाद, निसात अलम जिंदाबाद, तनवीर आलम जिंदाबाद का नारा लगाया। साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा चुनाव संबंधित बैठक भी की। मौके पर निसात आलम ने प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए उन्होंने दावा किया कि पाकुड़ विधानसभा से फिर से कांग्रेस की जीत होगी।

## बरहीडीह छठ घाट की प्रशासन और कमेटी का संयुक्त प्रयास से सफाई का कार्य प्रारंभ



**बरही-** बरहीडीह के प्राचीन छठ घाट पर सफाई कार्य बरही थाना प्रभारी आभास कुमार एवं एनएचएआई के डायरेक्टर राहुल उपाध्याय, सहयोगी क़ानूदा के सहयोग से शुरू किया गया। यह सफाई कार्य सार्वजनिक छठ पूजा कमेटी के अनुरोध पर प्रारंभ किया गया, जिससे क्षेत्र के लोग आगामी छठ महापर्व को स्वच्छ और सुरक्षित तरीके से मना सकें। सफाई अभियान के दौरान बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, छठ पूजा कमेटी के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, पंसस विकास सिंह, विक्की सिंह सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

## लोहे के रोड से मारकर पति ने पत्नी का किया हत्या, मामला दर्ज, पति को जेल

**बरही-** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ओरपरता निवासी अमित कुमार यादव ने अपनी ही पत्नी हेमा देवी को लोहे के रॉड से मार कर हत्या कर दिया। सूचना का सत्यापान एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस पदाधिकारी ग्राम ओरपरता गए। जहां मृतिका हेमा यादव के लाश की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा। वही मृतिका के पिता के आवेदन पर बरही थाना कांड संख्या-435/ 24 में धारा-126(2)/ 115(2)/ 103(1)/352/ 351(2)/ 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत कांड दर्ज किया गया है। प्राथमिकी अभियुक्त अमित कुमार यादव पिता चन्द्रदेव यादव ग्राम ओरपरता थाना बरही, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## शक्तिकेंद्र के सभी संयोजक सह संयोजकों ने आपस में मिलकर कमल फूल खिलाने का लिया प्रण



**हिरणपुर, पाकुड़-** 2024 के लिट्टीपाड़ा एवं महेशपुर विधानसभा जीतने के लिए भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र के संयोजक एवं सहसंयोजक, जिला अध्यक्ष अमृत पांडे के आदेशानुसार एवं मंडल अध्यक्ष सुकुमार मंडल के अध्यक्षता में एक आवश्यक सांगठनिक बैठक हिरणपुर मण्डल में संपन्न किया मंडल अंतर्गत सभी शक्ति केंद्रों के पदाधिकारी उपस्थित हुए जिसमें संगठन को मजबूती करने तथा गांव-गांव घर-घर तक कार्यकर्ता पहुंचने का संकल्प लिया गया। पाकुड़ जिला अध्यक्ष अमृत पांडे ने कहा कि झारखंड प्रदेश में 23 नवंबर को भाजपा की सरकार बनने वाली है और हमारे लिट्टीपाड़ा महेशपुर विधानसभा से दो कमल फूल जिताकर रांची भेजने का संकल्प सभी ने मिलकर लिया। मौके पर मण्डल महामंत्री गुरुदयाल साहा, पास्टर सोरेन मण्डल मंत्री किरण मंडल, विप्लव दे, लालटू मण्डल, कोषाध्यक्ष राम चंद्र रविदास, संयोजक सह संयोजक बलदेव साहा, महेश साहा, लखन कुमार, निरंजन ठाकर, राजेंद्र भंडारी, राजेंद्र भंडारी, शिबू साहा, रूपा देवी राम कुमार समेत शक्ति केंद्र के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एनडीए प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने अनुमंडल कार्यालय में किया अपना नामांकन

**● मधुपुर से गंगा नारायण की जीत सुनिश्चित है - चंपई सोरेन**

स्वतंत्र प्रभात




**मधुपुर, देवघर, झारखंड-** मधुपुर विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने सोमवार को अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन किया। भाजपा नेता गंगा नारायण सिंह की चुनावी नामांकन सभा को रेलवे फुटबॉल मैदान में संबोधित करते हुए भाजपा नेता पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा व कांग्रेस ने झारखंड के लिए कभी अच्छा नहीं सोचा। कांग्रेस ने ही झारखंड आंदोलन कुचलने का काम किया, झारखंड वासियों को कभी न्याय नहीं दिया। आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों के साथ हमेशा अन्याय किया। कांग्रेस के विधायक ने आदिवासी महिला पर शर्मनाक टिप्पणी की। सीता सोरेन स्वयं गुरुजी के परिवार की बड़ी बहू है, और उनपर इस तरह की टिप्पणी कर दी। झारखंड में यही चर्चा है कांग्रेस का संस्कार है की नहीं। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस मामले में एक शब्द भी बोलने की हिम्मत नहीं की। यह कितनी शर्म की बात है। इसका जवाब जनता वोट के माध्यम से देगी। संथाल परगना में आदिवासी मूल वासी की संख्या घटती जा रही है, आदिवासी की जमीन पर गैर आदिवासियों का कब्जा हो रहा है। जेएमएम के नेतृत्व वाली सरकार कुछ बोलने को तैयार नहीं।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने आगे कहा कि माँ बहन, बेटी का इज्जत खतरे में है। झारखंड में परिवर्तन की लहर है। झारखंड में भाजपा गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। क्षेत्र में आदिवासियों की हत्या हो रही है। राजेश मुर्मू की हत्या कर दी गई। असहाय परिवार का कोई सहारा नहीं। नौकरी में दौड़ के नाम पर 18 युवकों की मौत हो गई सरकार नियमों को शिथिल कर सकती थी। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड को बचाना है तो राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार बनाना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास हो सकता है, दूसरा किसी का नेतृत्व में नहीं होगा। झारखंड में 5 महीने के कार्यकाल में मंईयां सम्मान योजना सेमत कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया। मेरे हटाने के बाद कई कल्याणकारी योजना को बंद कर दिया गया। झारखंड को बचाना है, संथाल परगना में घुसपैठियों को रोकना है, भ्रष्टाचार को रोकना है और विकास करना है तो भारतीय जनता पार्टी को कमल छाप पर वोट देकर विजयी बनाना है। मधुपुर विधानसभा से गंगा नारायण सिंह की जीत सुनिश्चित करना है। गोड्डा सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे ने कहा कि दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान चांदमारी मोहल्ले में प्रदीप मोदी के साथ घटी घटना, सिकटिया में आदिवासी युवक राजेश मुर्मू की निर्मम हत्या मधुपुर के लोगों को आगाह कर रही है। गंगा जमुनी संस्कृति, मधुपुरियत सिर्फ नाम का चल रहा है, मधुपुर खतरे में है। मधुपुर के लोग यदि नहीं जागे तो उन्हें आने वाले दिनों में यहाँ से भगाना होगा। यहाँ की जनता जात-पात से ऊपर उठकर मधुपुर से गंगा नारायण सिंह को भारी मतों से विजयी बनाएँ। पिछले लोकसभा चुनाव में मधुपुर से मेरी हार हुई इसका मुझे अफसोस है। इसका कारण भी जयचंद और विभीषण जैसे लोग हैं। गोड्डा सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे ने कहा कि मधुपुर से भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह को 50 हजार से अधिक मतों से जीताएँ। हमलोग मिलकर विकास करेंगे। जीत का जश्न फिर फुटबॉल मैदान में मनेगा। मौके पर भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने कहा कि जात-पात से ऊपर उठकर मधुपुर के विकास सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए भारी मतों से विजयी बनाएँ। उन्होंने स्थानीय विधायक सह मंत्री हफीजुल हसन पर भ्रष्टाचार और परिवारवाद का बढ़ावा देने का आरोप लगाया। मधुपुर में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार, जमीन की लूट की ओर इशारा करते हुए कहा कि जनता वोट के माध्यम से इसका जवाब दें। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता हेमंत नारायण सिंह ने किया। मौके पर पार्टी जिला अध्यक्ष सचिन रवानी, विशाखा सिंह, मालती देवी, पप्पू यादव समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# सोमवार को महेशपुर विधान सभा चुनाव क्षेत्र से कई प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

**● भाजपा प्रत्याशी नवनीत हेम्बरम आज कराएंगे नामांकन**

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** बीते सोमवार को महेशपुर (अजजा)विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से विधायक प्रोफेसर स्टेफन मरांडी झामुमो, मिस्त्री सोरेन, दाउद मरांडी एवम पूर्व विधायक सुफल मरांडी सहित कई अन्य निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में नामांकन कराया। हालांकि भाजपा प्रत्याशी पूर्व डीएसपी नवनीत हेम्बरम आज नामांकन कराएँगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखण्ड राज्य में दो चरणों 13 व 20 नवम्बर को चुनाव की घोषणा होते ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लग गई। चुनाव की घोषणा होने के बाद राजनैतिक पार्टियां विशेष कर इंडि व एनडीए गठबंधन के नेता सक्रिय हो गये और टिकट वितरण को लेकर मंथन का दौर भी प्रारम्भ हो गया। हालांकि बड़े गठबंधन दलों में टिकट बंटवारे को लेकर प्रसन्नता एवम विद्रोह के स्वर भी सुनाई पड़े। बहरहाल नामांकन के उपरांत स्क्रूटनी के बाद ही महेशपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान में तेजी आयेगी। यद्यपि नेताओं का सम्पर्क ग्रामीण इलाकों में होता रहा है परन्तु स्क्रूटनी के बाद चुनावी शोर जोर पकड़ता दिखेगा। इस चुनाव में किस दल के नेता विजयी होंगे फिलहाल कहना कठिन प्रतीत होता है। लोगों का मानना है कि चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में पाकुड़िया प्रखण्ड में किस पार्टी के प्रत्याशी की ओर बढ़ेंगे इसका अनुमान लग सकता है। इस चुनावी समर में भाजपा, झामुमो के अलावे कई निर्दलीय उम्मीदवार भी हैं।

वहीं दुसरी ओर लोगों का मानना है कि झारखण्ड में अन्य विधान सभा क्षेत्रों की तरह महेशपुर विधान सभा क्षेत्र में भाजपा व झामुमो में ही सीधा संघर्ष होगा। स्मरणीय है कि महेशपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से झारखण्ड राज्य गठन के पश्चात भारतीय जनता पार्टी एक बार भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है। बताते चलें कि संयुक्त बिहार के समय झामुमो से स्वर्गीय देवीधन वेसरा महेशपुर विधान सभा क्षेत्र से दर्ज की। बाद में झारखण्ड राज्य गठन होने पर वे भाजपा में शामिल हुए और बाबुलाल मंत्री मंडल में मंत्री बने। इसके बाद झामुमो से सुफल मरांडी भाजपा के देवीधन को पराजित कर,विधायक निर्वाचित हुए। तदुपरांत जेवीएम से मिस्त्री सोरेन तथा महेशपुर विधान सभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक स्टेफन मरांडी लगातार दो बार जीतते रहे। हालांकि कि अब तक महेशपुर अजजा विधान सभा क्षेत्र से देवीधन वेसरा तथा स्टेफन मरांडी ने ही लगातार दो बार जीत हासिल की है।

# हजारीबाग यूथ विंग ने ओल्ड ऐज होम में बुजुर्गों के साथ मनाई दिवाली

**●हमारी यह छोटी सी कोशिश है कि इन बुजुर्गों के साथ खुशियां बांटें और उन्हें अपनेपन का अहसास दिलाएं - चंद्र प्रकाश जैन**

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग-** हजारीबाग यूथ विंग ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिवाली से पूर्व एक विशेष पहल करते हुए ओल्ड ऐज होम में रह रहे बुजुर्गों के साथ त्योहार का जश्न मनाया। दिवाली की रौनक और खुशी उन बुजुर्गों के चेहरों पर लाने का यह प्रयास सभी के दिल को छू गया। इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ दिवाली मनाना नहीं था, बल्कि उन बुजुर्गों को यह महसूस कराना था कि वे भी समाज का एक अहम हिस्सा हैं और उनकी खुशी भी हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्गों के बीच फल, जूस, भुजिया, हॉर्लिक्स, मिक्सर, मिठाइयाँ और अन्य सामग्री वितरण से की गई। यूथ विंग के सदस्यों ने बड़े ही आदर और स्नेह के साथ सभी बुजुर्गों के साथ बातचीत की, उनके हालचाल पूछे और त्योहार की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सभी ने मिलकर दिया जलाया, जिससे पूरा वातावरण दिवाली की रौनक से जगमगा उठा। दीपों की रोशनी के बीच बुजुर्गों के चेहरों पर एक अलग ही खुशी और उमंग देखने को मिली। यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ फुलझड़ी जलाने का आनंद लिया और उनके चेहरों पर आने वाली हर मुस्कान के पल को संजोया। बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा किए और दिवाली के पुराने किस्से सुनाए, जिससे सभी का मन भावुक हो गया। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक ने इस मौके पर कहा, दिवाली का असली मतलब सिर्फ घरों को रोशनी से सजाना नहीं, बल्कि उन लोगों के जीवन में भी उजाला भरना है जो हमारे प्यार और देखभाल के हकदार हैं। हमारी यह छोटी सी कोशिश है कि इन बुजुर्गों के साथ खुशियां बांटें और उन्हें अपनेपन का अहसास दिलाएं। समाज के हर वर्ग के बीच त्योहार की खुशी बांटने का यह प्रयास हमें आत्मसंतोष और प्रेरणा देता है।हजारीबाग यूथ विंग ने समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि भविष्य में भी वे इसी तरह समाज के हर वर्ग को साथ लेकर कार्य करते रहेंगे। बुजुर्गों के चेहरों पर आई यह मुस्कान यूथ विंग के सभी सदस्यों के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार साबित हुई और इस आयोजन ने उन्हें आगे और भी ऐसे कार्यक्रम करने की प्रेरणा दी। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, सहसचिव डॉक्टर बी वेंकटेश, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य शंपा बाला, उदित तिवारी एवं प्रिंस कसेरा सहित कई लोग मौजूद थे।

# सैकड़ों समर्थकों के साथ मुन्ना सिंह का गांव-गांव दौरा, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग-** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हजारीबाग विधानसभा सीट से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने आज सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों में भव्य जनसंपर्क अभियान चलाया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ उन्होंने तरबा, खरबा, हुटपा, लखइया चौक, बानाहप्पा, चाया, पुंदरी, मेरु, अंबाडीह, अमनारी, डंडई (कला, खुर्द), बड़ासी, जगदीशपुर, भेलवाटांड़, शेखा, केसुरा, सिलवारकला, सिलवारखूर्द, रोला, अमृत नगर, तथा सिंघानी गांव का दौरा किया और स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित किया। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान मुन्ना सिंह ने हुटपा गांव में स्थानीय निवासियों के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर गांव का दौरा किया, जहां ग्रामीणों ने भारी संख्या में पहुंचकर उनसे बातचीत की। मुन्ना सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को नजदीक से समझा और उनके समाधान के लिए कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके बाद उन्होंने डंडई कला गांव में एक स्थानीय निवासि के घर पर भोजन किया और ग्रामीणों के साथ समय बिताया, फिर अपने अभियान को आगे बढ़ाया। विशेष रूप से इस जनसंपर्क अभियान में महिलाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिल रही है। ग्रामीण महिलाओं ने मुन्ना सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में एक नए बदलाव की उम्मीद जताई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन मुन्ना सिंह के नेतृत्व में शानदार रहेगा। मुन्ना सिंह का यह जनसंपर्क अभियान हजारीबाग में चर्चा का विषय बना हुआ है और उनके प्रति लोगों में गहरा समर्थन और उत्साह देखने को मिल रहा है।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग ने किया स्वागत समारोह का आयोजन

**● मिस फ्रेशर लवली व सुमन बने मिस्टर फ्रेशर**

**बेस्ट परफार्मेंस का अवार्ड सुरभि, गीतांजलि व अंकित को**

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में सोमवार को कृषि विभाग की ओर से प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की ओर से एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंकित के गाए गीत ने खूब सुर्खियां बटोरी। वहीं स्नेहा, पल्लवी, किरण, चंपा, गीतांजलि, सुरभि, पूजा, रचना भारती, रिया, ऋतिक, समीर, मुस्कान, सीमा व आशीष जेरी के नृत्य पर लोग खूब झूमे। इस बीच प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने रैंप वॉक भी किया। विद्यार्थियों के ग्रूप डांस ने भी माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए पजल गेम भी कराए गए। विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर मिस्टर फ्रेशर का ताज सुमन कुमार को मिला। वहीं लवली कुमारी मिस फ्रेशर बनी। गेम प्रतियोगिता में छात्रों में पवन, संदीप और छात्राओं में रचना, अंजलि व लवली को पुरस्कृत किया गया। जबकि रैंप वॉक रिया और दिव्यांशु के नाम रहा। बेस्ट परफॉर्ममेंस का अवार्ड सुरभि, गीतांजलि और अंकित ने अपने नाम किये।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। ऐसे कार्यक्रम के मद्देनजर कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के जरिए नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों से मिलने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि इससे विद्यार्थियों के बीच आपसी तालमेल बढ़ता है, जो आपस में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव भी जगाता है और सफलता के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा आवश्यक है। कुलपति डॉ पीके नायक ने सभी नए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित परिश्रम की सलाह दी। साथ ही कहा कि कभी भी हमें हतोत्साहित नहीं होना चाहिए बल्कि हमें अपने अंदर की खामियां समाप्त कर लगातार आगे बढ़ने का प्रयत्न करना चाहिए। डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा ने भी खुशनुमा और सफल जीवन के लिए कई महत्वपूर्ण बातें विद्यार्थियों को बतायी। कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार ने सभी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय में स्वागत किया और कहा कि मंज़िल उसी को मिलती है, जिसके सपनों में जान होती है। इसलिए ख्वाब देखें और वह भी खुली आंखों से। कृषि विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा, प्रभात किरण, फरहीन सिद्दीकी व प्रतिभा हेंब्रम ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और बेहतर जीवन जीने की अहम बातें बताई। मंच संचालन हर्ष व सृष्टि ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन पल्लवी ने किया।

# वैश्य समाज की बैठक में भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प, प्रबुद्धजनों ने एकजुटता का किया प्रदर्शन

**●बैठक भगवान केशरी व अमित साहू के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** बरही के पटना रोड स्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी के आवास पर वैश्य समाज के प्रबुद्धजनों ने भाजपा के उम्मीदवार मनोज कुमार यादव के समर्थन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में एक स्वर में भाजपा को जिताने का संकल्प लिया गया। बैठक का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी और पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने किया।

**वर्षों से जुड़ा हूं बरही से, साथ आगे भी रहेगा - मनोज यादव**

भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने इस अवसर पर कहा, बरही से मेरा वर्षों पुराना साथ है और यह संबंध भविष्य में भी बरकरार रहेगा। आज कुछ लोग बहकावे में हैं, पर मैं सभी से अपील करता हूं कि मोदी जी के नेतृत्व को मजबूती देने के लिए बरही से कमल का चयन करें।

**जात-पात से ऊपर उठकर भाजपा को वोट दें - अमित साहू**

पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने कहा, हमें जात-पात से ऊपर उठकर भाजपा के पक्ष में मतदान करना है। भाजपा ने वैश्य समाज को हमेशा सम्मान दिया है, और हमें उसके साथ खड़ा रहना चाहिए।

**जाति की बजाय धर्म को प्राथमिकता दें - अरविंद साव**

रसोइया धमना निवासी और युवा इंजीनियर अरविंद साव ने कहा, हम सभी हिंदू हैं और हमें जाति में बंटने से बचना चाहिए। धर्म के पक्ष में खड़ा होकर भाजपा को समर्थन दें और बरही से कमल निशान को चुनें।

**राष्ट्रहित के लिए भाजपा को चुनें - गुरुदेव गुप्ता**

जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि बरही में भाजपा को हराने के लिए षड्यंत्र रचा जा रहा है और जनता को भ्रमित किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से राष्ट्रहित में एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

**भ्रमित न हों, भाजपा को ही चुनें - हिरामन साव**

शिक्षाविद हिरामन साव ने कहा, वैश्य समाज को एकजुटता का परिचय देते हुए किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिए। हमें सिर्फ भाजपा को ही चुनना है।

**भाजपा के पक्ष में व्यापक समर्थन - भगवान केशरी**

बैठक का नेतृत्व कर रहे मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी ने कहा कि पूरे बरही विधानसभा और झारखंड में भाजपा के पक्ष में माहौल है। हमें संकल्प लेना है कि इस बार भाजपा को रिकॉर्ड मतों से जीताकर विधान सभा में भेजेंगे। इस बैठक के माध्यम से वैश्य समाज ने भाजपा के पक्ष में मजबूती से खड़े होने का संदेश दिया और आगामी चुनावों में भाजपा को समर्थन देने का संकल्प लिया।

# नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग ने दिवाली विद My Bharat कार्यक्रम के साथ मनाया My Bharat पोर्टल का पहला वर्षगांठ

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग-** नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्देशित कार्यक्रम दिवाली विद My Bharat कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के स्वयंसेवकों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ख्४ भारत पोर्टल के पहले वर्षगांठ को भव्य रूप दिया। जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर ने बताया कि ख्४ भारत पोर्टल से हजारीबाग जिले के हजारों युवा जुड़े हुए हैं जिन्हें समय-समय पर भारत सरकार अपने युवा गतिविधियों के माध्यम से प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन देता है। इसी कड़ी में दिवाली विद ख्४ भारत कार्यक्रम का आयोजन पूरे जिले भर में हो रहा है। हजारीबाग के स्वयंसेवक इस दिवाली को रुचिकर बना रहे हैं और इसे अबकी दिवाली सबकी दिवाली स्लोगन से जोड़ कर दिवाली with my bharat कार्यक्रम को आकर्षक बना रहे हैं। उन्होंने जानकारी भी दी कि 27 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक सदर अस्पताल हजारीबाग के साथ-साथ प्रखंड के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक अपना योगदान देंगे। साथ ही इस दिवाली नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के स्वयंसेवक घर के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों की सफाई को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। युवा भारत के भविष्य हैं और My भारत पोर्टल से जुड़े युवा सभी लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने हेतु प्रतिबद्ध बना रहे हैं। ख्४ भारत पोर्टल के पहले वर्षगांठ में जिले के सैकड़ो युवाओं ने अपने अनुभव को साझा किया एवं भविष्य के कार्यक्रम के प्रति अपनी उत्सुकता भी दिखाई।

# चौथी झारखंड गतका चैम्पियनशिप सफलतापूर्वक संपन्न - कोडरमा बना ओवरऑल चैंपियन

**●जीत और हार, दोनों ही सफलता के सफर का हिस्सा हैं - प्राचार्य रोहित सिंह**

स्वतंत्र प्रभात




**बरही-** देवचंदा स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में बीते रविवार को चौथा झारखंड सब-जूनियर और सीनियर गतका चैम्पियनशिप का आयोजन बड़े ही सफलतापूर्वक किया गया। इस रोमांचक खेल आयोजन में पूरे झारखंड से लगभग 400 एथलीट्स ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कोडरमा जिला ओवरऑल चैंपियन बना और सबसे ज्यादा पदक जीते। हजारीबाग दूसरे स्थान पर रहा, जबकि बोकारो ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस एक दिवसीय आयोजन की शुरुआत विशेष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जो इस भव्य प्रतियोगिता की शुरुआत का प्रतीक था। प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की गई, जहाँ हर स्कूल ने अपने जिले का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। गतका एसोसिएशन के सचिव प्रिंस कुमार ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में जीतने वाले कई एथलीट आगे चलकर खेलो इंडिया कार्यक्रम में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और खिलाड़ियों को प्रेरित किया कि जीत और हार, दोनों ही सफलता के सफर का हिस्सा हैं और हार, सफलता की ओर बढ़ने के लिए एक आवश्यक कदम है। उप-प्राचार्य विकास सिंह ने श्रीदस स्टाफ की मेहनत और टीमवर्क की सराहना की, जिनकी बदौलत इस चैम्पियनशिप का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ।

# विद्यालय के ताला तोड़ सोलर बैटरी उठा ले गए चोर

स्वतंत्र प्रभात





**बलरामपुर -** शिक्षा क्षेत्र हरैया के कंपोजिट विद्यालय भुजेहरा में लगा सोलर बैटरी वा तार बीती रात अज्ञात चोर खोल ले गये है। मामले की जानकारी होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने स्थानीय थाना वा विभाग के अधिकारियों को सूचना दी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय के प्राथमिक सेक्शन में लगे सोलर की दो बैटरी वा लगा तार ताला तोड़कर अज्ञात चोर उठा ले गए हैं। इससे पहले भी 24 जून को अज्ञात चोर सोलर पैनल उठा ले गये थे। जिसकी सूचना दी गई थी। बताया की घटना की जानकारी सुबह विद्यालय खोलने पर हुई। प्रधानाचार्य ने स्थानीय थाना पर तहरीर देते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# अच्छी पहल है सीमाओं से सेना की वापसी



भारत चीन दोनों ने दावा किया है कि पूर्वी लद्दाख सेक्टर के डेमचोक और देपसांग में दो टकराव बिंदुओं पर भारत और चीन के सैनिकों की वापसी शुरू हो गई है। रक्षा अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के अनुसार, भारतीय सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में पीछे के स्थानों पर अपने उपकरण वापस खींचना शुरू कर दिया है। ऐसा होने से पिछले चार साल से अधिक समय से चल रहा सैन्य गतिरोध समाप्त हो गया है। चीन ने भी ऐसा ही दावा किया है।सीमा से सेना की वापसी एक अच्छी पहल है। इससे विवाद वाले देशों में शांति होती है।विकास होता है। अब तक तनाव के दौरान सीमा और सेना पर किया जा रहा व्यय देश के विकास पर खर्च होगा। इतना सब होने पर भी चीन के रवैये को देखकर उस पर यकीन नही किया जा सकता। उसके बहुत सावधान रहने की जरूरत है। सीमा पर विकास कार्य लगातार चलाए रखने होंगे। सीमा तक सेना के अवागमन को सरल करने की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए। सीमा क्षेत्र में सूचना तंत्र विकसित करने का कार्य लगातार चलना चाहिए। 24 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन दोनों देश समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांतों के आधार पर "जमीनी स्थिति"बहाल करने के लिए आम सहमति पर पहुंच गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इसमें "पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और चराई" की बहाली शामिल है। रक्षा मंत्री ने संबंधों में प्रगति का श्रेय "निरंतर बातचीत में संलग्न होने की शक्ति को दिया, क्योंकि जल्द या बाद में, समाधान निकलेगा।"

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की और पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त व्यवस्था पर दोनों देशों के बीच हुए समझौते का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों की प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए और आपसी विश्वास द्विपक्षीय संबंधों का आधार बना रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-चीन संबंध न केवल दोनों देशों के लोगों के लिए बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 22 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने चीन के साथ गश्त व्यवस्था पर एक समझौता किया है, जिससे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति मई 2020 से पहले जैसी हो जाएगी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर पेट्रोलिंग (गश्त) को लेकर हुए समझौता का श्रेय भारतीय सेना और कूटनीति को दिया। पूर्वी लद्दाख में देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में दोनों देशों की सेनाओं के बीच शुक्रवार को डिसएंगेजमेंट (सैनिक वापसी) की प्रक्रिया शुरू हुई, जो 29 अक्टूबर तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद 30-31 अक्टूबर से गश्त फिर से शुरू की जाएगी। पुणे में छात्रों के साथ संवाद करते हुए जयशंकर ने कहा कि संबंधों के सामान्य होने में अभी समय लगेगा, क्योंकि विश्वास और सहयोग को दोबारा स्थापित करना लंबी प्रक्रिया है। विदेश मंत्री ने बताया कि हाल ही में रूस के कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दोनों देशों के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक करेंगे और आगे की रणनीति पर विचार करेंगे।

जयशंकर ने कहा, "अगर आज हम उस मुकाम पर पहुंचे हैं, जहां हम हैं...तो इसका एक कारण यह है कि हमने अपनी जमीन पर डटे रहने और अपनी बात रखने के लिए बहुत दृढ़ प्रयास किया। सेना देश की रक्षा के लिए बहुत ही अकल्पनीय परिस्थितियों में (एलएसी पर) मौजूद थी, और सेना ने अपना काम किया और कूटनीति ने अपना काम किया।" उन्होंने यह भी बताया कि भारत अब पिछले एक दशक की तुलना में पांच गुना अधिक संसाधन लगा रहा है, जिससे सेना को प्रभावी ढंग से तैनात किया जा सका है। ओआरएफ में फेलो और चीन मामलों के जानकार कल्पित मणकिकर कहते हैं कि ऐसा एक लंबी प्रक्रिया के तहत होता है। दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और दोनों देशों के विदेश मंत्री लगातार मुलाकात करते आ रहे हैं। पिछले चार सालों से बॉर्डर मुद्दों को सुलझाने को लेकर कोशिशें लगातार हो रही है। सेना के कमांडर स्तर पर बातें अलग से होती रही हैं।भारत और चीन दोनों की ओर से इस तरह की कोशिशें की जा रही थी। हालांकि अब जो दिख रहा है, उसके मद्देनजर इस तरह की कोशिशें क्या दिशा लेंगी, इसे लेकर अभी वेट एंड वॉच की स्थिति में ही रहा जा सकता है। 2020 की झड़प के बाद से दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसे वास्तविक नियंत्रण रेखा के रूप में भी जाना जाता है। भारत द्वारा उच्च ऊंचाई वाले हवाई अड्डे तक एक नई सड़क का निर्माण चीनी सैनिकों के साथ 2020 में होने वाली घातक झड़प के मुख्य कारणों में से एक माना जा रहा है। अच्छा यह है कि दोनों देश मई 2020 की यथास्थिति पर वापस लौटने पर सहमत ही नही हुए, इस प्रक्रिया के लिए कार्य भी शुरू हो गया।

सीमा विवाद के चार साल के दौरान समाचार आए की चीन सीमा पर नए हवाई अड्डे-सैनिक छावनी उनके लिए बंकर बना रहा है। अपने सीमा से सटे क्षेत्र में गांव विकसित कर रहा है। भारतीय क्षेत्र के स्थानों क नाम बदल रहा है।हालाकि विवाद की अवधि में भारत ने भी सीमा पर सुरक्षा ढांचा विकसित किया है।नए एयरबेस तैयार कर रहा है। ठंडे स्थानों में रहने के लिए सैनिकों को प्रशिक्षित करने के साथ ही उनके लिए बर्फ के दौरान भी रहने के लिए सौलर से गर्म करने वाले उनके टैंट बना रहा है। इस प्रक्रिया को भारत का और तेज करना होगा। सीमा रेखा के सटाकर गांव विकसित करने होंगे तोकि चीन की गतिविधि पर नजर रखी जा सके।एक तरह से चीन की प्रत्येक कार्रवाई का उत्तर उसके कदम ही से आगे बढकर देना होगा। एक बात और सेना की वापसी के बावजूद सीमा क्षेत्र का विकास कार्य अनवरत चलता रहना चाहिए।। सीमा पर विकास कार्य लगातार चलाए रखने होंगे। सीमा तक सेना के अवागमन को सरल करने की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए। सीमा क्षेत्र में सूचना तंत्र विकसित करने का कार्य लगातार चलना चाहिए। सीमा क्षेत्र के गांव वालों को इसके लिए शिक्षित किया जाना चाहिए कि वे दुषमन देश की गतिविधि पर नजर रखें।अपने क्षेत्र में तैनात अधिकारियों और सेना को छोटी -बड़ी सब सूचना दें।

**अशोक मधुप**

# जनसंख्या नियन्त्रण के खिलाफ जनसंख्या वृद्धि का विमर्श

**जनसंख्या में वृद्धि करने की अपील करके आंध्र प्रदेश के मुख्यमन्त्री चन्द्रबाबू नायडू ने देश में एक नई बहस छेड़ दी है। श्री नायडू ने पिछले दिनों फैसला किया था कि उनके राज्य में जिस व्यक्ति के दो या इससे कम बच्चे होंगे उन्हें स्थानीय निकाय के चुनावों में खड़े होने की अनुमति नहीं होगी।**



जनसंख्या में वृद्धि करने की अपील करके आंध्र प्रदेश के मुख्यमन्त्री चन्द्रबाबू नायडू ने देश में एक नई बहस छेड़ दी है। श्री नायडू ने पिछले दिनों फैसला किया था कि उनके राज्य में जिस व्यक्ति के दो या इससे कम बच्चे होंगे उन्हें स्थानीय निकाय के चुनावों में खड़े होने की अनुमति नहीं होगी। महानगर निगम व नगरपालिका से लेकर पंचायत तक के चुनावों में वे ही भाग ले सकेंगे जिनके दो से अधिक बच्चे होंगे। जबकि तीस वर्ष पहले संयुक्त आंध्र प्रदेश सरकार के मुखिया रहते हुए इन्हीं नायडू साहब ने फैसला किया था कि जन व्यक्तियों के दो से अधिक बच्चे होंगे वे ही स्थानीय निकाय के चुनावों में भाग ले सकेंगे।

सवाल पैदा हो रहा है कि श्री नायडू ने ऐसा फैसला क्यों किया? इसके दो पक्ष माने जा रहे हैं। एक तो सामाजिक-आर्थिक और दूसरा राजनैतिक। भारत में जनसंख्या विस्फोट का विमर्श कई दशकों से चल रहा है जिसके चलते केन्द्र सरकार आबादी नियन्त्रण अभियान भी परिवार नियोजन के जरिये चला रही है। इस अभियान के तहत भारत के दक्षिण राज्यों जैसे आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल व तमिलनाडु ने अपनी आबादी घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इन राज्यों में प्रजनन दर घट कर दो से भी कम 1.8 के लगभग हो गई जबकि उत्तर भारत के राज्यों जैसे बिहार व उत्तर प्रदेश में यह क्रमशः 3 व 2.4 रही।

इसका मतलब यह हुआ कि बिहार राज्य में एक दम्प?ति के औसतन तीन बच्चे होते हैं और उत्तर प्रदेश में दो या तीन होते हैं। जबकि दक्षिण के राज्यों में किसी-किसी के दो या प्रायः एक सन्तान ही होती है। दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्तर पर भारत के लोगों की प्रजनन क्षमता 2.1 है। यदि इसी रफ्तार से आबादी में कमी होती रही तो 2050 तक भारत में बूढ़े या रिटायर व्यक्तियों की संख्या ज्यादा हो जायेगी। जिसकी वजह से आर्थिक प्रगति थम जायेगी और सरकार पर बूढ़े व्यक्तियों की आर्थिक मदद करने का अधिभार बढ़ता जायेगा। मगर आन्ध्र प्रदेश व दक्षिण के दूसरे राज्यों में स्थिति और भी ज्यादा खराब होगी। इन राज्यों में बूढ़े व्यक्ति राष्ट्रीय औसत के मुकाबले बहुत ज्यादा हो जायेंगे। इन राज्यों को अपनी आबादी कम करने का 'फल' भोगना पड़ेगा। चन्द्रबाबू नायडू की चिन्ता यही लगती है। उनका समर्थन तमिलनाडु के मुख्यमन्त्री एम.के. स्टालिन ने भी किया है और अपने राज्य के लोगों से अधिक बच्चे पैदा करने की अपील की है।

यह अपील भयावह भविष्य को देखते हुए की गई लगती है। दक्षिण के राज्यों को फौरी तौर पर भी आबादी कम रखने की सजा मिल सकती है क्योंकि वर्ष 2026 में लोकसभा चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन या पुनर्निर्धारण होना है। इसमें प्रत्येक राज्य की आबादी के अनुपात में लोकसभा सीटों की संख्या निर्धारित की जायेगी। इस फार्मूले के अनुसार उत्तर प्रदेश की बढ़ती आबादी को देखें तो 2026 में इस राज्य की 80 लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ कर 120 हो जायेगी जबकि आंध्र प्रदेश व तेलंगाना को मिला लें तो इनकी वर्तमान में कुल सीटें 42 हैं जिनमें 2026 में केवल चार सीटों की ही बढ़ोतरी होगी। अर्थात आबादी कम रखने का इन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा। इसी प्रकार आर्थिक मोर्चे पर भी इन्हें आबादी कम रखने का नतीजा भुगतना पड़ रहा है। केन्द्र सरकार किसी भी राज्य को राजस्व आवंटन उसकी आबादी के अनुपात में करती है। फिलहाल उत्तर प्रदेश को 18 प्रतिशत के लगभग का राजस्व आवंटन होता है और बिहार को लगभग 10 प्रतिशत जबकि दक्षिण भारत के राज्यों को यह आवंटन केवल 4 प्रतिशत ही होता है।

दक्षिण के राज्यों ने आबादी कम करने में जो उत्साह दिखाया यह उसी का नतीजा माना जा रहा है। चन्द्रबाबू नायडू 25 साल आगे की सोच रहे हैं और अपने राज्य के लोगों से आबादी बढ़ाने के लिए कह रहे हैं। परन्तु यदि भारत की प्रत्येक राज्य सरकार इसी प्रकार सोचने लगे तो भारत की आबादी कहां तक आगे जायेगी कुछ नहीं कहा जा सकता? फिलहाल यह 140 करोड़ से ऊपर है। मगर भारत के पास इस पूरी आबादी का भरण-पोषण करने की क्षमता है। इसे बड़ी आसानी से समझा जा सकता है। फिलहाल केन्द्र सरकार 80 करोड़ लोगों को दोनों वक्त का राशन मुफ्त दे रही है। इसकी कल्पना 50 साल पहले नहीं की जा सकती थी। भारत ने वह दिन भी देखा है जब 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान तत्कालीन प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री ने लोगों से सप्ताह में एक वक्त का भोजन न करने का आह्वान किया था। उस समय भारत की आबादी 50 करोड़ के लगभग थी। हम इतना अनाज नहीं उगा पाते थे कि 50 करोड़ लोगों को भोजन उपलब्ध करा सकें क्योंकि तब हम अमेरिका से गेहूं आयात करते थे।

मगर पिछले 50 सालों में तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है और कृषि क्षेत्र में हमने क्रान्ति करके न केवल 140 करोड़ लोगों के भोजन का प्रबन्ध किया है बल्कि अनाज निर्यात करने की स्थिति मे पहुंच गये हैं। इसलिए पिछले 50 वर्षों में कृषि के मोर्चे पर भारत ने जबरदस्त तरक्की की है। यह सतत विकास का ही परिणाम कहा जायेगा। यह हमारे पूर्व के राजनीतिज्ञों की दूरदृष्टि ही थी कि हम आज कृषि के मोर्चे पर पूरी तरह आत्मनिर्भर हैं। मगर इसके समानान्तर आज का भारत युवा भारत कहलाता है। इसकी युवा शक्ति के ज्ञान का लोहा पूरा विश्व भी स्वीकार कर रहा है। हम कम्प्यूटर के साफ्ट वेयर क्षेत्र को लें तो भारतीय युवा पीढ़ी पूरे विश्व पर छायी हुई है। टैक्नोलोजी के इस युग में भारतीय युवा पीढ़ी किसी भी आधुनिक देश से पीछे नहीं है बल्कि विश्व की साफ्टवेयर कम्पनियों को यह संभाल रही है। अतः 25 साल आगे की सोच कर आज ही फैसला करना बुद्धिमत्ता पूर्ण कार्य कहा जायेगा लेकिन इसके साथ हमें यह जरूर सोचना होगा कि बढ़ती आबादी के भरण-पोषण के लिए हमें आज ही कारगर कदम उठाने होंगे।

1950 में भारत की प्रजनन दर यदि छह से ऊपर थी तो आज यह 2.1 है। इसके बावजूद भारत में बेरोजगारी की दर बहुत ऊंची है। रोजगार उपलब्ध कराने में हम असमर्थ हो रहे हैं। इस तथ्य को हम 25 साल बाद के वातावरण की कल्पना करके देखें तो भविष्य में भारत की तस्वीर धुंधली नजर आती है क्योंकि आबादी बढ़ने की दर यदि 2.1 ही रहती है तो 2050 तक भारत में बूढ़े व्यक्तियों की संख्या और युवाओं की संख्या में ज्यादा अन्तर नहीं रहेगा। अतः राष्ट्रीय स्तर पर हमें श्री नायडू के विचार को परख कर ही कोई फैसला लेना होगा। दक्षिण में जिस तरह आबादी घटी है उत्तर के राज्यों की वह स्थिति नहीं है। बल्कि उत्तर भारत के राज्यों में जनसंख्या नियन्त्रण अभियान जारी रखने की जरूरत है। क्योंकि आंध्र प्रदेश की जो समस्या है वह उत्तरी राज्यों के विपरीत है। हम बिहार व उत्तर प्रदेश अथवा मध्य प्रदेश की तुलना तमिलनाडु से कैसे कर सकते हैं क्योंकि यह भी हकीकत है कि बिहार व पूर्वी उत्तर प्रदेश और प. बंगाल के लोग रोजी-रोटी की तलाश में दक्षिण तक के राज्यों में जाते हैं। हमें राष्ट्रीय स्तर पर सामंजस्य बनाकर ही आगे बढ़ना पड़ेगा।

सभी जानते हैं कि शिक्षा के मामले में दक्षिणी राज्य उतरी राज्यों से आगे हैं। आबादी नियंत्रण का सीधा सम्बन्ध शिक्षा से ही जाकर जुड़ता है। इसलिए केरल की तुलना बिहार से कैसे की जा सकती है। केरल राज्य में साक्षरता शत-प्रतिशत के आसपास है। हम जरा इस हकीकत पर भी गौर करें कि भारत के मुस्लिम परिवारों में भी अब प्रजनन दर हिन्दू परिवारों की प्रजनन दर के पास पहुंच रही है। यह सब शिक्षा के प्रसार का ही नतीजा है।

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,
मो0: 7499472288

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संपादकीय

## प्रयोग धर्मिता से नवीनता ही सफलता का राजमार्ग




**(संकल्पित श्रम और नवीनता से जीवन सार्थक बनाइए)**

परिवर्तन का क्रिया चक्र खुद इस बात का द्योतक है कि परिवर्तन की खोज ही नवीनता है। परिवर्तन का सीधा-सीधा तात्पर्य जड़ता का नाश और विकास की अनंत गाथा का प्रादुर्भाव होना और स्थिरता का अंत ही है। गतिमान परिवर्तन की शुभारंभ स्थिर और जंगम का स्थाई समापन होता है। आज की परिस्थितियों ने जड़ता और स्थिरता को बड़ी चोट दी है। मशीनों का शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का बहुत बड़ा अवदान दिया है, इस परिवर्तन ने मानवीय समाज को को नया अवसर प्रदान किया है। इस परिवर्तन ने काम को सरल बनाया और व्यवस्था को पारदर्शिता के साथ समाज के सम्मुख रखा है। एक युगीन क्रांतिकारी कदम उठाया गया था। इतिहास में सबसे बड़ा तथा पहला परिवर्तन 1215 से मैग्नाकार्टा यानी कि नागरिक अधिकार पत्र की प्राप्ति हुई थी। यह वही समय था कि जब सदियों की जड़ता का प्रतिकार करते हुए मानव मस्तिष्क में नव विकास तथा नव प्रवर्तन का बीज बोया था। परिवर्तन की उस घड़ी में एक बड़े अवसर ने दस्तक दी थी। उसी अवसर का सदुपयोग करते हुए मानव को अधिकार प्रदान किया गया था, अब वह साधन नहीं साध्य बन गया है। अवसर में किए गए प्रयत्नों का परिणाम है कि आज हर सभ्य समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र की पारदर्शिता एवं उपलब्धता के कारण दिया जाता है। विश्व में बढ़ती जनसंख्या के कारण उत्पादन की न तो मात्रा संपूर्ण उपाय थी और ना ही गति के साथ साधन ही उपलब्ध हो पा रहे थे, ऐसे समय में युग में परिवर्तन की करवट ली और माननीय बौद्धिक क्षमता ने मशीनीकरण को जन्म दिया। मशीनीकरण के फल स्वरुप कार्य करने की गति, क्षमता और स्वरूप को बदला गया, मनुष्य ने अवसर के साथ परिवर्तन के चलते नए-नए कल पुर्जों का इजाद किया और प्रयत्नों का अंबार लगा कर संपूर्ण विश्व में औद्योगिक क्रांति का शंखनाद किया। और यही परिवर्तन आज विकास की धुरी है। इस बात से यह स्पष्ट होता है कि परिवर्तन नए-नए विकास तथा अविष्कार को जन्म देता है, और वह समाज के लिए सदैव बहु उपयोगी होते हैं। समाज में या देश में जब जब जनता ने गति रोकने का प्रयास किया तब तब माननीय साहस तथा मस्तिष्क ने उसे अपने प्रयासों से पराजित कर नई युक्ति को जन्म दिया। परिवर्तन वस्तुतः ना केवल जीवन की आवश्यक विशेषता और अपरिहार्य सच है बल्कि वह विकास के प्रत्येक स्वप्न का प्रथम चरण भी है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस 'आय हैव ए ड्रीम' की कल्पना की थी वह परिवर्तन में छिपे अवसर को पाने का ही एक सपना था। महात्मा गांधी जी ने जिस 'स्वराज'की कल्पना की,वह भी अवसर की तलाश की तरफ अग्रसर एक महत्वपूर्ण प्रयास ही था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने 'यस वी कैन'में भी उसी परिवर्तन को साकार करने की लालसा थी। कुल मिलाकर बात यह है कि जब जब मनुष्य पुराने विचारों जड़ता स्थिरता का प्रतिकार करता है है तब-तब परिवर्तन ने समाज में नवप्रवर्तन आया है। प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ अनेक अवसर लेकर आया और अवसर को जिसने प्राप्त कर अपने अनुकूल ढालने की सामर्थ्यता दिखाई वह विश्व विजेता कहलाया। मनुष्य का जीवन ही विजय गाथा का एक संवेदनशील गीत और गान है। परिवर्तन के साथ-साथ आए अवसर को पहचान कर जो समाज राष्ट्र आगे बढ़ा है वह निश्चित तौर पर एक प्रबुद्ध शक्तिशाली और महान राष्ट्र बन पाया है।

## संजीवनी

प्यार तो प्यार है कोई सौदा नहीं संजीव।

प्यार का हर लम्हा तन्हा नहीं होता
इश्क़ में हर शख्स बेवफा नहीं होता।

इश्क में मजबूरियां हैं जमाने में
प्यार हमेशा गमजदा नहीं होता।

प्यार में इतना सौदा क्यों करते हैं लोग
प्यार कभी इजहारे बाजार नहीं होता।

खुदा की इबादत मोहब्बत है जान लो
इश्क का कभी कोई मजहब नहीं होता।

प्यार की पाक़ीज़गी पर शक क्यों भला
प्यार तो प्यार है कोई सौदा नहीं होता।

सच्चा प्यार मासूमियत का एक पहलू
वर्ना प्यार से खुदा का वास्ता नही होता।

दिल से करके देखो सच्ची मोहब्बत
वरना खुदा यूं खुदा नहीं होता संजीव।

**संजीव ठाकुर**

# नेमनूक पर पलने वाले खबरची अकेले नहीं




मीडिया की दुनिया की अच्छी-बुरी खबरें जारी करने वाले भड़ास मीडिया के जरिये कुछ लोगों ने मप्र के उन पत्रकारों को लांछित करने की कोशिश की है, जो परिवहन विभाग की और से बांटे जाने वाले नेमनूक से अपना जेबखर्च चलाते हैं। नेमनूक का मतलब धर्मस्व विभाग में पुजारियों को दी जाने वाली राशि होता है। ये नाममात्र की होती है, लेकिन रियासतों के जमाने से लेकर अबतक बांटी जा रही है। सब जानते हैं कि आबकारी, सिंचाई, लोनिवि और परिवहन जैसे विभागों में पत्रकारों के साथ ही नौकरशाहों, जन- प्रतिनिधियों को नेमनूक वितरित किये जाने की परम्परा है। ऊपरी कमाई करने वाले विभागों में नेमनूक बाँटने के काम को लेकर कोई दूसरा काम ईमानदारी से नहीं होता। नेमनूक राजनितिक दलों, दलों के जिले से लेकर प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों, भाप्रसे, भापुसे और राप्रसे के अफसरों के साथ ही सिपाही स्तर तक समान रूप से वितरित किया जाता है। मुझे इसका पता इसलिए है क्योंकि आज से कोई तीस साल पहले मेरे एक परिचित पुलिस इंस्पेक्टर परिवहन महकमे में प्रतिनियुक्ति पर गए थे और उन्होंने मुझे उस समय 300 रूपये का नेमनूक दिया था। उस समय मेरा वेतन कोई 6 हजार रूपये हुआ करता था।

पहले नेमनूक हमारे जैसे आर्थिक रूप से कमजोर पत्रकारों पर अनुकम्पा कर दिया जाता था। लेकिन बाद में पत्रकारों के लिए ये नियंत व्यवस्था बन गयी। पत्रकार इतने कम या ज्यादा नेमनूक के बदले भ्र्ष्टाचार की और से अपनी आँखें बंद कर लें ऐसा कभी नहीं हुआ। मुझे तो पहली बार पता चला कि नेमनूक पत्रकार की हैसियत के हिसाब से तय होता था। आजकल ये नेमनूक बंद है क्योंकि अब प्रदेश में नयी सरकार ने परिवहन चौकियां बंद करा दीं हैं। ऐसे में नेमनूक ले चुके पत्रकारों के नामों की फेहरिश्त जारी करने का एकमात्र मतलब पत्रकारों का मान-मर्दन करना है। । मुझे ये स्वीकार करने में कोई गुरेज नहीं है कि पत्रकार नेमनूक लेते है। मैंने भी लिया है लेकिन मेरे जैसे तमाम पत्रकारों को आज भी नेमनूक देने वाले शायद शक्ल से नहीं पहचानते, क्योंकि ये काम करने वाले सभी हाथ अदृश्य होते हैं। अंगूठा छाप होते हैं ,उनका लिखने - पढ़ने से कोई वास्ता नहीं होता। वे केवल एजेंट होते है। परिवहन महकमे के, केंद्रीय और राज्य के मंत्रियों के। ये नेताओं और अधिकारीयों का हिस्सा तो हड़प नहीं पाते किन्तु पत्रकारों के नेमनूक में भांजी जरूर मार देते थे।

पत्रकारों को नेमनूक बाँटने की प्रथा सनातन है। हर सत्ता इसका पालन करती है, हाँ सभी के तरीके अलग-अलग होते हैं। कोई नेमनूक को नजराना कहता है तो कोई सप्रेम भेंट, कोई इसे शुकराना कहता है तो कोई बख्शीस। लेकिन ये किसी का जन्मसिद्ध अधिकार नहीं है। ये सौ फीसदी अनुकम्पा है। ये आपको नगद सम्मान के रुप में भी मिल सकती है। आवासीय भूखंड के रूप में भी। कार के रूप में भी और उपहार के रूप में भी। चिकित्सा सहायता के रूप में भी मिल सकती है और पर्यटन पैकेज के रूप में भी। विज्ञापन के रूप में मिल सकती है या आपकी किताब खरीद कर। ये मुग़लों के समय भी मिलती थी और अंग्रेजों के समय भी। कांग्रेस के समय भी मिलती थी और भाजपा के समय में भी।

मेरा एक पत्रकार के रूप में लंबा तजुर्बा है इसलिए मुझे ये कहने में कोई ऐतराज नहीं है कि आज का समाज संतों का समाज नहीं है। संतों को दी जाने वाली बख्शीस की भी एक फेहरिश्त है। नौकरशाहों की भी है और माननीय नेतागणों की भी। सब मिल-बांटकर 'प्रसादम 'पाते है। कोई दूध का धुला नहीं है। न मै ,न मेरी बिरादरी। न नेताओं का कुनवा और न नौकरशाहों का कुनवा। यदि ऐसा होता तो नौकरशाहों के घर से 300 करोड़ की नगदी न मिलती, यदि ऐसा होता तो किसी नौकरशाह,किसी अख़बार मालिक के घरों पर छापा न पड़ता, यदि ऐसा होता तो अकेले तनख्वाह पाने वाले तमाम खबरची ,नेता और अफसर फार्म हाउसों, खदानों, क्रेशरों के मालिक न होते। घर में दीपावली पर आने वाली आतिशबाजी और मिठाई भी एक तरह का नेमनूक है भाई ! यानि 'हरि अनंत ह्री कथा अनंता 'है। किसी ने खुन्नस निकलने के लिए नेमणूक पाने गरीब पत्रकारों के नाम उजागर कर दिए ,लेकिन उसने अपनी माँ का इतना दूध नहीं पिया था कि वो इसी नेमनूक पाने वाले नेताओं,विधायकों और नौकरशाहों के नामों की सूची भी भड़ास -4 को दे पाता।

जिन महानुभावों का नाम इस फेहरिश्त में नहीं है वे ,आप मान लीजिये कि सूचीबद्ध पत्रकारों से दस गुना ज्यादा नेमनूक पा रहे हैं। इसलिए दुग्ध स्नान करने का दावा करने वाले सभी 'बगुला - भगत ' हैं। इस सूची में मेरा नाम भी शुमार है लेकिन ढंग से नहीं है। मुझे अफ़सोस है कि मेरा मूल्यांकन न आजतक किसी सरकार ने सही किया और न नेमनूक बाँटने वालों ने, लेकिन मैं न ग्लानि से भरा हूँ और न मैंने अपना 'सत्ता प्रतिष्ठान विरोधी 'अपना चेहरा बदला ह। मै 2016 से पत्रकारिता की दुनिया को अलविदा कह चूका हूँ। एक स्वतनत्र लेखक हूँ। अपने पाठकों से एक रुपया माँगता हूँ और हजारों रूपये पा रहा हूँ। मेरा डंका कल भी बज रहा था,आज भी बज रहा है और बाखुदा कल भी बजेगा।

**राकेश अचल**

## संक्षिप्त ख़बरें

### पटाखा विक्रय के लाइसेंस कि अनुमति हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट नामित




**देवरिया ।** जिला मजिस्ट्रेट ने आतिशबाजी फुटकर विक्रय के लिए अनुमति देने हेतु संबंधित तहसील क्षेत्र के उप जिला मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया है। इसके लिए जो व्यक्ति आवेदन पत्र प्रस्तुत करें, उसकी जांच अग्निशमन अधिकारी एवं स्थानीय पुलिस थाने से कराया जाना होगा। बिना अनुमति पत्र के कोई भी व्यक्ति आतिशबाजी के बने बनाये पटाखों आदि का विक्रय न करने पाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि दीपावली के दौरान आतिशबाजी के बने बनाए छोटे पटाखों की बिक्री के लिए अस्थाई एवं अंशकालिक अनुमति दी जाएगी। इस अनुमति के अंतर्गत स्थाई व अस्थाई शेड में पटाखों की दुकानों के लिए अनुज्ञप्ति जारी की जाएगी। आतिशबाजी के बने बनाये छोटे पटाखों की बिक्री हेतु अस्थाई एवं अंशकालिक अनुमति 29 से 31 अक्टूबर तक के लिए पूर्व की भांति निर्गत किये जाने हेतु संबंधित तहसील क्षेत्र के उप जिला मजिस्ट्रेट को अधिकृत किया गया है। पटाखों की बिक्री एवं सुरक्षा के सभी आवश्यक नियमों का कड़ाई से पालन आवश्यक है। दुकान संचालक एवं ग्राहक दोनों को सुरक्षा उपायों का पालन करना अनिवार्य होगा। आतिशबाजी की समस्त दुकानें उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, इलाहाबाद द्वारा प्रसारित नियम के अनुरूप सुरक्षा की दृष्टिकोण से अपने क्षेत्र में आबादी से दूर खुले प्रांगण में ही खोली जाय एवं दुकाने एक दूसरे के सामने न हो तथा उनके बीच की दूरी कम से कम 3 मीटर हो। अग्निशमन अधिकारी वहां पर सुरक्षा के सभी इंतजाम सुचारू रूप से करेंगे।

### खजनी क्षेत्र सतुआभार सघन सहकारी समिति पर विवादों के बीच पुलिस बल मौजूदगी में हुआ डीएपी का वितरण



**खजनी ।** साधन सहकारी समिति लिमिटेड सतुआभार में 200बोरी डी ए पी उर्वरक उतरा समिति के सदस्य तथा अन्य लोगों की काफी भीड़ के कारण उर्वरक के बितरण को लेकर काफी हंगामा हुआ स्थानीय जनता की बहुत ही दबदबा है जिसके कारण प्रशासन की मदद लेना पड़ा सचिव विद्यासागर से फोन पर बात करके पता चला कि प्रशासन के मदद से किसानों को आवश्यकता के अनुसार उर्वरक दिया गया तथा अगला रैक बहुत ही जल्द मंगाई जाएगा और किसानों के जरूरत को देखते हुए पुरा करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है पूर्व रिटायर सचिव श्री रमेश मिश्रा के देख रेख में किसानों को सन्तुष्ट कर कहा गया कि अभी कम उर्वरक है जिससे आप सब की जरूरत को देखते हुए लगभग मेरा प्रयास है की अगली रैक बहुत ही जल्द मंगाया जाएगा जिससे छुटे हुए किसानों की जरूरत को पूरा किया जा सके।

### इंडिया मार्का हैंडपंप वर्षो से खराब, शुद्ध पेयजल का संकट



**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गनेशपुर (ब) टोला सगरहवा आंगनबाड़ी केंद्र के पास स्थित इंडिया मार्का हैंडपंप वर्षो से प्रदूषित पानी उगल रहा है जो बीमारी का कारण बना हुआ है। हैंडपंप वर्षो से खराब है लेकिन जिम्मेदार इस ओर कतई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे ग्रामीणों में शुद्ध पेयजल की संकट मंडराने लगी है। ग्रामीण आस-पास के घरों से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इंडिया मार्का हैंडपंप बोर होने के कुछ ही दिन बाद खराब हो गया जिसके बाद से आज तक खराब ही पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि रिबोर को लेकर कई बार जिम्मेदारों को अवगत कराया गया लेकिन वर्षो बाद भी हैंडपंप का मरम्मत कार्य नहीं करवाया गया। इस संबंध में एडीओ पंचायत योगेश मद्धेशिया ने कहा कि संबंधित सचिव से वार्ता कर अतिशीघ्र हैंडपंप को सही करवा दिया जाएगा।

## सदर सांसद ने बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

- 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में बच्चों के साथ दौड़कर किया उत्साहवर्धन

खेल गतिविधियों को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता - राज्य मंत्री

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बेसिक और कस्तूरबा गांधी विद्यालयी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ स्व. रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम उपस्थित रहे। सदर सांसद ने कहा कि खेलकूद हमारे जीवन को अनुशासित करता है, और इस अनुशासन से हम राष्ट्र निर्माण में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। खेल का अनुशासन विकसित राष्ट्र निर्माण की संकल्पना को साकार करने में सहायक होता है। उन्होंने 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में बच्चों के साथ दौड़कर उनका उत्साह बढ़ाया। राज्य मंत्री ने कहा कि खेल गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है ताकि हम इसका लाभ अपने दैनिक जीवन में भी उठा सकें। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद में भी नियमित भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

इस जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद के सभी विकास खंडों और 13 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के लगभग 1100 छात्र-छात्राओं ने 12 विभिन्न खेल विधाओं में भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का बुके और स्मृतिचिह्न देकर स्वागत किया। जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी सत्यप्रकाश कुशवाहा, खंड शिक्षा अधिकारी भागलपुर ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों, खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला व्यायाम शिक्षक, शैक्षिक संगठनों के जनपद और ब्लॉक स्तरीय प्रतिनिधियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, वार्डेन, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मंडल और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में चयन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पुण्य तिथि का आयोजन व एक पेड़ माँ के नाम है पुनीत एवम महान कार्य

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाज़ार ।** गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम सिधारी में स्थित आर एम पब्लिक स्कूल परिसर में सोमवार को वरिष्ठ पत्रकार रमाशंकर यादव की माता व विद्यालय की संरक्षिका स्व कैलाशी देवी के प्रथम पुण्य तिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवम बृक्षारोपण कार्यक्रम पर आए गोला तहसील के बरिष्ठ पत्रकार बृजनाथ तिवारी ने कहा कि विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित यह श्रद्धांजलि सभा अत्यंत ही सराहनीय कार्य है।धरा पर जो भी आया है उसे एक दिन जाना है ।लेकिन जाने के बाद उसकी पीढ़ी अगर याद करे तो यह नैतिक कर्तब्य के साथ समाज के लिए एक नाजिर बनता है। सभी प्राणियों की जननी धरा है।हम सभी प्राणी उसके संतान है।सभी कोअपने माता पिता की याद सर्वदा करनी चाहिए। कार्यक्रम के आरम्भ में विद्यालय की संरक्षिका के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद श्री तिवारी द्वारा विद्यालय प्रांगण में दशहरी आम का पौधा लगाया गया।उसके बाद बालभोज का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यरूप मिश्रा हरेंद्र यादव, विशंभर यादव, राजेंद्र यादव, हरेंद्र यादव, धर्मेंद्र यादव,श्रवण यादव, रामसरन यादव, विकेश, रितेश, आर्यन, अनुभव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य घनानंद यादव पत्रकार पदमाकर मिश्रा ,राकेश कुमार यादव, राजन प्रजापति,मुकेश गौड़ शुभम शर्मा आदि लोगो ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

## राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी सभी तक पहुंचाएं नोडल अधिकारी- सीएमओ

- सीएमओ ने सभी एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ और नोडल अधिकारियों को दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत शुक्ला ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने आवंटित कार्यों और राष्ट्रीय कार्यक्रमों से संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी करें तथा राष्ट्रीय कार्यक्रमों के बारे में जनसमुदाय को जानकारी उपलब्ध करवाएं। सीएमओ ने सभी एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, क्षय रोग अधिकारी, जिला कुष्ठ अधिकारी, जिला अन्धता निवारण अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक तथा संबंधित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी अपने आवंटित राष्ट्रीय कार्यक्रमों की नियमित निगरानी करें। इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने अपना आवंटित क्षेत्रों में सप्ताह में दो बार भ्रमण करते हुए राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा करें। प्रगति रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं को जानकारी जनसमुदाय तक पहुंचाने का प्रयास करें। इसके लिए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों को सक्रिय करें। लाभार्थी परक योजनाओं में पारदर्शिता बरती जाएं। इसमें शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों की समीक्षा भी सभी नोडल अधिकारी करते रहें।

## फंदे से लटकता मिला 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा टोला बेलभार गांव से पश्चिम नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग के पास रविवार देर रात करीब नौ बजे फंदे से लटकता हुआ60 वर्षीय अधेड़ का शव मिला है। राहगीरों की सूचना पर पहुंची परसामलिक पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़हरा निवासी 60 वर्षीय परशुराम पासवान रविवार की देर रात परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा टोला बेलभार गांव से पश्चिम नौतनवां ठूठीबारी मुख्य मार्ग के सटे उत्तर सीरसा के पेड़ में रस्सी का फंदा बनाकर लटक गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची परसामलिक पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक परशुराम पासवान के दो बेटे हैं महेंद्र पासवान (42) तथा अनिल पासवान (38) आदि गुजरात के सूरत शहर में रहकर परिवार का जीवकोपार्जन के लिए कमाते हैं। पिता की मौत की सूचना पाकर दोनों पुत्र अपने निवास स्थान आने की तैयारी में जुटे रहे। इस संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## गोरखपुर में फूड बिभाग का लगातार छापा, सॉस व सेंवई कम्पनी में छापा

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर**-फूड विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी से हड़कम्प मचा हुआ है बीते दिनों रविवार को सहजनवा में 6 कुंतल फंगर दही नष्ट कर 35 लीटर हाइड्रोजन पैराकसाईड बरामद कर कार्यवाही किया गया ,उसी कड़ी में आज सोमवार को गोरखपुर कूड़ाघाट क्षेत्र में स्थित सॉस व सेवई बनाने वाली फैक्ट्री में छापा मारा गया , इसी प्रकार लगातार छापेमारी हो रही है। गोरखपुर जनपद में त्योहार के मद्देनजर खाद व रसद विभाग की लगातार छापेमारी की जा रही है, गोरखपुर सिटी क्षेत्र कूड़ाघाट में स्थित सास व सेवई फैक्ट्री मे गंदे तरीके से बनाया जा रहा था सॉस, फैक्ट्री से 6 कुंतल मिलावटी सेवई भी बरामद की गई , उक्त कम्पनी में गंदगी और केमिकल के इस्तेमाल से सॉस व सेवई बनाई जा रही थी । फूड विभाग के अधिकारियों ने बंद कराई , सहायक फूड आयुक्त डॉ.सुधीर कुमार सिंह की अगुवाई में छापेमारी, दीपावली के मद्देनजर फूड विभाग लगातार कर रही है , उन्होंने बताया इसी तरह मिलावट खोरो ओर लगातार कार्यवाई की जाएगी ।

## सीएमओं के निरीक्षण में पांच स्वास्थ्य कर्मी मिले अनुपस्थित, रोका वेतन

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर**- स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का हाल जानने को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में चिकित्सक सहित पांच स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिले हैं। सीएमओ ने सभी का वेतन रोकने का निर्देश दिया है। सीएमओं ने निरीक्षण करते हुए मरीज से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई कराये जाने सहित विभिन्न बिंदुओं को लेकर आवश्यक निर्देश उतरौला अधीक्षक को दिया है। सीएमओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान डॉ अंजुम फातिमा , ओम प्रकाश हलधर एलटी, पवन कुमार श्रीवास्तव बीपीएम , लाल बाबू मौर्य बीएएम, अभिषेक तिवारी एमसीटीएस समेत 05 कर्मी अनुपस्थित पाए गए । सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया है।

## तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में स्कूली बच्चों को बताएं- डॉ. राकेश

- तंबाकू मुक्त युवा समाज बनाने के लिए प्रशिक्षित किए गए शिक्षक

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज।** जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शिक्षकों के लिए अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों को बताया गया कि तंबाकू मुक्त युवा समाज का निर्माण करने में योगदान दें तथा स्कूली बच्चों को तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में बताएं। उक्त बातें अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेशा कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी शिक्षक अपने-अपने स्कूलों के बच्चों को तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों और दुष्प्रभावों के बारे में जाकर बताएं ताकि तंबाकू मुक्त युवा समाज की रचना हो सके। तंबाकू सेवन से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्कूली बच्चों को यह भी बताना होगा कि तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन न करें। सभी तंबाकू उत्पाद हानिकारक हैं। डिप्टी सीएमओ डॉ. वीर विक्रम सिंह कहा कि कोई भी तम्बाकू उत्पाद किसी भी मात्रा में सुरक्षित नहीं है। बीड़ी भी उतनी ही हानिकारक है जितनी सिगरेट। तंबाकू कुछ दवाइयों का असर भी कम कर देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक स्वास्थ्य विभाग की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के साथ मिलकर स्कूली बच्चों को तम्बाकू सेवन न करने के लिए जागरूक करें। तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों और समस्या के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, तथा पुलिस विभाग के साथ साथ स्वयंसेवी संगठनों के संयुक्त प्रयासों से ही तंबाकू सेवन पर नियंत्रण लग सकेगा।जनसमुदाय से अपील की है कि तंबाकू मुक्त समाज बनाएं तथा स्वस्थ जीवन अपनाएं। जिला संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज कुमार जायसवाल ने कहा कि अगर कोई स्कूली बच्चा तंबाकू सेवन से होने वाली समस्याओं से ग्रसित मिलें तो उसे जिला संयुक्त चिकित्सालय महराजगंज भेजें, ताकि उसकी समस्या का समाधान एवं निदान समयानुसार किया जा सके। कार्यशाला को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीरज सिंह तथा कम्प्यूटर आपरेटर कमलेश ने विशेष सहयोग प्रदान किया। एसीएमओ डॉ राकेश कुमार ने कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों को तंबाकू मुक्त युवा समाज के लिए संकल्प दिलाई। इस दौरान डॉ. सुजीत कुमार चौरसिया, सुभाष चन्द्र, राधेश्याम, निशा, नीतू वर्मा, शत्रुघ्न राय आदि मौजूद रहे।

## किसानों का धरना सातवें दिन जारी, सदर सासंद से मिलकर किसानों ने 67% की हो रही कटौती को बन्द करने की रखी मांग

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया।** NH 727A देवरिया बाईपास एवं NH 727B सलेमपुर नवलपुर बाईपास से प्रभावित किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में पड़री चौराहे पर एवं बैतालपुर बरारी मोड़ पर चल रहा धरना सातवां दिन भी जारी रहा। पड़री चौराहे पर चल रहे धरना का अध्यक्षता राजनाथ यादव ने की। भाकियू पूर्वी उ0प्र0 उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने बताया कि देवरिय सांसद शशांक मणि त्रिपाठी से किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर 11 सूत्रीय पत्रक दिया एवं उनसे मांग किया कि किसानों की जो मुख्य समस्याएं हैं उसको भारत सरकार के भूतल सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी से मिलकर किसानों की मांगों को पूरा कराए जिस पर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने बताया की किसानों के इस गंभीर समस्या को लेकर मैं भी बहुत ही परेशान हूं और मैं भी चाहता हूं कि किसानों को किसी प्रकार से कोई दिक्कत ना हो। किसानों के मुआवजे में किसान को इकाई न मानकर केवल गाटा को इकाई माना जा रहा है इतना ही नहीं किसी भी रकबे में 101 एयर के बाद की जमीनो में सीधे 67% की कटौती कर ली जा रही हैं जिससे सारे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है इस पर सांसद ने कहा कि मैं जिलाधिकारी और शासन में वार्ता करके इसका निस्तारण करने का प्रयास करूंगा । किसान प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जो अवार्ड बनाया गया है अवार्ड ही गलत बनाया गया है जिससे किसानों को बहुत कम मुआवजा मिल रहा है इतना ही नहीं सड़कों के किनारे जिन किसानों की जमीन जा रही हैं उनको बहुत ही नुकसान झेलना पड़ रहा है किसान प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि जो गांव नगर पंचायत में आ गए हैं कई जगह प्रशासन उनको चार गुना मुआवजा दे रहा है और जिस गांव में आज भी ग्राम प्रधान हैं, उन गांवों को अर्ध नगरी में करके किसानों के चार गुना मुआवजा को दोगुना कर दिया गया है जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। सांसद ने आश्वासन दिया कि मैं पुनः दिवाली बाद किसान प्रतिनिधियों से मिलकर इस समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगा। ज्ञापन देने वालों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह,भूमि बचाओ संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य सुग्रीव मिश्रा,कृष्ण कांत त्रिपाठी,अजय मणि त्रिपाठी,नूर आलम खान, लल्लन यादव संजय सिंह लाल प्रताप सिंह,सन्नी सिंह,अतुल सिंह चरण दास झुनझुन वाला,केसरी नन्दन गुप्ता, मधुसूदन यादव इत्यादि किसान उपस्थित रहे। सांसद जी को पत्रक देकर किसानों ने पड़री चौराहे पर धरने में शामिल हुए।भाकियू पूर्वी उ0प्र0 उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार,पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह, भाकियू जिला संयोजक सदानंद यादव भाकियू वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव राय, भूमि बचाओ संघर्ष समिति के राजनाथ यादव, संजय सिंह,सुधीर चौहान, मधुसूदन यादव, लल्लन यादव, सुधीर चौहान, हरेंद्र सिंह, इस्राफील अंसारी, संजय सिंह, सुरेश मिश्र, गोबिंद सिंह, शिवाजी चौहान इत्यादि सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

**बैतालपुर बरारी मोड़ पर किसानों का धरना आज सातवां दिन भी जारी**

बैतालपुर बरारी मोड़ पर चल रहे धरना की अध्यक्षता अजय मणि त्रिपाठी ने की । धरने को संबोधित करते हुए अजय मणि त्रिपाठी ने कहा की बहुत ही उम्मीद के साथ किसानों ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई थी मगर आज सरकार ही किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है मगर किसानों ने भी यह प्रण कर लिया है कि जब तक सांसे चलेगी तब तक हम अपनी जमीनों की रक्षा करते रहेंगे और भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत हमें जो मुआवजा मिलना चाहिए वह मुआवजा लेकर रहेंगे। धरने को विनोद मणि त्रिपाठी,कपिल मुनि त्रिपाठी, धनेश मणि त्रिपाठी,दरोगा यादव,कृष्ण इत्यादि दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## डीएम बलरामपुर ने मां पाटेश्वरी सिटी विला टेंगनहिया मानकोट का किया निरीक्षण

- शहरी आवास कॉलोनी के तर्ज पर हो रहा निर्माण साफ सफाई और मानक के अनुरूप निर्माण कार्य के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर**- बलरामपुर में रविवार को डीएम बलरामपुर ने टेंगनहिया मानकोट में बन रहे मां पाटेश्वरी सिटी विला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माणाधीन कार्य को देखा साथ ही निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही ना हो इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी ने मानक अनुरूप निर्माण कार्य और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को संबंधित अधिकारियों से कहा है।जनपद में बन रहे मां पाटेश्वरी सिटी विला से तमाम लोगों को लाभ मिलेगा जिसका निर्माण जल्द ही पूर्ण हो जाएगा।

बलरामपुर के टेंगनहिया मानकोट में डीएम पवन अग्रवाल ने शहरी आवास कॉलोनी की तर्ज पर निर्मित कॉलोनी मां पाटेश्वरी सिटी विला का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान डीएम ने कॉलोनी बन रहे में मनरेगा पार्क , सामुदायिक शेड , हाई मास्क लाइट आदि की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कॉलोनी में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था को लेकर बीडीओ को दिया। साथ ही कॉलोनी में खाली भूमि पर राप्ती नदी के कटान से विस्थापित परिवारों को पट्टा देते हुए मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने इस दौरान कहा कि जो भी लोग राप्ती नदी के कटान से प्रभावित हैं जो भी सरकारी जमीन पट्टा योग्य हैं जो लाभ पाने लायक है उन्हें चिन्हित कर जल्द से जल्द दिए जाएं इसके साथ ही इनको मुख्यमंत्री आवास योजना से भी लाभान्वित किया जाए। द्साथ ही डीएम द्वारा राप्ती नदी के तट पर स्थित ग्राम कल्याणपुर का निरीक्षण किया गया एवं ग्रामीणों से वार्ता की तथा उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि जनपद में 01 नवंबर से धान खरीद प्रारंभ होगी । ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर क्रय केंद्र पर धान का बिक्री आप लोग कर सकते हैं। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार,एसडीएम सदर संजीव कुमार यादव व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## मिट्टी के दीये से शक्तिपीठ देवीपाटन में आयोजित होगा दीपोत्सव कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात




**बलरामपुर।** 51 शक्तिपीठों में प्रसिद्ध देवीपाटन मंदिर में 11हजार मिट्टी के दीये जलाए जाएंगे। शक्तिपीठ पर 31 अक्टूबर को बृहद रूप से दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। जिसको लेकर पूरी तैयारी की जा चुकी है। मिट्टी के दीए लोगों को खरीदने को लेकर प्रेरित करने के लिए शक्तिपीठ देवीपाटन के द्वारा बीते कई दशकों से यहां मिट्टी के दीए जलाया जाता है। दीपोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग दीपावली के दिन देवीपाटन मंदिर पहुंच मिट्टी के दीया जलाते है। दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु यहां देवी पाटन मंदिर पहुंचते हैं। पीठाधीश्वर के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों बच्चों में इस दिन मिठाइयां व पटाखों का भी वितरण कराया जाता है। देवीपाटन पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी ने बताया कि मंदिर के द्वारा 11हजार मिट्टी के दीये जलाने की तैयारी की गई है। इसके अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच मिट्टी के दिए पूरे परिसर में जलाते है। कहा कि मिट्टी के दिए खरीदने को लेकर लोगों को शक्तिपीठ लगातार प्रेरित कर रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### इंग्लिश मीडियम मॉडल प्राइमरी स्कूल बर्डपुर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**प्रधानाध्यापक के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्ति की**



**सिद्धार्थनगर।** डीएम डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सोमवार को बर्डपुर विकास खण्ड के इंग्लिश मीडियम मॉडल प्राइमरी स्कूल, बर्डपुर प्रथम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 208 बच्चों का नामांकन है जिसमें 138 बच्चे उपस्थित थे। बहुत से बच्चे ड्रेस नही पहने थे। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक आशीष कुमार पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी द्वारा पीटीएम रजिस्टर, निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, साप्ताहिक आकलन ट्रैकर, मिड्डे मील रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया। विद्यालय में मिडडे मील को जिलाधिकारी द्वारा चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी अरूण कुमार व विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रपति से धन्वंतरि सम्मान प्राप्त कर बढ़ाया शहर का का मान



**अलीगढ।** डॉक्टर अंबेश सिंह (हेड एवं नैक कर्क रोग सर्जन) हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से सन 2020 बैच के एमसीएच डॉक्टर अंबेश सिंह, इंजीनियर तेजवीर सिंह व गायत्री देवी के पुत्र हैं।जो कि शहर के सेंटर पॉइंट के निवासी हैं। आपने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से एमसीएच में सभी ब्रांच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन व शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए धन्वंतरि सम्मान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर सभी परिजनों व इष्ट मित्रों में हर्ष की लहर है व बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस तरह से आज कर्क रोग फैल रहा है उसे देखते हुए वह भी समाज की सेवा करना चाहते थे। इसीलिए उन्होंने यह डिग्री पूर्ण की थी। इस अवसर पर उनको बधाई देते हुए विश्व हिन्दू परिषद , प्रांत प्रचार विभाग के प्रतीक रघुवंशी ने बताया कि डॉक्टर अंबेश बचपन से ही बहुत मेहनती एवं लगनशील रहे हैं। आप बालपन से ही प्राणीमात्र को कष्ट में देख कर द्रवित होते थे। आज उन्होंने यह सम्मान प्राप्त कर पूरे शहर का गौरव बढाया है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, भाइयों, इष्टमित्रों सहित अपनी धर्मपत्नी को दिया।

### बंदी की मृत्यु के प्रकरण में एसीएम जांच अधिकारी नामित



**अलीगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट विशाख जी0 द्वारा विचाराधीन बंदी अनिल कुमार सचदेवा की मृत्यु के प्रकरण में अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय संजय मिश्रा का जांच अधिकारी नामित किया गया है।अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर अमित कुमार ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ जेल अधीक्षक अलीगढ़ के पत्र के क्रम विचाराधीन बन्दी अनिल कुमार सचदेवा पुत्र बिहारी लाल सचदेवा आयु लगभग 52 वर्ष निवासी मकान नं0 106 मौहल्ला खन्नु थाना किला, जनपद बरेली, जिला कारागार में 12 अगस्त 2024 को मु0अ0सं00 374,/90 धारा 328, 379, 411 आईपीसी थाना जीआरपी जनपद अलीगढ़ के केस में निरूद्ध थे, जिनकी 03 अक्टूबर 2024 को तबियत खराब होने पर विशेषज्ञ उपचार के लिए जे0एन0 मेडिकल कालेज, अलीगढ़ में भर्ती कराया गया एवं 09 अक्टूबर 2024 की रात्रि में एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा रेफर किया गया था, जिसके अनुक्रम में 10 अक्टूबर को शासकीय एम्बुलेंस से एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा भेजा गया जहां उन्हें उपचारार्थ भर्ती कर लिया गया। बन्दी अनिल कुमार सचदेवा की एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा में उपचार के दौरान 18. अक्टूबर 2024 की रात्रि समय लगभग 09:00 बजे मृत्यु हो गयी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक अलीगढ़ के अनुरोध पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा एसीएम द्वितीय को मजिस्ट्रियल जांच के लिए नामित कर दिया गया है।

# बिना मानक के संचालित हो रहे नर्सिंग होम

**● - स्वास्थ्य विभाग जानबूझकर अनजान बन बैठा है**

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** जिले के अलग-अलग जगह पर बगैर मानक पूरा किये नर्सिंग होम संचालित किये जा रहे हैं। जनपद विभिन्न क्षेत्रों में संचालित इन नर्सिंग होम में डॉक्टरों द्वारा गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों का धड़ल्ले से ऑपरेशन कर दिया जा रहा है, बाद में मरीज की हालत बिगड़ने पर उन्हें शहर के बड़े अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है।

जिले के सदर ब्लाक क्षेत्र के युसुफपुर ,मोहाना ,ककरहवा सहित अन्य जगहों पर बिना मानकों के पालन के निजी अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है। इन अस्पतालों में सभी गंभीर बीमारियों के इलाज के साथ ही जांच की भी सुविधा अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, पैथोलॉजी जैसी जांच बिना विशेषज्ञों के द्वारा की जा रही है। जिससे मरीजों की सही रिपोर्ट नहीं मिल पाती है।

इन नर्सिंग होम में न तो आवश्यक उपकरण जैसे ऑक्सीजन सिलेंडर व जीवन रक्षक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। अप्रशिक्षित डॉक्टर व स्टाफ की लापरवाही से पूर्व में




कई मरीजों की जान भी जा चुकी है। ऐसा नहीं है कि नाक के नीचे फल फूल रहे इस कारोबार की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को नहीं है। बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग जानबूझकर अनजान बन बैठा है।

# दीपयज्ञ का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** विश्व शांति की कामना करते हुए नगर पंचायत कपिलवस्तु के बर्डपुर कस्बा स्थित काली मंदिर में अखिल विश्व गायत्री परिवार के सहयोग से विशाल दीपयज्ञ का आयोजन रविवार को देर शाम किया गया। गायत्री परिवार के हरिश्चंद्र अग्रहरी, राजकुमार जायसवाल रेनू, दिलीप ने वैदिक मंत्रोच्चार, कर्मकाड व संगीत के साथ मां गायत्री का पूजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं ने सैकड़ों की संख्या में दीप जलाकर दीपयज्ञ किया। इससे पूरा काली मंदिर परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। बर्डपुर में जहा एक ओर गायत्री मंत्र,वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज रहे थे। वहीं काली मंदिर परिसर में सैकड़ों श्रद्धालु दीप यज्ञ में दिए जलाकर मां गायत्री की कृपा की कामना कर रहे थे। सैकड़ों दीपों की रोशनी में एक अलग प्रकाश की दिव्य शोभा झलक रही थी। गायत्री शक्तिपीठ के कथावाचक महादेव ने कहा कि मनुष्य का देवत्व का उदय धरती पर स्वर्ग का अवतरण के लिए दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। मनुष्य शरीर से निरंतर निकलती रहने वाली गंदगी के कारण जो वायु मंडल दूषित होता रहता है। उसकी शुद्धि यज्ञ की सुगंध से होती है। हम मनुष्य शरीर धारण करके जितना दुर्गन्ध पैदा करते है। उतना ही सुगंध भी पैदा करे तो सार्वजनिक वायुतत्व को दूषित करने के अपराध से छुटकारा प्राप्त करते है। गायत्री परिवार द्वारा हो रहे विभिन्न रचनात्मक कार्यो पर प्रकाश डाला। इस दौरान नितेश पांडेय, विजय जायसवाल, राजू, आत्मा प्रसाद, जयप्रकाश सिन्हा, तेजू आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सनातन शंखनाद समन्वय समिति ने उठाया ब्राह्मणों का मुद्दा, सरकार न करें ब्राह्मणों के साथ राजनीति और अन्य धर्म के लोगों की ही भांति मंदिर के पुजारियों और कर्मकांडी ब्राह्मणों को भी दे वेतन

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली।** इस समय देश में राजनीति केवल जाति धर्म और एक दूसरे की बुराई करने की ही देखी जा रही है, न आज किसी को विकास से कुछ लेना देना है न ही क्षेत्र मोहल्ले की समस्या को दूर करने की नियत इसी परिपेक्ष में आप देख भी रहे होंगे दिल्ली जैसे राज्य में जहां केंद्र सरकार, राज्य सरकार और नगर निगम की सरकार काम कर रही है लेकिन ये तीनों मात्र खो खो का खेल खेल कर जनता को जाति पाती और धर्म में उलझा कर रख दी है जिसको किसी को बताने की आवश्यकता नहीं ऐसे में ही आज दिल्ली के मोती नगर विधान सभा अंतर्गत जखीरा पुल के नीचे प्राचीन शिव मंदिर में ब्राह्मणों की एक बड़ी बैठक की गई जिसमें अगल बगल विधान सभाओं के बहुत विद्वान व प्रकांड विद्वान शामिल हुए जिसमें कई ब्राह्मण प्रकांड कथावाचक, मंदिरों के पुजारी व अच्छे कर्मकांडी भी मौजूद रहे। स्वस्तिवाचन से सभा की शुरुआत करने के बाद दिल्ली की दोनों सरकारों को घेरते हुए ब्राह्मणों द्वारा सरकार पर सीधा आरोप लगाया गया कि दिन रात जो ब्राह्मण सनातन धर्म को संजोए रखने के लिए दर दर भटकते रहते है लोगों के भले के लिए विश्व के कल्याण के लिए हवन पूजन करते रहते है और जिस सनातन की बात करके आज दिल्ली की दोनों सरकारें सत्ता में बनी हुई है भले कोई हनुमान जी के सहारे हो या कोई प्रभु राम जी के सहारे सत्ता में बैठे हो ये लोग ही ब्राह्मणों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे है। एक तरह जहां ये राजनेता हिंदू मुस्लिम में दिवाल खड़ी करके हिंदू मुस्लिमों को एक दूसरे का दुश्मन बना दिए है वही ये राजनेता सरकार में बैठने के बाद मुस्लिम धर्म के मौलानाओं और मौलवियों को एक मुश्त सैलरी दे रहे है और हिन्दू धर्म के कर्मकांडी ब्राह्मणों और पुजारियों की तरफ कोई देखने वाला भी नहीं। बल्कि वहीं इन राजनीतिक दलों में घटिया मानसिकता नेता जितना ब्राह्मणों को उल्टा सीधा बोल दें गाली दे दे बेइज्जत कर दें वे उनकी दल का उतना ही बड़ा नेता मान लिया जाता है, यह समाज ही नहीं देश के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण है। यह सब बातें सभा में ब्राह्मणों द्वारा बताई गई।

इस सभा की संचालन कर रहे विजय तिवारी ने ब्राह्मणों को एक सूत्र में बांधे रहने की महती भूमिका निभाई। इस सभा की अध्यक्षता कर रहे एस के चौबे ने बताया कि इस समय ब्राह्मण अपने आपको अनाथ समझ रहे है क्योंकि अब देश की राजनीतिक दल सनातन धर्म का मात्र दिखावा कर रही है और वास्तव में सनातन को खत्म करना चाहती है। सरकारें भी और विदेशी शक्तियां जो सनातन के विरुद्ध काम कर रही है वे जानती है कि जब तक ब्राह्मणों के अपने पांडित्य और कर्मकांड से समाज के बीच में भागवत भक्ति का गुणगान करते रहेंगे तब तक भारत से सनातन को खत्म नहीं किया जा सकता ऐसे में ब्राह्मणों को अपमानित करके, वित्तविहीन करके कमजोर कर दो जिसके बाद वे पेट पालने के लिए जब दूसरे कामों के लग जाएंगे तब जाकर चाहे ईसाई धर्म हो या मुस्लिम धर्म भली भांति फल फूल सकेगा जिसका जीता जागता उदाहरण आज देखने को मिल रही है कि देश के विभिन्न राज्यों में अन्य धर्म के पुजारियों/या कर्मकांडियों को सरकारें दोनों हाथों से खुले तनख्वाह के नाम पर पैसे उड़ा रही है और हिंदू धर्म के पोषक ब्राह्मणों/कर्मकांडियों को झुनझुना पकड़ा कर रखी हुई है।



**यह सौतेला व्यवहार अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।**

अब यह संघर्ष सनातन शंखनाद समन्वय समिति जो दिल्ली के तमाम ब्राह्मण संगठन, सनातनी संगठन और हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले संगठनों को एक डोरी में बांधकर सरकार से दो दो हाथ करने को तैयार है साथ ही साथ अब न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया जाएगा और माननीय न्यायालय से समाज को बांटने वाले ऐसे किसी भी योजना को या तो बंद कर दे या सभी धर्म के लोगों को तनख्वाह के रूप में एक समान वेतन देने का आदेश पारित हो ऐसा जनहित याचिका के माध्यम से गुहार भी लगाएगा।

इस सभा का मार्गदर्शक रहे पंडित श्रीनाथ पाण्डेय ने सभी ब्राह्मणों को एकजुट रहकर इस आंदोलन को जनांदोलन में परिवर्तित करने का गर्मजोशी से आगाज किए और एक ब्राह्मण को 10 - 10 ब्राह्मण जोड़ने का निवेदन किए। शास्त्री मुक्ति प्रसाद पाठक, उमा शंकर त्रिपाठी, शास्त्री काली प्रसाद तिवारी, पंडित अवधेश पांडेय, पंडित मुरारी लाल शर्मा, पंडित पवन भारद्वाज, पंडित मिलित कृष्ण दूबे, पंडित सर्वेश मिश्रा, पंडित सुरेश चंद्र शास्त्री सहित कई विभूतियों ने अपने विचारों से सभा में बैठे ब्राह्मणजनों में नई ऊर्जा का सृजन किए।

# सहरसा के वकील दुलारचंद शर्मा को गोली मार कर हत्या

**● - सहरसा में बाइक सवारों ने की हत्या, बेटा बोला-मेरे परिवार को बर्बाद करने की साजिश**

स्वतंत्र प्रभात

**सहरसा** में बदमाशों ने वकील दुलारचंद शर्मा को कोर्ट जाने के दौरान गोली मार दी है। वकील को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के भौडा गांव का पास की है। वकील दुलारचंद्र शर्मा रायपुरा गांव के रहने वाले थे। अपने घर से ट्रेन पकड़ने बख्तियारपुर रेल स्टेशन जा रहे थे। ट्रेन पकड़कर उन्हें सहरसा कोर्ट आना था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

वकील के बेटे प्रिंस कुमार ने बताया कि कई बाइक पर सवार होकर 7 से 8 लोग आए थे। उन्हें एक गोली सिर में, दूसरी कमर पर लगी है। जमीन विवाद और पहले के आपसी रंजिश में अपराधियों ने गोली



मृतक का शव



बिलखते मृतक का परिजन





मृतक का पुत्र प्रिंस कुमार

मारकर हत्या की है। मेरे परिवार को बर्बाद करने की कोशिश है।

प्रिंस ने आगे कहा कि मेरी बहन को भी 6 साल पहले जलाकर मार दिया गया था। उस केस में भी पुलिस अभी तक आरोपी को अरेस्ट नहीं कर सकी है। घटना को लेकर सदर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पुलिस छानबीन कर रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

# पल्लवी सोलंकी ने पालम की पहली महिला जज बनकर पूरे देश में पालम का नाम किया रौशन- चौ0 सुरेन्द्र सोलंकी

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत की सबसे बड़ी खाप पालम-360 कभी लड़के लड़कियों में कोई भेद नहीं करती- चौ0 सुरेंद्र सोलंकी आज पालम गांव शिव मंदिर धर्मशाला में पालम बारह की संयुक्त पंचायत हुई, जिसमें पालम गांव की बेटी पल्लवी सोलंकी सुपुत्री मुकेश सोलंकी का सिविल जज में सलेक्शन होने पर पालम बारह की तरफ से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी ने कहा कि आज पालम गांव और देश के लिए बड़ा ही खुशी का दिन है। आज हमारे गांव समाज की एक बेटी देश की न्यायिक सेवा में चयनित होकर लोगों को न्याय देने का काम करने जा रही है। पूरे परिवार और समाज को बेटी की इस सफलता पर गर्व है।

चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि पालम 360 उत्तर भारत की सबसे बड़ी खाप पंचायत है, हमने हमेशा अपने परिवारों में लड़के और लड़कियों को बराबर माना है और उन्हें शिक्षा, सरकारी सेवा से लेकर खेल के मैदान तक हर जगह आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है। हमने युवाओं को समाज की जड़ों से जोड़ने और जिम्मेदारियों के प्रति सजग करने का काम किया है। आज जिस तरह पालम की बेटी ने न्यायिक सेवा में अपने प्रतिभा के बल पर सलेक्शन लेकर पूरे गांव, समाज और देश का नाम रोशन किया है, वह अन्य युवाओं और बच्चियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हम पालम 360 की ओर से पल्लवी और उनके पूरे परिवार को बधाई और शुभकामनाएं देते हैं।चौधरी सोलंकी ने कहा कि पालम 360 हमेशा गांव देहात, समाज और देश को मजबूत करने और सामुहिक तरक्की के लिए सबको एकजुट करने का काम करती रही है। हमें गर्व है कि हम अपनी सदियों पुरानी गौरवशाली परंपरा को न केवल सहेज कर रखने में कामयाब हैं, बल्कि समय के हिसाब से उसमें परिवर्तन करके विकास की मुख्य धारा से जोड़े रहने का भी काम कर रहे हैं। जबकि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता 90 वर्षीय चौधरी रामपत के द्वारा की गई।इस आयोजन का मुख्य आकर्षण थे राष्ट्रीय युवा चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं



फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम के चेयरमैन रणबीर सिंह सोलंकी जिन्होंने सुश्री पल्लवी को स्वागत के साथ अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि पालम की बेटी न्यायपालिका द्वारा दिल्ली ही नहीं पूरे देश में अपनी प्रतिभा से लोगों को प्रभावित करेगी।आज की इस पंचायत में मौजूद रहने वालों में चौ0 सूरजभान, चौ0 सतबीर, रामचंद्र, दीपक वशिष्ठ, राजपाल नम्बरदार, रमेश, सुखबीर सोलंकी, राम सिंह जुलाह, और कृष्ण यादव सहित फेडरेशन के बिजवासन के अध्यक्ष रवींद्र सोलंकी,विनोद वशिष्ठ, बी एस चौहान,ओमवीर सोलंकी आदि उपस्थित थे।

# नाराज किसानों ने बनाई आंदोलन की रणनीति

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** गोण्डा रोड की मरम्मत नहीं होने पर नाराज किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने आंदोलन की रणनीति बनाई। भारतीय किसान यूनियन सयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक प्रदेश अध्यक्ष सूबे सिंह डांगुर की अध्यक्षता में बड़ा गांव अकबरपुर गोण्डा रोड पर हुई। जिसमें गोण्डा रोड के लगभग 20 गांव के किसान एकत्रित हुए एवं गोंडा रोड पर होने वाली दुर्घटनाओं के लिए जिला प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग प्रशासन को जिम्मेदार माना। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर शैलेंद्र पाल सिंह ने कहा कि पिछले 6 महीने से क्षेत्र के लोग एवं किसान यूनियन के पदाधिकारी अधिकारियों और राजनेताओं के चक्कर लगा रहे हैं ,लेकिन 7 साल से रोड की मरम्मत नहीं हो रही प्रशाशन ने आंखों पर पट्टी बांध रखी है।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के



मंडल प्रवक्ता सत्यवीर सिंह सत्तो ने कहा के रोड पर प्रतिदिन कोई न कोई हादसा होता है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों एवं विधायक एवं सांसदों से ज्ञापन के माध्यम से बार-बार अनुनय विनय की गई है, लेकिन गोंडा रोड भ्रष्टाचार की बलि चढ़ रहा है। जिला अध्यक्ष बंटी जादौन ने कहा कि यदि दीपावली के बाद 8 नवम्बर तक सड़क पर कार्य नहीं हुआ तो 11नवम्बर को अब लड़ाई आर पार की होगी जिसमें यदि नुकसान के लिए प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा।

बैठक में आंदोलन के लिए कार्य वितरित करते हुए तहसील अध्यक्ष कोल देवराज सिंह को आंदोलन के समय टेंट की व्यवस्था की जिम्मेदारी की गई। सत्यवीर सिंह सत्तो को भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई। मोनू शर्मा को ट्रैक्टर द्वारा लोगों को एकत्रित करने की जिम्मेदारी दी गई । सभी लोगों ने तन मन धन से इस बार आंदोलन को सफल बनाने एवं सड़क न बनने तक आंदोलन जारी रखने की सहमति जताई। बैठक में चौधरी हरीराज सिंह ,सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला प्रभारी गवेंद्र सिंह, सदानंद सिंह, खेम सिंह ,गौरव कुमार ,मोहनलाल, नन्हे खान, प्रदीप चौधरी सहित अनेक लोक उपस्थित रहे।

### रोडवेज से बाइक से टकराई युवक की मौत

**अलीगढ़।** थाना मडराक क्षेत्र में रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गंगीरी के गांव तेहरा निवासी 24 वर्षीय मोहित कुमार पुत्र राजवीर सिंह 17 अक्तूबर को मथुरा से बाइक पर घर आ रहा था।

मडराक क्षेत्र में रोडवेज बस ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे अलीगढ़ स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। 28 अक्तूबर को इलाज के दौरान मोहित की मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है। परिजनों ने शाम को शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## मिस्टर फेयरवेल आदित्य व मिस फेयरवेल बनी मोनिका

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय पेरामेडिकल विभाग द्वारा फेयरवेल पार्टी का आयोजन शिप्रा सभागार में किया गया। कार्यक्रम में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को जूनियर्स ने विदाई दी। इस दौरान गीत, संगीत व नृत्य की त्रिवेणी प्रवाहित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। डायरेक्टर आईएनपीएस प्रो. आरके शर्मा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विदाई लेकर जा रहे विद्यार्थियों ने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया। मिस्टर फेयरवेल सत्या व मिस फेयरवेल प्रियांशी रही। प्रतियोगिता में हेमंत, पलक व भूमिका विजयी रही। सभी विजेताओं को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम विभागाध्यक्ष मीनाक्षी बिष्ट के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सलोनी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मकान खाली करने का बुजुर्ग दंपति को दिया भूमाफियाओं ने अल्टीमेटम

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** हर रोज भू माफियाओं के द्वारा जमीनों पर कब्जे किए जा रहे हैं जिसकी शिकायत अब हर रोज अलीगढ़ में बाढ़ की तरह बढ़ती नजर आ रही है। भू माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई न होने के चलते माफियाओं के मनोबल हर रोज बढ़ते नजर आरहे है। यही कारण है हर रोज भू माफियाओ के द्वारा सांठगांठ करके एक ही जमीन के कई कई बार बैनामे में करवा लिए जाते हैं । रसूख के बल पर थानों में सेटिंग गेटिंग करके नेताजी के साथ नारेबाजी करने के बाद खुद को नेताजी और माननीय का खास आदमी बता कर पुलिस और प्रशासन पर रोब जमा कर लगातार गरीब और असहाय लोगों की जमीन छीनने का काम दबंग के द्वारा किया जा रहा है । यही कारण है दबंग के मनोबल आसमान पर नजर आ रहे है, और जिसके चलते भू माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे टास्कफोर्स अभियान भी अब पलीता लगते हुए नजर आ रहे हैं।जंहा एक ओर उत्तर प्रदेश में भूमाफिया टास्कफोर्स का गठन किया गया था, लेकिन इसका खौफ भू माफिया में नहीं दिख रहा जिसके चलते वह माफिया के द्वारा हर रोज अलग-अलग जमीनों पर कब्जा किये जा रहे हैं।

ताजा मामला थाना गांधी पार्क इलाके के कुँवर नगर कॉलौनी में दबंग के द्वारा 25 वर्ष पुरानी जमीन पर कब्जा जमाने के लिए फर्जी कागज तैयार कर लिए दबंगो के द्वारा मकान बनी हुई जमीन को खाली प्लॉट बताया गया है। जबकि वहां मौजूदा स्थिति में एक मकान बना हुआ है। जहां बुजुर्ग दंपति अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं, लेकिन दबंगो के द्वारा उस मकान को जबरन खाली कराने की जिद की दी जा रही है। जिसको लेकर पीड़ित परिवार के द्वारा एसएसपी के यहां मदद की गुहार लगाई है। साथ ही जिलाधिकारी को भी एक प्रार्थना पत्र लिखित में देते हुए भूमाफियाओं के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की मांग की है। जिससे भू माफियाओं का अंत हो सके पूरे मामले पर विमलेश देवी के द्वारा जानकारी देती हो बताया गया उनके द्वारा 1999 में एक प्लॉट खरीदा था जिस पर उनके द्वारा मकान का निर्माण कराते हुए कमरा भी बनवाया था। अचानक उनके द्वारा आसपास की दीवार लगवाई रही थी लेकिन कुछ दबंगों के द्वारा अपना प्लॉट बताते हुए उनकी दीवार नहीं लगवाने दी। जिसको लेकर उनके द्वारा इसकी शिकायत पुलिस को दी। तो मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों के कागज मांगे तो भूमाफिया किस्म के युवक मौके से फरार हो गए। पीड़ित के द्वारा अपने कागज दिखाएं लेकिन दबंग किस्म के युवकों के द्वारा कागज नहीं दिखाएं और वह उड़न छू हो गए जिसको लेकर पीड़ित के द्वारा एसएसपी को



पत्र देते हुए वहल जिलाधिकारी के यहां भूमाफिया के खिलाफ। गैंगस्टर की कार्रवाई की मांग की है अब देखना होगा आरोपियों के खिलाफ किस तरह की कार्रवाई पुलिस प्रशासन के द्वारा अमल में लाई जाएगी। फिलहाल पूरे मामले पर पीड़िता के पुत्र द्वारा बताया गया ये हमारी माता विमलेश देवी इनका मकान सौ वर्ग गज है। वहीं पूरे मामले पर जिलाधिकारी अलीगढ़ विशाख जी के द्वारा प्रार्थना पत्र लेने के बाद पूरे मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की बात की है।

